राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 13 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 44, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

डीएम ने हरगांव ब्लॉक में किया सघन निरीक्षण.....03

असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा महत्वपूर्ण सिंघला नदी के आरसीसी ब्रिज का काम आज तक अधूरा है...12

# फेक वेबसाइट, फर्जी सपोर्ट नंबर और 170 करोड़ की ठगी

**● जानें कैसे हुआ Coinbase Scam, जिसमें ED ने अटैच की 21.71 करोड़ की संपत्ति**

**प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने Coinbase फिशिंग स्कैम मामले में 21.71 करोड़ रुपए की संपत्तियों को जब्त किया है. इनमें दिल्ली में 9 अचल संपत्तियां शामिल हैं. जब्त की गई संपत्तियां चिराग तोमर और उनके परिवार के सदस्यों के साथ ही उनके सहयोगियों की हैं. ED ने अबतक इस मामले में कुल 64.15 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं।**

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 21.71 करोड़ रुपए की संपत्तियों को जब्त किया है. यह कार्रवाई कुख्यात Coinbase फिशिंग स्कैम मामले में की गई है. जब्त की गई संपत्तियां चिराग तोमर, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों राहुल आनंद, आकाश वैश और पियूष प्रशर से जुड़ी बताई जा रही हैं. इनमें दिल्ली में 9 अचल संपत्तियां (immovable properties) शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक श्रष्ठ की जांच एक अखबार की रिपोर्ट के आधार पर शुरू हुई थी, जिसमें बताया गया था कि भारत के नागरिक चिराग तोमर को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है. चिराग पर आरोप है कि उन्होंने नकली वेबसाइट बनाकर लोगों से 20 मिलियन डॉलर (लगभग 170 करोड़ रुपए) से ज्यादा की ठगी की।

**नकली वेबसाइट के जरिए ठगी**

जांच में पता चला कि चिराग तोमर और उनके साथियों ने क्रिप्टो एक्सचेंज वेबसाइट Coinbase की एक नकली वेबसाइट बनाई थी, जो असली वेबसाइट की तरह ही दिखती थी. जब कोई यूजर इस वेबसाइट पर लॉगिन करता और गलती से अपनी जानकारी डालता, तो उसे गलत पासवर्ड बताकर धोखा दिया जाता था. इसके बाद यूजर सपोर्ट नंबर पर कॉल करता, जो असल में ठगों के पास पहुंचता था।



**अबतक 4.15 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच**

इसके बाद यूजर्स के अकाउंट्स से उनकी क्रिप्टोकरेंसी चोरी कर ली जाती थी और बाद में उसे पैसे (INR) में बदलकर भारत में मौजूद बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाता था। इस पैसे से चिराग तोमर और उनके साथियों ने कई संपत्तियां खरीदीं. दिसंबर 2023 में चिराग तोमर को अमेरिका के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था. श्रष्ठ ने कहा कि अब तक इस केस में कुल 64.15 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं, और आगे की जांच जारी है।

**ED की नागरिकों को चेतावनी**

ED ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि वो फिशिंग स्कैम और नकली वेबसाइटों से सतर्क रहें. एजेंसी ने बताया कि नकली वेबसाइटें आमतौर पर असली साइटों जैसी दिखती हैं लेकिन उनके नामों में छोटे बदलाव या स्पेलिंग की गलतियां होती हैं।

**ED ने कुछ अहम सावधानियां बताई हैं:**

1. वेबसाइट का पता (RL) ध्यान से देखें – कहीं उसमें अतिरिक्त अक्षर या गलती तो नहीं।
2. असली वेबसाइट हमेशा https:// से शुरू होती हैं।
3. धुंधले लोगो, ग़लत फॉन्ट, या अजीब लेआउट फेक साइट की पहचान हैं।
4. पॉप-अप या फ्री गिफ्ट, हाई रिटर्न जैसी पेशकशों से बचें।
5. कभी भी पासवर्ड, OTP या बैंक डिटेल्स शेयर न करें।

# डिजिटल अरेस्ट केस में CBI का बड़ा एक्शन, बैंक मैनेजर गिरफ्तार, घूस लेकर खुलवाता था फर्जी खाते

**● CBI ने मुंबई में एक निजी बैंक मैनेजर को डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी में इस्तेमाल फर्जी खाते खोलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मैनेजर पर रिश्वत लेकर इन खातों को खोलने में मदद करने का आरोप है. इन खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधियों के लिए किया जाता था।**



सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट कांड में मुंबई के एक प्राइवेट बैंक के मैनेजर को गिरफ्तार किया है. मैनेजर पर रिश्वर लेकर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है. मैनेजर के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और बीएनएस की धारा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच एजेंसी ने बताया कि अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आरोपी रिश्वत लेकर फर्जी खाते खुलवाता था इन खातों का इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी सहित कई साइबर अपराधों के लिए किया गया. इस मामले में दो अन्य साइबर अपराधियों के नाम भी उजागर हुए हैं, जिन्होंने बैंक अधिकारी को रिश्वत दी थी। दोनों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है. सीबीआई ने चेतावनी दी है कि साइबर अपराधों को प्रोत्साहन देने या ऐसे खातों को मंजूरी देने में किसी बैंक अधिकारी की संलिप्तता मिलने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. एजेंसी ने साइबर अपराध नेटवर्क को ध्वस्त करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता फिर से दोहराई है।

**क्या है डिजिटल अरेस्ट?**

डिजिटल अरेस्ट एक प्रकार का साइबर फ्रॉड या ठगी है. हाल के वर्षों में भारत में तेजी से बढ़ रहा है. यह कानूनी रूप से कोई वास्तविक गिरफ्तारी नहीं है, बल्कि साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को डराने-धमकाने का नया तरीका है. इसमें फ्रॉड खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या कस्टम अधिकारी के रूप में पेश आता है. वीडियो-ऑडियो कॉल के जरिए से पीड़ित को ठगता. इसका उद्देश्य पीड़ित को ब्लैकमेल करके पैसे ऐंठना होता है।

**कैसे काम करता है डिजिटल अरेस्ट?**

शुरुआती संपर्कः ठग पीड़ित को फोन या मैसेज करते हैं, जिसमें दावा किया जाता है कि पीड़ित किसी बड़े अपराध (जैसे मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग्स की तस्करी, नकली पासपोर्ट या वॉशिंग मशीन स्कैम) में शामिल है. वे फर्जी दस्तावेज या स्क्रीन शेयरिंग दिखाकर विश्वास जीतते हैं।

डराना और अलग-थलग करनाः पीड़ित को वीडियो कॉल पर घर में ही कैद रहने को कहा जाता है. उन्हें बाहर न जाने, किसी से बात न करने और फोन पर हमेशा उपलब्ध रहने की धमकी दी जाती है।

**पैसे ऐंठनाः** केस सेटलमेंट या जुर्माना चुकाने के बहाने क्ष्छ, बैंक ट्रांसफर या क्रिप्टोकरेंसी से पैसे मंगवाए जाते हैं. कभी-कभी ठग पीड़ित को फर्जी रिफंड का लालच भी देते हैं।

**मामले में दो अन्य आरोपियों की भी हुई पहचान**

CBI ने कहा कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (Prevention of Corruption Act) और भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला दर्ज किया गया है. नितेश राय को मुंबई की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया है ताकि आगे पूछताछ की जा सके।

जांच के दौरान दो अन्य साइबर अपराधियों की भी पहचान हुई है, जिन्होंने नितेश राय को रिश्वत दी थी. इन दोनों को पहले ही सीबीआई ने चल रहे डिजिटल अरेस्ट साइबर क्राइम मामले में गिरफ्तार किया था।

**फर्जी बैंक खातों से ठगी का पैसा किया जाता था ट्रांसफर**

सीबीआई के अनुसार, जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि संगठित साइबर ठग नेटवर्क बैंकिंग सिस्टम का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे फर्जी खातों (mule accounts) के माध्यम से ठगी से अर्जित धन को अलग-अलग परतों में छिपाकर ट्रांसफर करते हैं।

**CBI ने देश के सभी बैंक अधिकारियों के लिए जारी की चेतावनी**

सीबीआई ने चेतावनी दी है कि किसी भी बैंकर, चाहे वह निजी या सहकारी बैंक का हो, की यदि साइबर अपराध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भूमिका पाई जाती है, तो उस पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बोलेरो के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से दो युवकों की मौत

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक तेज रफ्तार बोलेरो के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने की घटना में दो युवकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायल युवकों को वाराणसी में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान विशाल कुमार (21) और सत्यम (22) के तौर पर की गयी है और उनके शवों को कब्जे में लेकर सदर अस्पाल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पर्वतपुर-घेराई मार्ग पर दिवाकरपुर गांव में मंगलवार को देर रात्रि लगभग दस बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां दो ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि बोलेरो में सवार सभी पांच युवक नशे में थे। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### डभका गांव में लापता मासूम का शव तालाब से बरामद

**पुलिस ने डॉग स्क्वायड व गोताखोरों की मदद से की तलाश**

**ज्ञानपुर।** थाना ज्ञानपुर क्षेत्र के ग्राम डभका में बीती रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची का शव तालाब से बरामद किया गया। मासूम शाम से लापता थी, जिसकी तलाश में पुलिस, डॉग स्क्वायड व गोताखोरों की टीम देर रात तक जुटी रही। जानकारी के अनुसार, 11 नवम्बर की रात करीब 9 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गांव की एक बच्ची शाम 6 बजे से लापता है। परिजनों ने बताया कि बच्ची को आखिरी बार उसके पिता की बहन अपने साथ घूमने के लिए ले गई थी। कुछ काम से वह बच्ची को वहीं छोड़कर चली गई, लेकिन लौटने पर बच्ची मौके से गायब मिली। सूचना पर पुलिस ने क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के निर्देशन में टीम गठित की और तुरंत तलाश अभियान शुरू किया। डॉग स्क्वायड की मदद से खोजबीन करते हुए पुलिस ने उसी क्षेत्र के पास स्थित एक तालाब में गोताखोरों की सहायता से तलाशी कराई, जहां से बच्ची का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया किसी आपराधिक घटना की पुष्टि नहीं हुई है, फिर भी पुलिस ने साक्ष्य संकलन कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर खुरचकर निकाला गया महिला का शव

**उन्नाव।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे आगरा से लखनऊ जाने पर भारी वाहन की लेन पर मंगलवार तड़के तीन बजे कोरौरा गांव के पास 55 वर्षीय महिला का शव क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। शरीर के कई अंग अलग-थलग पड़े व कुछ सड़क पर ही चिपके मिले, जिससे शरीर के ऊपर से कई वाहनों के निकलने की बात सामने आई। पेट्रोलिंग कर रहे यूपीडा कर्मियों ने शव देख पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने किसी वाहन की टक्कर लगने से मौत की आशंका जताई है। यूपीडा की टीम एक्सप्रेसवे पर तड़के तीन बजे गश्त कर रही थी। इसी दौरान कोरौरा गांव के सामने एक्सप्रेसवे पर टीम को एक महिला का शव सड़क पर चिपका दिखा। सिर क्षतिग्रस्त होने से पहचान नहीं हो सकी। महिला का पेट फटने के साथ पैर भी टूटे मिले।इस मौके पर विजय बहादुर पाण्डेय, विमला पाण्डेय, मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## सिद्धार्थनगरः दुकानों पर सुबह से डीएपी के लिए लगाते हैं लाइन किसान,शाम को लौट रहे हैं खाली हाथ



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के बांसी विकास खंड अंतर्गत चेतिया में इस समय यूरिया और डाई खाद की बहुत बड़ी किल्लत है। अधिकतर किसान डाई एवं यूरिया के लिए दर-दर भटक रहे हैं । यूरिया खाद के लिए किसान सहकारी समिति पर सुबह से लाइन लगते हैं लेकिन खाद कुछ लोगों को ही मिल पाता है। बाकी किसान खाली हाथ लौट आते हैं इन दिनों गेहूं के बुवाई को लेकर क्षेत्रीय किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं और दुकान - दुकान दौड़ रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल पा रहा है कुछ लोगों ने बताया कि चेतिया में कुछ दुकानदार यूरिया खाद अपने गोदाम में रखे हैं और उसे अधिक दामों पर बेचा जा रहा है क्षेत्र के विश्वनाथ सिंह, हरिराम, विक्रम, रामू, राजेश, जफर, सनी, राहुल, चंदन, विलास आदि लोगों ने बताया कि चेतिया में कई दुकानों पर खाद है लेकिन खाद को अधिक दामों में बेचने के लिए रोका गया है जिससे किसान परेशान है कई किसान तो यूरिया खाद के लिए दोगुना दाम देकर खरीद रहे हैं।

इस संबध में जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल का कहना है कि चेतिया में इस तरह की जानकारी हमें नहीं है इस तरह के कार्य करने वाले दुकानदारों को जो यूरिया को अधिक दामों में बेच रहे हैं उनके खिलाफ एफआईआर करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी अगर कोई भी दुकानदार यूरिया और डाई को छुपा करके अधिक दामों में बेच रहा है तो उन्हें बक्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटालाः आबकारी अधिकारियों की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक, SC ने शर्तों के साथ दी राहत

**सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आबकारी विभाग के अधिकारियों की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। पीठ ने शर्तों के साथ आरोपियों को राहत दी है। यह मामला अवैध शराब व्यापार और हजारों करोड़ की कमाई से जुड़ा है। ED इसकी जांच कर रही है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है. जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया. हालांकि, कोर्ट ने आरोपी अधिकारियों पर कड़ी शर्तें लगाते हुए कहा कि वे जांच में पूर्ण सहयोग करेंगे।

यह मामला छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग में 2019 से 2022 के बीच हुए कथित घोटाले से जुड़ा है, जिसमें अधिकारियों, राजनेताओं और निजी ऑपरेटरों पर शराब व्यापार में हेराफेरी और अवैध कमाई के आरोप हैं. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में आने वाले इन अधिकारियों को पहले ही अंतरिम राहत दी गई थी, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे स्थायी रूप से बरकरार रखा है।

**आरोपियों को शर्तों के साथ राहत**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी आवश्यकता पड़ने पर जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगे. यदि कोई सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने की जरूरत हो, तो जांच में सक्रिय सहयोग करेंगे. हर सुनवाई की तारीख पर ट्रायल कोर्ट के सामने हाजिर रहेंगे, अन्यथा जमानत रद्द मानी जाएगी. आरोपियों को दो सप्ताह के भीतर अपने पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करने होंगे।

इसके साथ ही जांच अधिकारी को अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराएंगे, ताकि संपर्क में रह सकें. आरोपियों को निचली अदालत की पूर्व अनुमति के बिना छत्तीसगढ़ नहीं छोड़ेंगे. सुनवाई के दौरान एस नागमुथु,



सिद्धार्थ अग्रवाल और महेश जेठमलानी ने आरोपी अधिकारियों का प्रतिनिधित्व किया, जबकि एएसजी एसडी संजय ने ईडी की ओर से पक्ष रखा।

**ED जांच के नाम पर अनावश्यक देरी न करे- SC**

ईडी का दावा है कि इस सिंडिकेट ने अवैध शराब वितरण और कमीशन के जरिए हजारों करोड़ की कमाई की. सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया है कि वे आगे की जांच के नाम पर अनावश्यक देरी न करें. मामले की अगली सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

## जीवात्मा का परमात्मा से मिलन ही महारास- ओझा

चित्रकूटः जिला मुख्यालय के एसडीएम कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत के छठवें दिन कथा व्यास राजा बाबू ओझा ने श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की कथा सुनाई। जिसके प्रसंग सुनकर श्रोतागण भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण लीलामृत के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जीवात्मा का परमात्मा से मिलन ही महारास कहलाता है। जब जीव का माया रूपी पर्दा हट जाता है और उसमें ब्रह्म से मिलन की उत्कंठा उत्पन्न होती है, तभी वास्तविक महारास घटित होता है। कहा कि जब जीव में अहंकार आता है, तो वह भगवान से दूर हो जाता है, किंतु जो व्यक्ति भगवान के विरह में अनुरक्त होता है, उस पर भगवान स्वयं अनुग्रह करते हैं और दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भराज भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी के साथ हुआ। बताया कि श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी को हरण कर किया। रुक्मिणी स्वयं साक्षात महालक्ष्मी का अवतार है और वह नारायण से अलग नहीं रह सकती हैं। बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की सोलह हजार एक सौ रानियाँ और आठ प्रमुख पट्टरानियाँ (महेश्वरियाँ) थीं।

# गोंडा बीएसए अतुल कुमार तिवारी सस्पेंड

**● टेंडर में मांगा था 2.25 करोड़ का कमीशन,**

**CM योगी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ/गोंडाः** भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे गोंडा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) अतुल कुमार तिवारी को आखिरकार योगी सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर 15 करोड़ रुपये के फर्नीचर सप्लाई टेंडर के बदले ठेकेदार से करीब सवा दो करोड़ रुपये (15%) कमीशन मांगने का गंभीर आरोप है।

**प्रमुख आरोप और कार्रवाई**

» कमीशन की मांगः आरोप है कि अतुल कुमार तिवारी ने 564 उच्च प्राथमिक एवं संकुल विद्यालयों में फर्नीचर आपूर्ति के लिए हुए लगभग ?15 करोड़ के टेंडर को पास करने के एवज में सप्लायर फर्म से 15% कमीशन यानी करीब 2.25 करोड़ की रिश्वत मांगी थी।

» एडवांस राशिः ठेकेदार ने शिकायत की है कि BSA ने कथित तौर पर एडवांस के तौर पर 22 लाख भी लिए थे, लेकिन बाकी रकम न देने पर उनकी फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।

» FIR के आदेशः यह मामला एंटी करप्शन कोर्ट तक पहुंचा था, जिसने BSA और दो अन्य अधिकारियों के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया था।

» CM योगी का एक्शनः भ्रष्टाचार की यह शिकायत जब सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंची, तो उन्होंने तत्काल और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यह कार्रवाई देवीपाटन मंडल के कमिश्नर और डीएम गोंडा की संस्तुति पर की गई है।

» जांच के आदेशः निलंबन के साथ ही शासन ने अतुल कुमार तिवारी के खिलाफ अनुशासनिक जांच के आदेश भी दिए हैं। जांच की जिम्मेदारी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक, लखनऊ मंडल को सौंपी गई है।



» संबद्धताः निलंबन अवधि के दौरान अतुल कुमार तिवारी को मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ मंडल से संबद्ध किया गया है।

**BSA ने आरोपों को बताया निराधार**

वहीं, BSA अतुल कुमार तिवारी ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका दावा है कि उन्होंने कोई कमीशन नहीं मांगा और न ही कोई पैसा लिया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने गलत कागजातों के आधार पर टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया था, जिसके कारण उनकी फर्म को ब्लैकलिस्ट किया गया और उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। भ्रष्टाचार के खिलाफ योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत इसे एक और बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

### आजमगढ़ में धान का बोझ लेकर नदी पार करते समय महिला की पानी में डूबने से मौत

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के अतरडीहा गांव की सीवान में मंगलवार दिन में 12 बजे धान का बोझ लेकर नदी पार कर रही 30 वर्षीय महि?ला डूब गई। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद स्वजनों और ग्रामवासियों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी माहुल श्यामकुमार दुबे थानाध्यक्ष अहरौला प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच कर शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम हेतु मंडलीय चिकित्सालय आजमगढ़ की मर्चरी में भेज दिया। ह्यमृतका रंजना राजभर (30) सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद सरहुरपुर गांव की निवासिनी थी और चार माह पहले से वह अपने पिता तीजू राजभर के घर रह रही थी। मंगलवार को वह अपनी भाभी पुष्पा के साथ वह ओंगरी नदी के दूसरे तट पर स्थित कटे धान के खेत में आई।लगभग 12 बजे वह अपने खेत से धान का बोझ सिर पर लाद कर घर के लिए नदी के रास्ते निकली। नदी के पानी में से होकर वह जाने लगी। पानी में इसका पैर फिसल गया। वह पानी में डूबने लगी। ननद को डूबता देख भाभी पुष्पा ने चिल्लाना शुरू कर दिया। जिसको सुन आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण पहुंच गए।

## नाला में डूबने से छः साल के बच्चे की मौत आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ने जा रहा था बच्चा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर।** सुमेरपुर विकास खंड क्षेत्र के मवईजार गांव के चंदौली जार मौजा में बुधवार सुबह एक हृदयविदारक हादसा हो गया।गांव के महेश अनुरागी का आठ वर्षीय पुत्र देवी प्रसाद आंगनबाड़ी पढ़ने के लिए घर से निकला था। रास्ते में वह गांव के पास बने नाले को पार कर रहा था, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नाले के गहरे पानी में जा गिरा। कुछ ही क्षणों में वह पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, नाले की पीचिंग पर फिसलन भरी काई जमी हुई थी, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया।



ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोर की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि नाले के किनारों पर सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है और कई बार इस तरह की घटनाएं होते-होते बची हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले के आसपास सुरक्षा रेलिंग लगाई जाए और इसकी सफाई नियमित रूप से कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के दर्दनाक हादसे दोबारा न हों।

## संक्षिप्त खबरें

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक सिविल डिफेंस के बैनर तले




**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी/ नियंत्रक सिविल डिफेंस बस्ती कृतिका ज्योत्सना जी और पुलिस अधीक्षक की मंशा के मुताबिक पूरे जनपद में यातायात नियमों के लिए स्कूल के बच्चों, नौजवानों और आम जन को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, उप जिला मजिस्ट्रेट/ प्रभारी अधिकारी सिविल डिफेंस बस्ती राजेश कुमार यादव के देख रेख में जनपद में मनाए जा रहे यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत जगह जगह चौराहों और विद्यालयों व महाविद्यालयों में बच्चों व आमजन को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिये जागरूक किया जा रहा है, इसी क्रम में आज सिविल डिफेंस के बैनर तले गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी हरैया के परिसर में यातायात नियमों के पालन के लिए कुलदीप सिंह सेक्टर वार्डेन सिविल डिफेंस बस्ती की अगुवाई में जागरूकता अभियान चलाया गया, यातायात माह के अंतर्गत सिविल डिफेंस के बैनर तले यातायात नियमों के पालन करने के लिए बच्चों, अध्यापकों और मौजूद अभिभावकों को जागरूक किया गया, दो पहिया वाहनों पर हेलमेट पहनने, दो से अधिक सवारी न बैठने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट पहनने, नशा करके वाहन न चलाने, यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई, इस अवसर पर सिविल डिफेंस से जुड़े प्रताप शंकर पांडेय, विजय कुमार, अमरचंद सहित विद्यालय के बच्चे, अध्यापक तमाम अभिभावक लोग मौजूद रहे।

### डीएम ने किया निर्माणाधीन एसटीपी का निरीक्षण, एक माह में संचालित किए जाने के दिए निर्देश



**बलरामपुर।** नगर पालिका में निर्माणाधीन सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट (एसटीपी) एक माह के अंदर संचालित होगा, डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा निर्माणाधीन सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट का डीएम ने व्यापक निरीक्षण किया, उन्होंने कार्यदाई संस्था को टेस्टिंग, कमीशनिंग सभी कार्य पूर्ण करते हुए एक माह के अंदर एसटीपी संचालित किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने पाइप लाइन बिछाने के कार्य का किया निरीक्षण , क्षतिग्रस्त रोड को नया किए जाने के दिए निर्देश इसके उपरांत उन्होंने नगर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के कार्य का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने लोगों से भी वार्ता किया एवं फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को क्षतिग्रस्त रोड में पुनः नया किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, अपर अर्थ एवं संख्याधिकारी महेश चतुर्वेदी, विनय कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### एडीजी जोन आलोक सिंह ने झांसी में की समीक्षा बैठक




**कानपुर ।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद झांसी भ्रमण दौरान रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में झांसी परिक्षेत्र के समस्त जनपद प्रभारी (झांसी, जालौन व ललितपुर) के साथ कानून-व्यवस्था, अपराध समीक्षा समीक्षा की गई। हत्या शीर्षक अन्तर्गत अनावरण हेतु शेष अभियोग, जब्तीकरण की कार्यवाही, अवैध खनन एवं परिवहन,साइबर क्राइम, यू0पी0-112 में प्राप्त शिकायतों पर कृत कार्यवाही व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा गोष्ठी के दौरान निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में वाहन/संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा निरंतर पैदल गस्त की जायें। गोष्ठी में श्री आकाश कुलहरि, पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनता को अधिकारियों से विश्वास उठ चुका ग्राम सभा की गड़ही पर अवैध कब्जा, भीम युवा वाहिनी ने की कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में सरकार के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है गदही तालाब बजर मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा हो रहा है शिकायत के बावजूद भी तहसील से लेकर जिला अधिकारी तक दिए गए प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है सरकार का प्रमाण गलत है या अधिकारियों के कार्य शैली गलत है इस उपकरण पर उचित कार्यों को ध्यान देना चाहिए सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि ग्राम सभा की पोखरा, गड़ही, चारागाह जैसी सार्वजनिक भूमि पर कोई भी व्यक्ति अवैध कब्जा नहीं कर सकता, न ही ऐसी भूमि किसी को पट्टे पर दी जा सकती है या उस पर कोई निर्माण कार्य किया जा सकता है। इसके बावजूद कुछ दबंग लोग इन जमीनों पर कब्जा जमाने और निर्माण करने से बाज नहीं आ रहे हैं।ऐसा ही एक मामला बस्ती जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा मेहनौना के कटाई जोत पुरवा में सामने आया है। यहां अभिलेखों में दर्ज जलमग्न गड़ही (गाटा संख्या 25) पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने इस गड़ही में मिट्टी भराई करके स्थायी निर्माण तक कर लिया है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो कब्जाधारियों ने उन्हें धमकाया और झगड़े पर उतारू हो गए। ग्राम सभा अभिलेखों के अनुसार इस गड़ही का कुल क्षेत्रफल 81 एयर है, लेकिन वर्तमान में यह केवल 15 से 20 एयर तक सिमटकर रह गई है। यह वही गड़ही है जिसमें पूरे कटाई जोत गांव के घरों का पानी निकलता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड़ही के कुछ हिस्से में ग्राम सभा द्वारा खड़ंजा मार्ग का निर्माण भी किया गया है, वह भी बिना किसी सक्षम अधिकारी की संस्तुति के। नियमानुसार, सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य उप जिलाधिकारी की स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने इस सरकारी गड़ही को अवैध कब्जे से मुक्त कराने और कब्जाधारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। इसी प्रकार के मुद्दे को लेकर बुधवार को भीम युवा वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल मण्डलायुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचा। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि लालगंज थाना क्षेत्र के थरौली गांव में गाटा संख्या 133, रकबा 0.0930 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उसे अम्बेडकर पार्क के लिए सुरक्षित किया जाए। सोनू राव ने कहा कि उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है और अगर यहां अम्बेडकर पार्क का निर्माण हो जाता है, तो अनुसूचित जाति के ग्रामीणों को सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन का भी अवसर मिलेगा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष अजय राव उर्फ प्रमोद, संदीप गौतम, अवनीश प्रभात, देवीलाल गौतम, दीपक गौतम, वीरेन्द्र गौतम, जितेन्द्र गौतम, राहुल गौतम, नीरज, शिव कुमार, जितेंद्र, राम रूप, इंद्रावती और रोशनी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मोटर उठाने का आरोप लगाकर मारपीट

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम पुनियाखेरा निवासी अजय विश्वकर्मा पुत्र जमुना प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 अक्टूबर को उसे ग्राम विनैकाटोरन निवासी देवेन्द्र पुत्र रगवर लोधी अपने साथ काम करने को अपने गांव ले गया, जहां काम न लगने के कारण वह पुनियाखेरा वापस आ गया। बताया कि 22 अक्टूबर को फिर से देवेन्द्र उसे अपने साथ विनैकाटोरन ले गया, जहां देवेन्द्र का रिश्तेदार इन्द्रपाल पुत्र शिवप्रसाद लोधी बैठा था। पीड़ित का आरोप है कि वहां पहुंचने पर देवेन्द्र व इन्द्रपाल ने उस पर मोटर उठाने का आरोप लगा दिया। मोटर की जानकारी न होने की बात कहने पर उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं और लाठी-डण्डे से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सीएमओ डा.अंशुमान सिंह के कुशल नेतृत्व मे संचारी रोग नियंत्रण अभियान मे जनपद अमेठी का प्रथम स्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी डा अंशुमान सिंह के कुशल नेतृत्व मे जनपद अमेठी स्वास्थ्य सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान दे रहा है वहीं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद अमेठी को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सीएमओ डा अंशुमान सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान मानिटरिंग सेल द्वारा जनपद अमेठी को प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है वहीं यह खबर सुनकर सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय अमेठी पहुंचकर सीएमओ डा अंशुमान सिंह को इस विशिष्ट उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी और जनपद के लिए गौरवपूर्ण बताया वहीं सीएमओ डा अंशुमान सिंह ने समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया और कहा कि इस उपलब्धि मे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ साथ संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि का भी महत्वपूर्ण योगदान है बताते चलें कि संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा स्वच्छता अभियान,रैलियों का आयोजन एवं मच्छरदानी वितरण किया गया था।

# बस्ती में चार चोर गिरफ्तार, कई वारदातों का हुआ खुलासा, सामान भी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के परसरामपुर व गौर थाने की पुलिस तथा स्वाट व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में जिले में हुई चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुये पुलिस ने चार गैर जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी गये सोने व चाँदी के आभूषण तथा चोरी की वारदात को अंजाम देने में प्रयोग में लाये गये औजार, एक चार पहिया वाहन व नगदी बरामद किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त इस खुलासे से परसरामपुर हरैया तथा मुण्डेरवां थाना क्षेत्र में हुई चोरी की तमाम वारदातों का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में अतीक अहमद पुत्र स्व0 नजीर निवासी कस्वा सिंगाही थाना सिंगाही जिला लखीमपुर खीरी, निशार अहमद पुत्र नासीर निवासी नगरीय कला समदा ईलाकाथाना फटेट गंज (पूर्वी) बरेली, अफरीद मुहम्मद पुत्र मो0 हनीफ निवासी भिड़ौरा थाना सिंगारी जिला लखीमपुर खीरी तथा साजीम अली पुत्र स्व0 बराती निवासी बथुला टाण्डा थाना सिंगाही जिला लखीमपुर खिरी शामिल हैं।

बरामद सामानअभियुक्तों की निशानदेही पर तीन अदद अंगूठी मर्दाना पीली धातू, चार अदद लेडी अंगूठी पीली धातू, एक अदद अंगूठी पीली धातु, एक अदद नाक की कील पीली धातु, दो अदद सिकड़ी पीली धातु, दो जोडी कान का झाला पीली धातु, एक अदद मंगल सूत्र मय गुरिया लगा हुआ, आठ जोडी पायल सफेद धातु, इक्किश जोडी बिछुआ सफेद धातु, एक जोड़ी बच्चे का कड़ा सफेद धातु, एक अदद सफेद रंग का टाटा हेक्सा वाहन वाहन सं0 यूपी जेए 0070 तथा दो अदद नेपाल राष्ट्र का भंसार रसीद, तथा 59950 रूपया बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी मखौड़ा मन्दिर मुख्य मार्ग के पास से 11 नवम्बर 00.34 बजे रात्रि की गई।

**आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार अभियुक्तों में अतीक अहमद के खिलाफ आजगढ़, लखनऊ, शाहजहांपुर, सीतापुर, उन्नाव, बस्ती में 31 मुकदमे, तथा निशार अहमद, फतेहपुर, आजमगढ़, बरेली में 35 मुकदमे, अफरीद अहमद के खिलाफ बस्ती में 10 तथा साजीम के खिलाफ 9 मुकदमे दर्ज हैं। इन सभी मामलों में पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही थी। बता दें जनपद में हो रही तोबड़तोड़ चोरियों को लेकर पुलिस जनता के निशाने पर थी। इस खुलासे के बाद लोगों ने निश्चित रूप से राहत मिलेगी।

## रिलीविंग में कोतवाल की संलिप्तता से पुलिस के उच्चाधिकारियों की हो रही फजीहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में अधिकारियों काआना - जाना , ट्रान्सफर - पोस्टिंग तथा रिलीविंग ज्वाइनिंग नौकरी का एक अहम भाग होता है परन्तु यदि किसी कर्मचारी का स्थानान्तरण उच्चाधिकारी स्तर से हो जाए और स्थानान्तरित कर्मचारी अपने स्थानीय स्तर की सेटिंग की बदौलत रिलीव न हो और स्थानान्तरित स्थल पर ही जमा रहे तो चर्चाओं का बाजार गरम होना लाजिमी हो जाता है । ठीक ऐसा ही एक मामला जनपद के पुलिस विभाग में देखने को मिल रहा है जहाँ पर बड़ेबन पुलिस चौकी पर तैनात आरक्षी शैलेष शर्मा का स्थानान्तरण सक्षम स्तर से डायल 112 में हो गया है परन्तु स्थानीय स्तर की सेटिंग व त्योहारों की आड़ का सहारा लेकर स्थानान्तरित आरक्षी रिलीव न होकर बड़ेबन चौकी पर ही जमा हुआ है जिसको लेकर जनपद में चर्चाओं का बाजार गरम है और पुलिस के जिम्मेदारों पर अंगुलियाँ उठना शुरू हो गयी हैं ।मिली जानकारी के अनुसार बड़ेबन पुलिस चौकी पर तैनात आरक्षी शैलेष शर्मा का स्थानान्तरण सक्षम स्तर से डायल 112 हेतु हो चुका है । इनकी जो स्थानान्तरण सूची जारी हुई थी उस सूची में अन्य तमाम कर्मचारियों का नाम भी शामिल था जिन्हें विभागीय नियमानुसार स्नानान्तरित स्थल हेतु रिलीव भी कर दिया गया है परन्तु बड़ेबन पुलिस चौकी पर तैनात आरक्षी शैलेष शर्मा का स्थानान्तरण होने के बावजूद त्योहारों के आड़ का सहारा लेकर जिम्मेदारों द्वारा रिलीव नहीं किया जा रहा है और स्थानान्तरित आरक्षी चौकी पर अंगद की तरह पाँव जमाए हुए है जिसको लेकर जनपद में चर्चाओं का बाजार गरम है और पुलिस के जिम्मेदारों की खूब फजीहत मची हुई है । प्रकरण में आरोपी आरक्षी शैलेष के विरुद्ध मीडिया मै खबरे चलने से रिलीविंग के जिम्मेदार कोतवाल दिनेश चन्द्र चौधरी बौखलाकर उलूल जुलूल बयान देना शुरू कर दिए हैं परन्तु स्थानान्तरण पश्चात् आरक्षी के रिलीविंग की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पायी है ।

## पुलिस-पब्लिक समन्वय हेतु वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, मटेहना की टीम रही विजयी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। थाना परिसर कोतवाली जरवा के मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता के छठे दिवस बुधवार को हुए मुकाबले में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जरवा राकेश पाल, ग्राम प्रधान बालापुर, क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम बालापुर और ग्राम मटेहना के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें मटेहना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया और दर्शकों ने भी खेल का भरपूर आनंद लिया।पुलिस विभाग द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता सीमावर्ती गांवों (वाइब्रेंट विलेज) में शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक अभिनव प्रयास है। इसका उद्देश्य युवाओं को नशा, शराब सेवन जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हुए उन्हें स्वस्थ, अनुशासित और शिक्षित जीवन की दिशा में प्रेरित करना है। इस पहल से पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास व सहयोग की भावना मजबूत होगी। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में भी यह कदम सार्थक सिद्ध होगा।

## कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमानत लेने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर-** दिनांक 11.11.25 को थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर सूचना दिया कि गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी द्वारा जमानत पर रिहा होकर गाटा सं0 की भूमि का कूट रचित दस्तावेज तैयार कर बैंक में ऋण लेकर बन्धक होने के सम्बन्ध में दी गई सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में आज थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर द्वारा आरोपी श्रीमन नारायन उर्फ पिन्टू पुत्र त्रिलोकीनाथ निवासी पुरानी बाजार कस्बा व थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर स्थायी पता ग्राम गोदहना थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर को नहरबालागंज पुलिया से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है ।

## विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिताओं में कुल 09 पदक व 23 प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर बढ़ाया अमेठी पुलिस का मान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी** ।11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में दिनांक 20.09.2025 से 22.09.2025 तक अन्तर्जनपदीय लखनऊ ज़ोन शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस प्रतियोगिता-2025 एवं 50वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत दिनांक 12.10.2025 से 18.10.2025 तक शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया । उक्त दोनो प्रतियोगिताओं में अमेठी पुलिस का हेड कांस्टेबल जोखई प्रसाद यादव व हेड कांस्टेबल ओपी राम राणा ने 15 गज, 25 गज, 40 गज व 50 गज में प्रतिनिधित्व किया । जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए हेड कांस्टेबल जोखई प्रसाद यादव द्वारा टीम व एकल की विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिता जैसे-रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस में कुल 03 स्वर्ण,01 रजत, 02 कांस्य पदक व 18 प्रशस्ति पत्र एवं हेड कांस्टेबल ओपी राम राणा द्वारा कुल 02 स्वर्ण, 01 कांस्य व 05 प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर अमेठी पुलिस का मान बढ़ाया । दिनांक 12.11.2025 को पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज में मुख्य आरक्षियों को उक्त उपलब्धियों के संदर्भ में शुभकामनाएं दी गई व उनके प्रदर्शन की सराहना की गई ।

# मनरेगा कार्य के नाम पर गौरा धुंधा तेनुआ में चल रहा मनरेगा फर्जी हाजिरी

**●प्रशिक्षण पर आये 09 आई ए एस अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों में जांच पड़ताल के बाद भी गौरा धुंधा (तेनुआ ) चल रहा मनरेगा फर्जीवाड़ा**

**बिना मनरेगा कार्य के ही मनरेगा कार्य के नाम पर महिला मेट मिथिलेश मनरेगा मजदूरों की लग रही फर्जी हाजिरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार चरम पर हैजहां एक तरफ विकासखंड कुदरहा में खण्ड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज व प्रशिक्षण में आये 09 आईएएस अधिकारी ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों की जांच पड़ताल कर रहे हैं और ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों को परख रहे हैं जिससे ग्राम पंचायतों में हड़कंप मचा हुआ है वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत गौरा धुंधा (तेनुआ ) में मनरेगा फर्जीवाड़ा जारी है अर्थात् महिला मेट मिथिलेश द्वारा खुलेआम मनरेगा एक्ट की धज्जियां उड़ाई जा रही है । खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज समेत प्रशिक्षण में आए 09 आईएएस अधिकारियों के आंख में धूल झोंक कर महिला मेट मिथिलेश धरातल पर मनरेगा कार्य करने के बजाए कागज में मनरेगा कार्य करा रही हैं । जब मनरेगा कार्य कागज में पूर्ण होगा तो ग्राम पंचायत गौरा धुंआ (तेनुआ ) का संपूर्ण विकास कैसे होगा ? एवं मनरेगा मजदूरों को ग्राम पंचायत में कैसे मनरेगा कार्य ( रोजगार ) मिलेगा ? ऐसे ही महिला मेट मिथिलेश के द्वारा मनरेगा कार्य के नाम पर फर्जीवाड़ा जारी रहेगा तो मनरेगा मजदूरों को भूखे पेट रहना पड़ेगा । ग्राम प्रधान बिन्दू देवी व सचिव अजय कुमार एवं तकनीकी सहायक की मिली भगत से महिला मेट बिना मनरेगा साइड पर गये ही घर बैठ कर ही मनरेगा मजदूरों की धड़ल्ले से फर्जी हाजिरी लगाने में मस्त है । अब आप सोच सकते हैं कि जब एक ब्लॉक में 10 जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा लगातार ग्राम पंचायतों का जांच पड़ताल की जा रही है तब भी रोजगार सेवक ,महिला मेट ग्राम प्रधान , सचिव व टी ए विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन को लूटने के फिराक में हैं तो अकेले खंड विकास अधिकारी कैसे समस्त ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार को रोक पाएंगे अर्थात् ग्राम पंचायत गौराधुंधा( तेनुआ ) में भ्रष्टाचार रोकना खंड विकास अधिकारी के लिए किसी बड़ी चुनौती से काम नहीं है । अब देखना यह है कि खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज द्वारा ग्राम पंचायत गौरा धुंधा में चल रहे मनरेगा कार्य के ऑनलाइन मस्टर रोल को जीरो करते हैं लेनदेन करके मामले को रफा-दफा करते हैं । उक्त प्रकरण में महिला मेट मिथिलेश व ग्राम प्रधान बिन्दू देवी से फोन के माध्यम से जानकारी लिया तो ग्राम प्रधान ने बताया कि वर्तमान समय में ग्राम पंचायत गौराधुंधा (तेनुआ ) में कोई मनरेगा कार्य नहीं चल रहा है जिस कार्य पर मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लग रही है वह मनरेगा कार्य अप्रैल - मई महीने में पहले ही कार्य कराया जा चुका है । उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी ।

# मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में किया गया युवा उत्सव व सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज मनीषी महिला पीजी कॉलेज, गौरीगंज में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मनीषी महिला पीजी कालेज के संस्थापक पं0 जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी 'मनीषी' जी द्वारा माँ सरस्वती देवी को माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में भूतपूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आरबी पाण्डेय एवं राजेश वर्मा उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन आरबी पाण्डेय द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी मयंक पटेल, कार्यक्रम प्रभारी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी गौरीगंज रागिनी, क्षेयुक अधिकारी एवं प्राविद अधिकारी अमेठी रीना वर्मा, प्राविद अधिकारी बहादुरपुर निधि श्रीवास्तव सहित पीआरडी जवान उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि उक्त युवा उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं यथा-कविता लेखन में अनन्या सिंह, नन्दिनी यादव, सौम्या मौर्या एवं भाषण प्रतियोगिता में शिवांगी तिवारी प्रथम तथा जान्हवी सिंह द्वितीय स्थान एवं कहानी लेखन में उर्मिला सरोज, मानसी शुक्ला, शिवांशी यादव एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता में मंशा, काजल, श्रेया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में लोक नृत्य सामूहिक में पलक, रिया, ज्योति, साक्षी ने प्रथम स्थान एवं अनुष्का, मुस्कान, पायल सरोज, नेहा मौर्या, रोशनी, हिमांशी जायसवाल ने द्वितीय स्थान तथा सिरीन खान, मीनाक्षी, ऑचल मौर्या, ललिता यादव, काजल, अर्पणा, मोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व साइंस मेला में समरीन, अर्पणा, अलीशा, सोनम विश्वकर्मा, साफिया ने प्रथम स्थान, रूचि मौर्या, राबिया, अनुष्का मिश्रा, रिया मिश्रा ने द्वितीय स्थान, अर्पणा, बबिता यादव, प्रिया, नफरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सामूहिक लोकगीत कार्यक्रम प्राची द्विवेदी, शिवानी शुक्ला, शुभी तिवारी, सफिया बानो, रूबी विश्वकर्मा व खुशी जायसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम का समापन जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान शिवरतन, सूर्य प्रकाश पाण्डेय व आकाश द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# विश्व निमोनिया दिवस एवं सांस अभियान 2025 का शुभारंभ

**● डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने किया उद्घाटन, नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण पर दिया विशेष जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)।** विश्व निमोनिया दिवस एवं सांस अभियान 2025 के अंतर्गत बुधवार को गांव कुल्हुई बिनौनी श्रीदत्तगंज में जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज द्वारा किया गया। अपने संबोधन में डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि निमोनिया एक गंभीर लेकिन रोके जाने योग्य बीमारी है, जो विशेष रूप से नवजात और छोटे बच्चों के लिए घातक साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 12 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत नवजात शिशुओं को बदलते मौसम में निमोनिया से बचाने और टीकाकरण के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'हर माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे समय पर अपने बच्चों को सभी आवश्यक टीके लगवाएं, ताकि उन्हें जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सके।' साथ ही उन्होंने स्वच्छता, उचित पोषण और ठंड से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विजय प्रताप सिंह (स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी), आशुतोष शुक्ला (बीपीएम), बबिता श्रीवास्तव एवं सविता (मुख्य सेविका, बाल विकास परियोजना श्रीदत्तगंज), सविता यादव (एएनएम), सुप्रिया चौहान (सीएचओ), कुपषा वर्मा (संगिनी), मंजू देवी (आंगनबाड़ी कार्यकत्री), रंजना (आशा), अमित श्रीवास्तव (ब्लॉक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर, सोशल मोबिलाइजेशन नेटवर्क यूनिसेफ), प्राइवेट डॉक्टर गौतम वर्मा, अध्यापक, शिक्षा मित्र, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने सभी को निमोनिया मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया और कहा कि 'स्वस्थ शिशु ही स्वस्थ समाज की नींव हैं। 'पायी है ।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत

**नशा करने वाले लोग देश का नुकसान कर रहे: डॉ टी पी सिंह**



**सीतापुर** 12 नवंबर चंद्रभान गुप्त कृषि महाविद्यालय के स्वर्गीय शांति देवी सभागार में ऑल इंडिया पयाम -ए- इंसानियत एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टी पी सिंह ने बताया कि नशे के प्रयोग से धमनियां सिकुड़ने लगती हैं जिससे हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारी बढ़ रही है नशा करने वाले लोग देश का नुकसान कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वाई के सिंह ने बताया कि नशा समाज को दूषित कर रहा है। महाविद्यालय के शोध अधिकारी प्रो गजेंद्र सिंह ने बताया कि नशे पर महाविद्यालय शोध करेगा। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष नशा मुक्ति अभियान की शपथ दिलाई जाती है। नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम में संस्था के रियाज अहमद एस बी हाशमी, सफीक चौधरी एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय सिंह भदोरिया, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया एवं छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान से संबंधित सार संग्रह वितरित किए गए।

### रहीमाबाद में रेलवे ट्रैक पर पाया गया अज्ञात महिला का शव

**मलिहाबाद लखनऊ** रेलवे लाइन के बीच अज्ञात महिला का शव मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया परंतु सफलता नहीं मिली फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र की कैथुलिया रेलवे क्रॉसिंग से पश्चिम की ओर डाउन लाइन पर सात सौ मीटर दूरी पर 1107/18-1107/20 के बीच रेलवे लाइन की दोनों पटरियों के बीच 65 वर्षीय महिला का शव मिला स्टेशन मास्टर की सूचना पर रहीमाबाद थाना प्रभारी अरुण कुमार त्रिगुणायक मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे देखते ही देखते वहां काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और लोगों से सिनायक करने का काफी प्रयास किया परंतु पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली मृतका लाल ब्राउन प्रिंटेड साड़ी जिसका पल्लू हरे कलर का था पहने हुई थीं और उसकी उम्र लगभग 65 साल बताई जा रही जामा तलाशी में उसके पास से कुछ भी ऐसा नहीं मिला जिससे उसकी पहचान की जा सके शिनाख्त के लिए रहीमाबाद पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से महिला के शव तथा हुलिया को आसपास के थानों भेज दिया है फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्करी भेज दिया है।

### ट्रकों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो दलाल गिरफ्तार

**रायबरेली के एआरटीओ अंबुज और पीटीओ रेहाना बानों समेत कई अफसरों पर एफआईआर दर्ज**

**लालगंज रायबरेली।** एसटीएफ ने ट्रकों से वसूली करने वाले बड़े गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में रायबरेली और फतेहपुर परिवहन विभाग के कई अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज हुई है।एसटीएफ ने बुधवार को दो दलालों को गिरफ्तार किया अंबारा पश्चिम निवासी मोहित सिंह व अयोध्या के बैजू का पुरवा निवासी सुनील यादव को गिरफ्तार किया।जानकारी के अनुसार, मोहित सिंह रायबरेली-फतेहपुर मार्ग पर चलने वाले करीब 114 ट्रकों से प्रति ट्रक 5000 रुपये की अवैध वसूली करता था, जिसमें से 500 रुपये उसका कमीशन होता था।एसटीएफ इंस्पेक्टर अमित तिवारी ने रायबरेली के एआरटीओ (प्रवर्तन) अंबुज, पीटीओ रेहाना बानो, उनके दीवान व ड्राइवर, तथा फतेहपुर के पांच परिवहन विभाग कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कराई है।गिरफ्तार दोनों आरोपियों को एसटीएफ पूछताछ के लिए लखनऊ ले गई है। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला एसटीएफ के तहत दर्ज हुआ है और आगे की जानकारी उच्च अधिकारी देंगे।

## डीएम ने हरगांव ब्लॉक में किया सघन निरीक्षण

### ● स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार, किसानों के धान तौल के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर,** जिले की जनता को त्वरित और प्रभावी सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने बुधवार को हरगांव विकासखंड क्षेत्र में सघन औचक निरीक्षण किया। डीएम का यह दौरा शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि उपज खरीद केंद्र–तीनों महत्वपूर्ण सेक्टरों की कार्यप्रणाली को परखने पर केंद्रित रहा। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर उन्होंने मौके पर ही कड़े निर्णय लिए और प्रशासनिक कसावट का स्पष्ट संदेश दिया।

**1. शिक्षा केंद्र का जायजा: मलिहाबाद स्कूल का निरीक्षण**

अपने दौरे की शुरुआत में, जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने हरगांव ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मलिहाबाद स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और विशेष रूप से मिड-डे मील (मध्याह्न भोजन) की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। हालांकि, स्कूल निरीक्षण संबंधी विस्तृत रिपोर्ट में सुधार की आवश्यकताएं चिह्नित की गई, लेकिन मुख्य कार्रवाई स्वास्थ्य सेक्टर में देखने को मिली।

**2. स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर कड़ा रुख**

स्कूल निरीक्षण के बाद वापस लौटते समय, डीएम ने पाया कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी आशा (ASHA) और एएनएम (ANM) कार्यकर्ताएं अपने कार्यस्थल पर देर से पहुंचीं और कार्य में शिथिलता बरती जा रही थी। जन-स्वास्थ्य सेवाओं में इस प्रकार की लापरवाही को अत्यंत गंभीर मानते हुए, जिलाधिकारी ने संबंधित आशा और एएनएम को मौके पर ही कड़ी फटकार लगाई।

डीएम ने तुरंत जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 'स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की देरी या शिथिलता सीधे तौर पर जनता को प्रभावित करती है। सीएमओ तत्काल प्रभाव से इन लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करें और सुनिश्चित करें कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हों।'

**3. किसानों की समस्या का तत्काल समाधान: धान तौल के लिए 72 घंटे का निर्देश**

डीएम राजा गणपति आर ने इस दौरे में किसानों की सबसे बड़ी समस्या–उपज खरीद–पर विशेष ध्यान दिया। उन्हें जानकारी मिली कि साधन सहकारी समिति नेवादा पर किसानों द्वारा लाए गए धान की तौल (खरीद) का कार्य पिछले कुछ दिनों से पूरी तरह से बंद है। किसानों को अपनी उपज बेचने में हो रही भारी परेशानी को देखते हुए, डीएम ने इसे अत्यंत आपत्तिजनक माना।

» उन्होंने तत्काल खरीद केंद्र के प्रभारी अधिकारियों को तलब किया और सख्त निर्देश जारी किया:

» 'किसानों का हित सर्वोपरि है। धान तौल बंद होने के कारण अन्नदाताओं को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। आज से लेकर अगले तीन दिन (72 घंटे) के भीतर समिति पर धान तौल का कार्य हर हाल में पूर्ण क्षमता के साथ शुरू हो जाना चाहिए।'

» डीएम ने चेतावनी दी कि यदि इस 72 घंटे के अल्टीमेटम के भीतर तौल प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है, तो संबंधित समिति के सचिव/प्रभारी और संबंधित क्रय एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

» डीएम राजा गणपति आर के इस अचानक और बहुआयामी निरीक्षण से जिले के विभिन्न विभागों में कार्य संस्कृति को लेकर सख्त संदेश गया है, जिससे प्रशासनिक कसावट बढ़ने की उम्मीद है।

### एन.के.के.सी. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां (सीतापुर)** नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय, टिकरा बिसवां (सीतापुर) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई का एक दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न हुआ। इस शिविर में लगभग 300 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी राहुल वर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, अंकित वर्मा, एवं शिवांशु राठौर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके तहत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में भ्रमण कर साफ-सफाई की। इस दौरान विद्यार्थियों ने 'स्वच्छ भारत- सशक्त भारत' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शिया पी.जी. कॉलेज, लखनऊ के प्रोफेसर एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट डीन (सी.डी.सी.) डॉ. सुधाकर वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने 'स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत विषय पर विस्तार से संबोधन करते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल बाह्य रूप से बल्कि आंतरिक रूप से भी हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री संतोष वर्मा, प्राध्यापक मनीष वर्मा, ओमप्रकाश, महक शुक्ला, कोमल वर्मा, वकार अहमद, तेजपाल, एवं प्रदीप कुमार सहित समस्त संकाय सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। शिविर का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ किया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की मौत

**हमीरपुर।** बीते मंगलवार शाम लगभग सात बजे थाना क्षेत्र के छानी गांव में सड़क दुर्घटना में घायल हुए बच्चे की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा बुजुर्ग निवासी दुर्गेश (15) पुत्र रमेश प्रजापति का बीते मंगलवार शाम सात बजे छानी गांव से ऑटो द्वारा लौटते समय ऑटो दुर्घटना ग्रस्त होकर ऑटो पलट गया जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।परिजनों ने बताया कि वह हमीरपुर सरस्वती विद्यामंदिर का दसवीं का छात्र था ,जो छानी गांव कोचिंग पढ़ने आया करता था।बताया कि शाम के समय जब वह घर लौट रहा था उसी दौरान ओवरटेक करते समय ऑटो पलट गया और उसमें सवार तीन छात्र घायल हो गए।जिनमें से मृतक और एक अन्य छात्र श्रेयांश यादव गम्भीर रूप से घायल हो गए।दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से दुर्गेश को कानपुर रिफर कर दिया गया।मृतक के पिता ने बताया कि कानपुर ले जाते समय घाटमपुर के पास उसकी मौत हो गई जिसके बाद उसे वापस हमीरपुर ले आए।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## सीतापुर के दो युवक विस्फोटक सामग्री के साथ हापुड़ में गिरफ्तार

### ● भाई बोला- बंदरो को भगाने के लिए ला रहा था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में दिल्ली में हुए धमाके के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। इसी बीच सीतापुर जनपद के दो युवकों को हापुड़ जनपद के पिलखुआ थाना क्षेत्र में बस चेकिंग के दौरान पुलिस ने ढाई किलो विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है दोनों युवक बैग में विस्फोटक रखकर बस से सफर कर रहे थे युवकों की गिरफ्तारी के बाद गांव में सन्नाटा पसरा है। जानकारी के अनुसार, हापुड़ पुलिस को दिल्ली धमाके के बाद संदिग्धों की तलाश में बसों की चेकिंग करने के निर्देश दिए गए थे मंगलवार देर रात पिलखुआ बस अड्डे के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक प्राइवेट बस को रोका। यात्रियों के सामान की जांच के दौरान दो अलग बैग से विस्फोटक जैसी सामग्री बरामद हुई पूछताछ में पता चला कि बैग सीतापुर जिले के पिसावा थाना क्षेत्र के कपसाकलां गांव के दो युवकों का है। गिरफ्तार युवकों की पहचान शोभित और विजेंद्र के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों हरियाणा की एक गत्ता फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं और छुट्टी लेकर सीतापुर लौट रहे थे। पुलिस को शक है कि दोनों युवक यह विस्फोटक कहां से और क्यों लेकर आ रहे थे, इसकी जांच जारी है। हापुड़ पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है विस्फोटक सामग्री को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों के परिजनों ने बताया कि सभी हरियाणा की फैक्ट्री में काम करते थे और वहां इस विस्फोटक का धान की पराली के नीचे बिछाने के लिए काम किया जाता था। गिरफ्तार शोभित के भाई छोटे ने बताया कि गांव में बंदरों का आतंक काफी था। इस पाउडर का इस्तेमाल दीवाली में पाइप में दगाने का काम आता था। बंदरों के आतंक के चलते उन्हें भगाने के लिए इसे लेकर घर आ रहे थे, लेकिन अब पकड़े गए थे। पकड़े गए युवक शोभित की शादी अभी 5 महीने पहले हुई थी। उसके 3 भाई है। परिवार के पालन पोषण के लिए कुल 8 बीघा खेती है। वहीं दूसरे व्यक्ति विजेंद्र की शादी हो चुकी है और उसकी एक बेटी है!!

## साहब लेखपाल की मिली भगत से दबंग कर रहे हैं सहन की जमीन पर कब्जा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज रायबरेली**

हल्का लेखपाल शिव प्रकाश मौर्य पूर्व से ही चर्चाओं में बने रहते हैं तथा अपने कारनामों से हमेशा सुर्खियों में बने रहना उनकी आदत में शुमार हो गया है तथा पूरे रघुनाथ सिंह मजरे भटसरा व अन्य जिन गांवों में उनकी तैनाती है उन गांवों में भी धन बल के सहारे गलत नाप कर अपना खेल खेलते रहते हैं। तो वहीं पीड़ित सियाराम पुत्र गुरुदेव का कहना है कि यदि तहसील प्रशासन से एक सप्ताह के अंदर न्याय नहीं मिलता है तो हम सभी परिजन मुख्यमंत्री की चौखट पर जाकर हल्का लेखपाल के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

**महराजगंज रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के पूरे रघुनाथ सिंह मजरे भटसरा गांव निवासी एक पीड़ित व्यक्ति ने घर के सामने सहन/पुश्तैनी जमीन पर दबंग प्रत्याशी गणों द्वारा किए जा रहे कब्जे की शिकायत उप जिलाधिकारी गौतम सिंह से की है। उप जिलाधिकारी गौतम सिंह को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित सियाराम पुत्र गुरुदीन निवासी ग्राम पुरे रघुनाथ सिंह मजरे भटसरा थाना शिवगढ़ तहसील महराजगंज ने कहा है कि सूरज बली पुत्र राम लखन निवासी पुरे रघुनाथ मजरे भटसरा व हल्का लेखपाल शिव प्रकाश मौर्य द्वारा सांठ गांठ कर तथा हल्का लेखपाल को पैसा देकर जबरन मेरी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, जबकि मुझ प्रार्थी के नाम तहसील प्रशासन द्वारा घरौनी में भी नाम दर्ज है जिसकी छाया प्रति भी मेरे पास है।

आबादी की भूमि गाटा संख्या 302 रकबा 154.53 वर्ग मीटर में मेरा मकान बना है। शेष पड़ी जमीन में निर्माण करना चाहता हूं तो दबंग प्रतिपक्षी गण सूरज बली पुत्र राम लखन हल्का लेखपाल व पुलिस प्रशासन से सांठ गांठ कर निर्माण कार्य नहीं करने देता तथा अमादा फौजदारी भी हो जाता है। जिसमें गुमावा चौकी पुलिस व हल्का लेखपाल दबंग प्रतिपक्षी गणों का सहयोग कर रहे हैं। जिसके चलते पीड़ित ने न्याय प्रिय उप जिलाधिकारी गौतम सिंह की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में उप जिलाधिकारी गौतम सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है जांच कर शिकायतकर्ता को न्याय दिलाया जाएगा।

### डंपर की टक्कर से टूटा रेलवे फाटक, ओएचई वायर भी क्षतिग्रस्त

**लालगंज (रायबरेली)।** ऊंचाहार-उन्नाव रेल खंड के खीरों रोड स्थित उगाभाद रेलवे फाटक पर मंगलवार सुबह एक अज्ञात डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से फाटक का बूम (गेट पोल) टूट गया और ऊपर से गुजर रही ओएचई वायर भी क्षतिग्रस्त हो गई।सूचना मिलते ही रेलवे की इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया। गेटमैन महेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे खीरों की ओर से आ रहे डंपर ने खुले फाटक को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। हादसे में बिजली सपोर्टिंग वायर भी करीब दो मीटर तक क्षतिग्रस्त हो गया।रेलवे टीम ने फाटक को करीब एक घंटे तक बंद रखकर मरम्मत की, जिसके दौरान राहगीरों को सुरक्षित निकलने की व्यवस्था की गई। ओएचई वायर की मरम्मत में लगभग 20 मिनट लगे, जिसके बाद फाटक को फिर से खोल दिया गया। स्टेशन मास्टर संतलाल ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी ट्रेन का संचालन प्रभावित नहीं हुआ। वहीं, आरपीएफ चौकी इंचार्ज एसआई अरविंद ने बताया कि अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

## डीएम के औचक निरीक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्री बर्खास्त, अनुपस्थित सेंटर सुपरवाइजर का रोका वेतन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को ब्लॉक हरगांव के मलिहाबाद उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उपकेंद्र तो खुला मिला, लेकिन कोई भी संबंधित कर्मचारी मौजूद नहीं था। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री को तत्काल नौकरी से बर्खास्त करने के निर्देश दिए है जिलाधिकारी ने सेंटर सुपरवाइजर का वेतन काटने और उसे नोटिस जारी करने के आदेश भी दिए साथ ही, डीएचएस में प्रस्ताव भेजते हुए संबंधित बैम शीला देवी का वेतन काटने के निर्देश दिए इसके अलावा संबंधित विकास खंड की सीएचओ बलजिंदर कौर की वार्षिक वेतन वृद्धि और पीबीआई बिल काटने के आदेश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करते समय चेकलिस्ट तैयार करें और सभी बिंदुओं की गहन समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि वीएचएसएनडी की चेकलिस्ट तैयार कर सीएचओ, एएनएम, बीएएम, एमओआईसी तथा संबंधित ब्लॉक के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराते हुए जांच के बाद प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जाए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सत्रों का संचालन निर्धारित समय और मानकों के अनुसार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे!!

## आर्यवीर 2025 का हुआ आगाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर:** आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, सीतापुर में आयोजित आर्यवीर 2025 का पहला दिन खेल भावना और उत्साह से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राम बक्श रावत, ब्लॉक प्रमुख सिधौली, सीतापुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सशक्त सिंह, प्रबंध निदेशक, आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, डीन एकेडमिक श्रीमती रुचि सिंह, उपनिदेशक डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अब्दुल रब खान, रजिस्ट्रार श्री रोहित सिंह सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**पहले दिन चारों हाउस-** नालंदा, तक्षशिला, उज्जैन और वल्लभी- के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। वॉलीबॉल के सेमीफ़ाइनल में नालंदा और वल्लभी के बीच हुआ कड़ा मुकाबला नालंदा हाउस ने अपने नाम किया। दूसरे सेमीफ़ाइनल में उज्जैन हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तक्षशिला हाउस को हराया।

**आउटडोर खेलों में शॉटपुट,** जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो एवं कबड्डी के मुकाबले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

**कबड्डी सेमीफ़ाइनल** 1 में तक्षशिला हाउस ने नालंदा हाउस को हराकर जीत दर्ज की। वहीं कबड्डी सेमीफ़ाइनल 2 में उज्जैन हाउस ने कड़े संघर्ष में वल्लभी हाउस को पराजित किया। वल्लभी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब प्रशंसा प्राप्त की।

वहीं इनडोर में शतरंज (बालिका वर्ग) में तक्षशिला हाउस विजेता रहा। कैरम (वर्ग) में भी तक्षशिला हाउस ने जीत दर्ज की। जबकि म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में नालंदा हाउस विजेता रहा। इस अवसर पर संकाय सदस्यों में राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, तबस्सुम बनो, अनुभा धुरिया, रेहान अहमद, अभिमन्यु, तान्या उपाध्याय, नीलम वर्मा, प्रांजुल वर्मा, मोहित यादव, साहिल सिंह, तिलक राज, अरुण सिंह, प्रीति यादव, प्रवीण, अबरार और रमा सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### समाजवादी पार्टी नेता सुधीर साहू की पत्नी आकांक्षा साहू का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी व सपा नेता सुधीर साहू की पत्नी का लंबी बीमारी के बाद इलाज़ के दौरान निधन हो गया। बताया जा रहा है कि बीती रात उनकी पत्नी आकांक्षा 35 वर्ष की तबीयत अचानक बिगड़ गई और ऑक्सीजन लेवल गिरने पर परिजन उन्हें रायबरेली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुँचे। जहां उपचार के दौरान उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली आकांक्षा साहू अपने पीछे पति सुधीर साहू और दो नन्हीं बेटियाँ – साम्भवी साहू (7) और सांवी साहू (साढ़े तीन वर्ष) – को रोता-बिलखता छोड़ गई। दोनों बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके निधन की खबर फैलते ही महराजगंज कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई सुबह से ही उनके निवास स्थान पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। समाज के प्रबुद्धजन, व्यापारी वर्ग और सपा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं। सभी ने आकांक्षा साहू के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है जानकारी के अनुसार, आकांक्षा साहू का अंतिम संस्कार डलमऊ के गंगा तट पर विधि-विधान के साथ किया गया जहां पर उपस्थित सैकड़ो लोगों ने नम आंखों से विदाई दी इस मौके पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, पीयूष साहू, शुभम साहू, मुन्नू साहू, विजय साहू, सौरभ साहू, परिमल साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष पिंटू सिंह, रिंकू जायसवाल, प्रिंकल सिंह, पूर्व सभासद विजय धीमान, माताफेर सिंह, गंगासागर पांडे, राम लखन यादव, लखनऊवा यादव, त्रिलोचन मौर्य, रामशरण साहू, शिव शरण साहू, अनिल गुप्ता, अनुराग अग्रहरी, जितेंद्र जायसवाल, सहित हजारों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### बाल श्रमिकों के प्रति संवेदनशील बने समाज- श्रम विभाग का जागरूकता अभियान




**हमीरपुर।** शहर में बुधवार के दिन बाल श्रमिक अवमुक्त अभियान के तहत श्रम विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों व अधिष्ठानों का निरीक्षण कर लोगों को जागरूक किया। टीम ने सभी से अपील की कि बाल श्रमिकों से कार्य कराना दंडनीय अपराध है और समाज को इसके विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। अभियान में श्रम विभाग से महेंद्र कुमार, विवेक मिश्रा, उबैद, चंद्र प्रकाश, सूरजभान शामिल रहे। साथ ही बाल कल्याण समिति अध्यक्ष विभा भारती,किशोर न्याय बोर्ड से कल्पना सोनी, बाल संरक्षण अधिकारी दीप्ति अग्निहोत्री तथा विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जया बाजपेई भी मौजूद रहीं। टीम ने कहा कि बाल श्रम रोकना सिर्फ कानून नहीं, बल्कि मानवता का कर्तव्य है।

### उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की अवशेष के संबंध में एक सप्ताह बाद पुनः होगी समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जिला संगठन के पदाधिकारियों की जिला विद्यालय निरीक्षक तथा लेखाधिकारी से अवशेष, प्रोन्नत वेतनमान आदि पर वार्ता अवशेष के संबंध में एक सप्ताह बाद पुनः होगी समीक्षा बैठक। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं संरक्षक, लखनऊ डा. आर.पी. मिश्र के साथ जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिलामंत्री महेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष आर.पी. सिंह एवं आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक ने जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार तथा लेखाधिकारी से धीरेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात कर जिला विद्यालय निरीक्षक/लेखा कार्यालय एवं विद्यालय स्तर पर लंबित अवशेष, एनपीएस, चयन/प्रोन्नत वेतनमान, वेतन निर्धारण, पदोन्नति, हरीशचंद्र इंटर कॉलेज एवं महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, मलिहाबाद के वेतन भुगतान आदि के संबंध में वार्ता हुई। वार्ता में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने आश्वस्त किया कि अवशेषों के भुगतान की ऑनलाइन व्यवस्था धरातल पर आने तक अवशेष के संबंध में पूर्व की व्यवस्था लागू रहेगी और जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से ही दो लाख तक के अवशेषों की अनुमन्यता के साथ ही भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा। जिला संगठन की मांग पर जनपद लखनऊ के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अवशेष भुगतान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक ने 309 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अवशेषों की अनुमन्यता की सूची वार्ता में जिला संगठन को उपलब्ध कराई और आश्वस्त किया कि इस वित्तीय वर्ष में सभी अवशेषों की अनुमन्यता कर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त ग्रांट को शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के खातों में हस्तांतरित किया जा रहा है। वार्ता में प्रोन्नत वेतनमान के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बैठक 6 नवंबर को हो चुकी है और उसमें 12 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। शेष लगभग 13 प्रकरणों पर आपत्तियां है जिनका निस्तारण कराया जा रहा है। शीघ्र प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृति के आदेश जारी किए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बालिका विद्यालयों के लिए शीघ्र ही प्रोन्नत वेतनमान की बैठक आयोजित किए जाने के लिए भी आश्वस्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने हरीश्चंद इंटर कॉलेज एवं महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, मलिहाबाद के शिक्षकों का वेतन भुगतान शीघ्र कराए जाने के लिए आश्वस्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने एनपीएस शिक्षक/शिक्षिकाओं के खातों को शीघ्र ही अपडेट कराये जाने के लिए आश्वस्त किया। यह भी आश्वस्त किया कि मार्च, 2025 की कटौती शीघ्र ही सभी खातों में सुलभ होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वस्त किया कि नोशनल वेतन वृद्धि के शेष प्रकरणों को विद्यालयों से मंगवाने के लिए पत्र लिखा जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वस्त किया कि बालक एवं बालिका विद्यालयों के विकल्प पत्र जो स्वीकृति हेतु उनके कार्यालय में लंबित है, उन्हें शीघ्र ही स्वीकृत किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने यह भी आश्वस्त किया कि उनके कार्यालय में पदोन्नति, चयन/प्रोन्नत वेतनमान एवं वेतन निर्धारण आदि के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

# देखते रहे लोग... मरती रही इंसानियत

**इंसानियत की लाश पर खड़ा ये आधुनिक समाज**

**मरती ज़िंदगी का लाइव वीडियो – समाज की शर्मनाक कहानी**

भीड़ थी। लोग थे। मोबाइल थे। कैमरे थे। बस इंसान नहीं थे। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में जो हुआ, वह सिर्फ एक युवती की हत्या नहीं थी—वह हमारी संवेदनाओं, हमारी मानवता और हमारी सामूहिक हिम्मत की भी निर्मम हत्या थी। बीच बाजार, दोपहर का वक्त, भीड़ भरा चौक—और अचानक एक युवक ने चाकू निकाला, अपनी प्रेमिका का गला रेता, वह ज़मीन पर गिर पड़ी, खून बहता गया और लोग? लोग बस देखते रहे। कोई वीडियो बना रहा था, कोई लाइव अपडेट दे रहा था, कोई बस चीख रहा था—लेकिन कोई आगे नहीं बढ़ा। किसी ने उस सिरफिरे को रोकने की कोशिश नहीं की। किसी ने उस युवती का हाथ थामने, उसकी ज़िंदगी बचाने की कोशिश नहीं की। यह कैसा समाज बन गया है हमारा? जहाँ मरती हुई लड़की को देखकर लोग 'क्लिप' बनाते हैं, 'कमेंट' करते हैं, लेकिन 'कदम' नहीं बढ़ाते। जहाँ इंसान की मौत अब 'कंटेंट' बन चुकी है। आज सोशल मीडिया के दौर में हम सब रिपोर्टर बन गए हैं, पर इंसान रहना भूल गए हैं। हर घटना को हम पहले कैमरे में कैद करना चाहते हैं, ताकि बाद में उसे शेयर कर सकें– 'देखो, मैं वहाँ था!' पर कोई यह नहीं सोचता कि, 'अगर मैं वहाँ था, तो मैंने क्या किया?' बालाघाट की यह घटना सिर्फ एक लड़की की नहीं, हर उस इंसान की कहानी है जिसे भीड़ ने मरने के लिए छोड़ दिया। समनापुर चौक पर भीड़ थी–सैकड़ों लोग मौजूद थे। अगर उनमें से पाँच लोग भी हिम्मत दिखा देते, तो शायद एक ज़िंदगी बच सकती थी। पर हम सब अब डर के खोल में जीते हैं–'कोई और कर लेगा', 'क्यों पड़े मुसीबत में', 'मुझे क्या लेना-देना'। यही 'मुझे क्या' वाली सोच अब हमारे समाज की सबसे बड़ी बीमारी बन चुकी है। कहते हैं, अपराधी से बड़ा अपराधी वह होता है जो अपराध होते हुए चुप रहता है। यह चुप्पी, यह निष्क्रियता ही आज हमारे समय का सबसे बड़ा पाप है। वह युवक–जो अपनी प्रेमिका का गला रेत रहा था–एक क्षण के लिए भी नहीं रुका। क्योंकि उसे पता था कि कोई नहीं रोकेगा। उसे पता था कि भीड़ बस तमाशा देखेगी। और हुआ भी वही। लोग चिल्लाते रहे, लेकिन दूर से। किसी ने आगे बढ़कर कुछ नहीं किया। कईयों ने वीडियो बनाया, ताकि शाम को 'व्हाट्सऐप स्टेटस' डाल सकें– 'शॉकिंग इंसेंट इन बालाघाट।' यह कैसी 'सभ्यता' है जहाँ संवेदनाएँ मर चुकी हैं, जहाँ बहादुरी की जगह बेशर्मी ने ले ली है, जहाँ इंसान के खून से ज्यादा 'व्यूज़' की कीमत है? बालाघाट की यह घटना कोई 'अलग मामला' नहीं है, बल्कि पूरे समाज की तस्वीर है। आज हर शहर, हर गली, हर मोड़ पर इंसानियत सांसें तो ले रही है, मगर ज़िंदा नहीं है। कोई महिला सड़क पर थप्पड़ खाए, कोई बच्चा ठोकर खाकर गिरे, कोई बुज़ुर्ग फुटपाथ पर बेहोश हो जाए–तो लोग दौड़कर मदद नहीं करते, बल्कि जेब से मोबाइल निकालते हैं। दर्द अब 'कंटेंट' बन चुका है, और करुणा 'डेटा पैक' में समा गई है। हम उस दौर में पहुँच गए हैं जहाँ मोबाइल की नीली रोशनी ने इंसान की आँखों की लाज निगल ली है। जहाँ कैमरे का फोकस तो चुभने लायक साफ़ है, पर दिल का ज़मीर धुँध में खो गया है। अब इंसानियत की पुकार नहीं सुनाई देती–बस नोटिफिकेशन की टिंग सुनाई देती है। क्या हमारा डर अब इतना विशाल हो गया है कि किसी की जान बचाना हमें 'खतरा' लगने लगा है? क्या हम इतने असहाय हो गए हैं कि अपराध रोकने की बजाय उसकी रिकॉर्डिंग में सुकून ढूँढ़ते हैं? क्या अब कानून का भय उन हाथों को भी बाँध देता है, जो किसी ज़रूरतमंद की मदद करना चाहते हैं? अगर हाँ–तो सच मानिए, समाज अब साँस तो ले रहा है, पर ज़िंदा नहीं है। हम सड़कों पर चलते हैं, दफ़्तरों में काम करते हैं, मंदिरों में सिर झुकाते हैं, पर भीतर से सब मर चुके हैं। अब हम इंसानों की भीड़ नहीं, बस एक चलती फिरती लाशों की बारात हैं–जो इंसानियत की मिट्टी ढो रही है, दिन-रात, बेख़बर, बेजान। हर व्यक्ति को खुद से यह सवाल पूछना होगा–अगर कल मेरे सामने कोई मर रहा हो, क्या मैं मदद करूँगा या वीडियो बनाऊँगा? अगर जवाब 'मैं मदद करूँगा' है, तो फिर वक्त है अभी से शुरुआत करने का। हर छोटे से छोटे मौके पर–किसी को गिरते देख उठाने में, किसी अनजान के आँसू पोंछने में, किसी घायल को अस्पताल पहुँचाने में। यही वो छोटे कदम हैं जो समाज में बड़ा बदलाव लाते हैं। हमारे देश में कानून भी स्पष्ट कहता है – 'गुड समैरिटन' यानी नेक इरादे से मदद करने वाला कभी सज़ा का हकदार नहीं होता। तो फिर डर किस बात का? डरना छोड़िए, आगे बढ़िए। दुनिया को और कानून को नहीं, अपने ज़मीर को जवाब दीजिए। बस ज़रूरत है दिल के भीतर सोई इंसानियत को जगाने की–क्योंकि जब एक इंसान हिम्मत दिखाता है, तभी इंसानियत ज़िंदा रहती है।




बालाघाट की वह युवती अब इस दुनिया में नहीं है–पर उसकी आखिरी चीख, उसकी वह टूटी हुई पुकार 'कोई तो रोक लो' अब भी हवाओं में तैर रही है। वह आवाज़ हम सब इंसान को पुकार रही है कि जो उस दिन चुप रहा, जो बस देखता रहा, जो अपनी खामोशी से कातिल का साथी बन गया। वह युवती मरी, पर सिर्फ एक शरीर नहीं गिरा–गिरा तो हमारा ज़मीर, हमारी इंसानियत, हमारा साहस। क्योंकि जब समाज तमाशबीन बन जाता है, तब खंजर सिर्फ हाथ में नहीं होता, वह हर उस आँख में होता है जो चुपचाप देखती रहती है। अपराधी अकेला नहीं था–हम सब वहीं खड़े थे, अपने-अपने कैमरों में ज़िंदगी का आखिरी दृश्य कैद करते हुए। और उस एक पल में, हमने इंसानियत को मार दिया। अब वक्त है कैमरे नीचे रखने का और हिम्मत उठाने का। ताकि अगली बार कोई लड़की मरे नहीं, कोई माँ बिलख न जाए, बल्कि यह कहा जा सके– 'इस बार किसी ने चुप नहीं देखा इस बार किसी ने इंसान बनकर साथ दिया।'

**प्रो. आरके जैन**

# ब्रेनवॉश से साजिश :उच्च शिक्षित डॉक्टर बन गए दहशतगर्द ?

राजधानी दिल्ली में लालकिला विस्फोट साजिश मामले में उच्च शिक्षित छह डॉक्टरों के नाम जुड़ जाने के बाद कई मिथक टूट रहे हैं जैसे अशिक्षा और बेरोजगारी आतंकवाद को जन्म देती है आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। इस मामले में शिक्षित और लाखों मासिक की तनख्वाह पाने वाले सभी मुस्लिम दहशतगर्दी की साजिश से जुड़े मिले हैं। सवाल है कि इन्हें कौन रेडिक्क्लाइज (उग्र कट्टरपंथी ) बना रहा है? जिंदगी देने वाले डॉक्टर ही दहशत फैलाने का औजार कैसे बन गए? ये कौन सी मजहबी तालीम है जो उच्च शिक्षित एम डी डॉक्टर्स का भी ब्रेनवॉश कर उन्हें दहशत फैलाने के नापाक मंसूबों से जोड़ देती है? पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग शहरों में आतंकियों की गिरफ्तारी और विस्फोटक सामग्रियों की बरामदी के बीच सोमवार शाम को लाल किले के पास जोरदार धमाका होना इस बात का प्रमाण है कि संभवत आतंकियों ने इस घटना को बौखलाहट में अंजाम दिया है, लेकिन इसके साथ यह भी साबित होता है कि आतंकी देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी जड़े जमा चुके है। आतंक का जाल पूरे देश में फैल चुका है। दिल्ली में लाल किले के पास हुए जोरदार धमाके में 12 लोगों की मौत और दो दर्जन से ज्यादा लोगों का घायल होना काफी दुःखद और हृदयविदारक घटना है, क्योंकि यह विस्फोट इतना भयानक था कि लोगों के चिथड़े उड़ गए। धमाके की वजह साफ नहीं है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने इस संबन्ध में कुछ नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि आतंकियों ने ही अपने नापाक मनसूबों को अंजाम दिया है। संभवत दिल्ली में विस्फोट कर आतंकी पूरे देश में यह संदेश देना चाह रहे हैं कि तमाम गिरफ्तारियों के बीच उनका मनोबल गिरा नहीं है। दिल्ली, जो देश की प्रशासनिक और राजनीतिक धुरी है, में लाल किले जैसा ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक स्थान पर धमाका होना, सीधे-सीधे देश की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया एजेंसियों को चुनौती है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में व्यापक छापेमारी चल रही थी और सात संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। इसलिए यह मानना तर्कसंगत होगा कि यह धमाका आतंकियों की बौखलाहट में की गई कार्रवाई हो सकती है, लेकिन इसकी भयावहता इस बात में है कि यह दिखाता है कि नेटवर्क अब भी सक्रिय और संगठित है। आंकड़े और घटनास्थल की विस्तृत जानकारी ने यह संकेत दिया है कि यह कोई साधारण विस्फोट या हमला नहीं था, बल्कि लंबी परतों में फैला एक नेटवर्क चल रहा था। देश में विभिन्न स्थानों से कुल मिलाकर लगभग तीन टन के आसपास विस्फोटक पदार्थ और संबंधित सामग्री बरामद हुई है, और मामला एक 'व्हाइट कलर' आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा बताया जा रहा है यानी प्रोफेशनल्स, छात्र और नागरिक का भी शामिल होना समझ को झकझोर देता है। सबसे स्तब्ध करने वाली बात यह है कि जिन लोगों पर संदेह हुआ उनमें मेडिकल डॉक्टर भी शामिल थे। रिपोर्ट बताती ताती हैं कि अनंतनाग के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज से एके-47 राइफल बरामद की गई और दो-तीन डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद यहीं से छानबीन आगे बढ़ी। जिन डॉक्टरों का नाम सामने आया है, उनमें अब जिन्हें हिरासत में लिया गया जिस कार में विस्फोट किया गया उसे भी एक डॉक्टर उम्र चला रहा था कुल छह डॉ के नाम सामने आ चुके हैं। इस से पता चल रहा है कि कैसे ईमानदार पेशेवर आड़ लेकर संवेदनशील स्थानों और सामाजिक विश्वास के ऊपर से भी आतंकी गतिविधियों को संचालित किया जा सकता है। इससे पहले गुजरात से तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं। आतंकियों ने हमले की तैयारी के लिए अहमदाबाद, लखनऊ और दिल्ली जैसे शहरों की रेकी की थी और आतंकी घटनाओं से इन्हें दहलाने की साजिश भी रची थी। आतंकियों के मुताबिक अहमदाबाद के भीड़भाड़ वाले इलाकों का नक्शा तैयार किया गया था। वहीं लखनऊ में आरएसएस के कार्यालय को भी निशाना बनाने के मंसूबे थे। दिल्ली में आतंकियों की नजरें आजादपुर मंडी इलाके पर थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आतंकी राइसिन नामक जहर बना रहे थे जिससे हजारों लोगों को जान से मारने की तैयारी थी। पुलिस पूछताछ में एक अहम खुलासा यह भी हुआ था कि आतंकवादी आजाद शेख एक हफ्ते तक जम्मू-कश्मीर में रहा था, जहां पर उसने कुछ संवेदनशील इलाकों की जानकारियां भी जुटाई थीं। आतंकियों ने हर जगह पर मौसम, शहरी बनावट और ट्रैफिक की पुख्ता जानकारी जुटाई थी। सभी आतंकी पाकिस्तान से संपर्क में थे और अपने आकाओं के इशारों पर काम कर रहे थे। पाकिस्तानी आकाओं के इशारों पर ही आतंकियों ने भारत में बड़े नरसंहार की योजना रची थी। वह लोगों को राइसिन नाम का जहर देकर मारने की प्लानिंग कर रहे थे। आतंकी अहमद सैयद कई दिनों से राइ?सिन पॉइजन इकट्ठा कर रहा था, ताकि मंसूबों को अंजाम दिया जा सके। निःसंदेह यह दौर बहुआयामी चुनौतियों का है। एक ओर केंद्र तथा राज्य एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई और अंतर-एजेंसी समन्वय का जो नमूना हमें इन छापों से दिखा, वह सराहनीय है, सही सूचना-इंटेलिजेंस के भरोसे तेजी से छापे हुए गए और संभावित बड़े हादसों को रोका गया। दूसरी ओर यह भी स्पष्ट है कि हमारी जांच-विधान, संस्थागत निगरानी और पंजीकरण तंत्र में ऐसे षड्यंत्रों को पकड़ने-समेत रोकने के लिए और सुधार की जरूरत है। आज जिस तरह से आतंकवाद का चेहरा परिवर्तित हो रहा है, निःसंदेह वह भयभीत करने वाला है। लेकिन इससे कल होशियार होना भी आसान है, क्योंकि जब हमें पता चल गया है कि डॉक्टर, प्रोफेशनल्स, छात्र संघ, कहीं-कहीं सामान्य दिखने वाला व्यक्ति भी हमारी सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरा बन सकता है, तो हमें सिर्फ चिन्ता नहीं करनी, बल्कि सटीक कार्रवाई करनी होगी। आतंक को मात देने का समय अब है। हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना, बल्कि आगे बढ़ना है, सामूहिक रूप से, सतर्क रूप से, अडिग रूप से। मगर इतना तय है कि लाल किले के पास धमाका कोई साधारण घटना नहीं है, यह एक तरह से देश पर हमला है। यह हम सबको यह याद दिलाता है कि आतंक का जाल अब हमारी गलियों, विश्वविद्यालयों, डिजिटल चैट ग्रुपों और वित्तीय तंत्रों में घुस चुका है। अब यह युद्ध सिर्फ सैनिकों या पुलिस का नहीं, बल्कि नागरिक समाज, तकनीकी संस्थानों, शिक्षकों, और नीति निर्माताओं सहित हम सबका है। हमें एक ऐसे भारत का निर्माण करना होगा जहां सुरक्षा सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि विश्वास, शिक्षा, न्याय और एकता से सुनिश्चित की जाए। आतंकवाद को हराने का अर्थ सिर्फ आतंकियों को मारना नहीं, बल्कि उस मानसिकता को खत्म करना है जो उन्हें जन्म देती है। इसके लिए सबसे पहले खुफिया एजेंसियों को देश में फैले आतंक के जाल को तोड़ना होगा और यह काम सभी केंद्र और राज्य एजेंसियों को मिलकर करना होगा। यह काम आम नागरिकों के सहयोग के लिए बिना संभव नहीं है। देश के राजनीतिक पार्टियों को भी चाहिए कि इस विषय पर राजनीति नहीं करते हुए सरकार का साथ दें। आतंकवाद पर किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं हो। हकिकत यह है कि भारत का हर नागरिक, सुरक्षा संस्था और राज्य प्रशासन मिलकर इस खतरे को तब तक नहीं जीत सकते जब तक हम इसके स्रोत, नेटवर्क, लॉजिक और सहयोगियों तक पहुंच नहीं पाते। हमें एक रणनीति के साथ काम करना होगा, जहां आतंक सिर्फ दवाया नहीं जाए, बल्कि जड़ से उखाड़ दिया जाए। सभी के सहयोग से ही देश में फैले आतंक के जाल को तोड़ा जा सकता है लेकिन उच्च शिक्षित डाक्टरों का आतंकी तंजीम से जुड़ना बेहद चौकाने वाला और गहन चिंता का विषय है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# धीरेन्द्र शास्त्री की 'सनातन यात्रा': धार्मिक-सांस्कृतिक आंदोलन या पुनर्जागरण का सामाजिक संदेश

भारत का इतिहास साक्षी है कि यह भूमि सदैव यात्राओं की रही है। यहां यात्राएँ केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि आत्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण का माध्यम रही हैं। राम का वनगमन धर्म और मर्यादा के पालन की जीवंत प्रतिमा था; महात्मा बुद्ध की पदयात्राओं ने करुणा और संयम का बीज बोया; आदि शंकराचार्य का भारत भ्रमण अद्वैत दर्शन और राष्ट्रीय एकात्मता का सूत्रधार बना; और महात्मा गांधी का दांडी मार्च औपनिवेशिक अन्याय के विरुद्ध जनचेतना का उद्घोष। इतिहास में दर्ज ये यात्रा-परंपरा समय-समय पर भारतीय समाज को नई दिशा देती आई है।इसी परंपरा की समकालीन कड़ी के रूप में बागेश्वर धाम सरकार के प्रमुख पूज्य पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा आरंभ की गई 'सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा' वर्तमान भारत की सांस्कृतिक चेतना का नया अध्याय बनती दिखाई दे रही है। दिल्ली के प्राचीन आद्य कात्यायनी शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर वृंदावन के श्री बाँके बिहारी मंदिर तक पहुँचने वाली यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण सिद्ध हो रही है।इस यात्रा का उद्देश्य स्पष्ट है-सनातनी समाज को जागृत और संगठित करना, भक्ति भाव जगाना और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना। बाबा बागेश्वर धाम के शब्दों में, 'हम सब उसी सनातन संस्कृति के अंग हैं, जिसके केंद्र में करुणा, सत्य और सेवा है। भेद केवल पंथ का है, धर्म का नहीं।' इस यात्रा का स्वर इस वाक्य में निहित है-धर्म को जोड़ने और जाग्रत करने का माध्यम बनाना।यह यात्रा प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं, संतों, युवाओं और परिवारों की सहभागिता से आगे बढ़ रही है। इस यात्रा में भगवा पताकाओं की छटा, भजन-कीर्तन की गूंज और वैदिक मंत्रों की लयबद्ध स्वरधारा श्रद्धा और अनुशासन का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत कर रही है।

मार्ग में स्थानीय समाजसेवक, स्वयंसेवी संगठन और ग्राम समितियाँ श्रद्धालुओं के लिए भोजन, चिकित्सा और आवास की व्यवस्था में स्वेच्छा से सहयोग कर रहे हैं। यह सहयोग इस यात्रा को सामाजिक सद्भाव और परस्पर सेवा का जीवंत प्रतीक बना रहा है, जहाँ जाति, वर्ग और क्षेत्रीय सीमाएँ अप्रासंगिक हो गई हैं। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भारतीय अवधारणा का जीवंत रूप है।यह यात्रा हमें स्मरण कराती है कि धर्म केवल अनुष्ठान या आचार नहीं, बल्कि समाज के भीतर सेवा, सद्भाव और सह-अस्तित्व की भावना है। दिल्ली से वृंदावन तक का मार्ग आधुनिकता और अध्यात्म, प्रौद्योगिकी और परंपरा, प्रगति और संस्कृति के समन्वय को दर्शाता है। वास्तव में यही सनातन संस्कृति की आत्मा है- नवीनता में निहित प्राचीनता।कुछ आलोचक इस यात्रा को प्रचार का माध्यम बता सकते हैं, किंतु वस्तुतः इसका प्रभाव इससे कहीं व्यापक है। यह यात्रा यह संदेश देती है कि जब धर्म जोड़ने का कार्य करता है, तभी वह लोकधर्म बनता है। जब वह सेवा और समरसता का साधन बनता है, तभी वह समाज के उत्थान की शक्ति बनता है। श्री धीरेन्द्र शास्त्री की पहल इस तथ्य को पुनः प्रतिपादित करती है कि सनातन धर्म किसी एक वर्ग या समूह का नहीं, बल्कि सबका धर्म है-जो स्वीकृति, करुणा और सहअस्तित्व पर आधारित है। निष्कर्षतः 'सनातन यात्रा' केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि समाज के अंतर्मन में सोई हुई आत्मचेतना को जगाने का एक संगठित प्रयास है। यह यात्रा हमें



स्मरण कराती है कि सनातन धर्म एक जीवन-दर्शन है- 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की साकार व्याख्या।

इस यात्रा में धर्म जोड़ने की शक्ति , संस्कृति जीवन का उत्सव, और समाज सामूहिक चेतना के मार्ग पर अग्रसर होता दिख रहा है। यह यात्रा इस बात का सशक्त प्रमाण है कि भारत की आत्मा अब भी अपनी जड़ों और अपने मूल्यबोध की ओर लौटने के लिए तत्पर है-एकता और आध्यात्मिकता के मार्ग पर। मैं तो श्री धीरेन्द्र शास्त्री को इस हिन्दू जागरण यात्रा के लिए नमन करता हूं।

**डा मनमोहन प्रकाश**

# संपादकीय

## बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली और अल्पसंख्यक समुदाय को सत्ता रही हिंसा की आशंका

भारत की भागीदारी से जिस बंग्लादेश को अलग देश बनाया गया।वही आज हिन्दू अल्पसंख्यक हिंसा के शिकार हो रहे है।भारत के राजनयिक सम्बंधो को दरकिनार कर शेख हसीना का तख्तापलट करने वाले कट्टरपंथी समाज अल्पसंख्यक हिन्दुओ के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है।बांग्लादेश दक्षिण एशिया में एक मुस्लिम बहुल राष्ट्र है जहाँ लगभग 8% से अधिक आबादी हिन्दू अल्पसंख्यक हैं। जम्मा ए-इस्लामी जैसे इस्लामवादी एवं धर्मनिरपेक्ष राजनीति में सक्रिय समूह देश की राजनीतिक सामाजिक तस्वीर को जटिल बना देते हैं। इसके अतिरिक्त, राजनीतिक दलों और सरकार के बीच सत्ता-संघर्ष के कारण यही जनसंघर्ष अक्सर सामाजिक तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्रभावित करता रहा है।वर्तमान में बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली की अवधारणा उस बदलाव के संदर्भ में उठ रही है जिसे छात्र आंदोलन, नागरिक समाज और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने मांग किया है। हालांकि, स्पष्ट रूप से यह प्रणाली देश में लागू है या नहीं,यह सवाल बना हुआ है। एक सरकारी जानकारी के मुताबिक जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-आंदोलनों के बाद नया अंतरिम सरकार चुनावी सुधार एवं प्रशासनिक सुधार की दिशा में काम कर रही है।समानुपातिक प्रतिनिधित्व का उद्देश्य है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व सिर्फ बहुमत वाले धड़ों तक सीमित न रहे बल्कि जाति, धर्म, क्षेत्र, लिंग आदि विविध समूहों को भी संसद-स्थानिक शासन में उचित भागीदारी मिले। यदि इस तरह की प्रणाली बांग्लादेश में पूरी तरह लागू हो जाए, तो अल्पसंख्यकों-विशेषकर हिन्दुओं के लिए बेहतर प्रतिनिधित्व संभव हो सकता है। जमात -ऐ-इस्लाम (जमात) बांग्लादेश में इस्लामी विचारधारा वाले प्रमुख राजनीतिक संगठन है जिसे कई आलोचकों द्वारा कट्टरवाद और अल्पसंख्यकों विरोधी कार्रवाई से जोड़ा गया है। उदाहरण के लिए जुलाई-अगस्त 2024 के दौरान छात्र-आंदोलन हिंसक मोड़ लेने पर जमात-छात्र संगठन (Islami Chhatra Shibir) सहित कुछ इस्लामी समूहों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगा था। इन आंदोलनों तथा रैलियों का उद्देश्य अक्सर सरकार-नीति से असन्तुष्ट आवाज उठाना, प्रशासनिक सुधार की मांग करना, या सत्ता-विग्रह की स्थिति बनाना रहा है। हालांकि, जब यह प्रदर्शन हिंसात्मक बने, तो सामाजिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर गंभीर असर हुआ। शेख हसीना के विरुद्ध13 नवम्बर को सजा-घोषणा भारत मे रह रही शेख हसीना को 13 नवम्बर को सजा सुनाने की प्रकिया शुरू होगी।हाल के वर्षों में बांग्लादेश में राजनीतिक- हिस्सेदारी के चलते कई बड़े मुकदमों और सजा-घोषणाओं की चर्चाएँ हुई हैं।शेख हसीना की सजा के संदर्भ में जहाँ तक देखा जा सकता है, ऐसा कोई स्पष्ट निर्णय नहीं मिल रहा है कि उन्हें सजा सुनाई गई हो। लेकिन उन पर इस्तीफा और सत्ता-परिवर्तन जैसी महत्वपूर्ण घटनाएँ हुई हैं। जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना ने 5अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में यदि सजा से उनका पदच्युत होना या किसी अन्य कानूनी कार्रवाई को हम समझ रहे हैं, तो यह टिप्पणी योग्य है कि राजनीतिक अस्थिरता एवं हिंसा-प्रवण माहौल ने देश में कानून-व्यवस्था को तलहटी पर ला दिया है। बांग्लादेश में हाल के वर्षों में राजनीतिक आंदोलन, प्रदर्शन, छात्र आन्दोलन, सांप्रदायिक तनाव अल्पसंख्यकों विशेषकर हिन्दुओं के विरुद्ध हिंसा के कई प्रमाण सामने आए हैं। जुलाई 2024 में बांग्लादेश के कई विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने सरकारी नौकरी में कोटा प्रणाली, प्रशासनिक असमानताओं और अन्य सामाजिक-शिक्षण मुद्दों के खिलाफ आन्दोलन खड़ा किया था। इसके जवाब में सरकार ने इंटरनेट बंदी, कर्फ़्यू, सेना-पुलिस तैनाती जैसे उपाय अपनाए। मानवाधिकार संगठनों ने सूचना दी है कि इन प्रदर्शनकारियों पर पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग हुआ । आरयूबीरू (rubber bullets), लाइव गोलियां, कंधे-पीछे निशाने, आदि रही है। प्रदर्शनों तथा राजनीतिक उथल-पुथल के बीच हिन्दू अल्पसंख्यक समुदाय विशेष रूप से प्रभावित रहा है। अगस्त 2024 में हिन्दू व्यापारियों ने शिकायत की कि जब शेख हसीना इस्तीफा देने के बाद प्रदर्शनकारी घरों-दुकानों पर हमला कर रहे थे, तो हिन्दू व्यवसायों को निशाना बनाया गया। हिन्दू मंदिरों, पूजा-स्थलों तथा समुदाय के सामाजिक चिन्हों पर हमले की खबरें आई। यह स्थितियाँ यह इंगित करती हैं कि राजनीतिक अस्थिरता समय में अल्पसंख्यक की सुरक्षा कमजोर हो जाती है।क्योंकि भीड़-भिड़ समुदायों-विरोधी रुख अपना सकती है, या सुरक्षा तंत्र असमर्थ रह सकती है।

सामाजिक भरोसा टूट रहा है।हिन्दू-मुस्लिमअल्पसंख्यक-बहुसंख्यक बीच मेंराजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं सुरक्षा की कमी गंभीर चिंता का विषय बन गई है।सरकार-सत्ताधारी दल तथा विपक्ष-पक्षी दलों के बीच कट्टरता और प्रतिशोध की प्रवृत्ति बढ़ गई है, जिससे कानून-व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है। बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व का महत्व और चुनौतियाँ को देखते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के लिए गम्भीर संकट है। समानुपातिक प्रतिनिधित्व का मॉडल उस स्थिति से बेहतर माना जाता है जहाँ एक ही धड़े द्वारा अधिकांश बहुमत जीत ले और अन्य छोटे-वोटर समूह अनदेखे रह जाएँ। यदि बांग्लादेश में PR लागू हुआ या हो रहा है, तो इसके निम्न लाभ-हानि व्याख्यायित किये जा सकते हैं। अल्पसंख्यकों जैसे हिन्दू को संसद-विधान परिषद में बेहतर भागीदारी मिल सकती है। राजनीतिक दलों को वोट-विभाजन तथा विविधता को धारण करना पड़ेगा, जिससे ध्रुवीकरण कम हो सकता है। सामाजिक न्याय व समावेश नीति को बढ़ावा मिलता है। राजनीतिक-संस्थागत संरचना सेक्युलर बनाम धर्मनिरपेक्ष, सेना-साहाय, प्रशासनिक प्रभाव ने PR को अपनाना कठिन बना दिया है।हिंसा और ध्रुवीकरण के कारण छोटे समूहों का डर और असुरक्षा बनी रहती है।यदि सत्ता-संघर्ष और हिंसा बनी रही, तो PR सिर्फ नाम का बदलाव हो सकता है, मूल सामाजिक सुरक्षा नहीं बनी।यदि हिन्दू समुदाय PR के लाभ उठा सकें, तो उन्हें सक्रिय-पोलिटिकल भागीदारी, सामाजिक-संरक्षण तथा स्थानीय स्तर पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना होगा।सामुदायिक संगठन बनाएँहिन्दू समुदाय को स्थानीय-स्तर पर संगठित होना चाहिए ।मंदिरों, पूजा-स्थलों, व्यवसाय समुदायों के बीच नेटवर्क हो। इससे किसी भी हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में जल्दी प्रतिक्रिया संभव हो सकेगी।राजनीतिक विरोधाभास, छात्र आंदोलन, जनमत रैली इत्यादी के समय सामाजिक तनाव बढ़ सकता है। इस दौरान हिन्दू-व्यापार, पूजा-स्थल, सार्वजनिक जगहों पर सावधानी बरतें।यदि रैली या विरोध प्रदर्शन होने जा रहा हो, तो वहाँ से थोड़ी दूरी बनाए रखें।स्थानिक पुलिस- स्टेशन, सामुदायिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं से पहले-से संपर्क बनाए रखें।पूजा-स्थलों व हिन्दू-आयोजन के समय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रवेश-नियंत्रण, सीसीटीवी, स्थानीय पुलिस-सहाय।यदि किसी समूह द्वारा धमकी मिल रही हो, तुरंत दर्ज करें और समुदाय-सहाय जुटाएँ।संपत्ति-व्यवसाय के भवनों, दुकानों पर विशेष निगरानी रखें, विशेष रूप से राजनीतिक अशांति के दौरान। राजनीतिक भागीदारी बढ़ाएँ स्थानीय चुनावों, पंचायत नगर-स्तर शासन में हिन्दू प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की कोशिश करें।राजनीतिक दलों से संवाद रखें और पहचान बनाएं कि हिन्दू-समुदाय मात्र वोट बैंक नहीं बल्कि सक्रिय भागीदार है। चुनावी समय में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी वोटिंग करें एवं स्थानीय नेताओं को जवाबदेह बनाएं कि वे अल्पसंख्यकों-हित में काम करें।कानूनी जानकारी एवं समर्थन जुटा जात-धर्म-आधारित उत्पीड़न, अल्पसंख्यक-विरोधी हमले आदि की जानकारी रखें, और आवश्यक कानूनी सहायता के लिए संपर्क रखें।सामाजिक संगठनों-मानवाधिकार समूहों की सहायता लें, राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों को उपयोग करें। मीडिया में सूचना पहुँचाएँ, सोशल मीडिया-नेटवर्क को जागरूक करें। सामुदायिक सामाजिक-संबंध बनाएँ। अन्य धर्म-समुदायों, मुसलमानों, स्थानीय प्रशासन एवं नागरिक समाज से संवाद बनाएँ।यह निष्पक्ष सहयोग अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण है। शिक्षा-प्रचार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सह-अस्तित्व और आपसी भरोसा बढ़ाएँ। स्वयं-रक्षा-संबंधी जागरूकता अभियान चलाएँ कि किस प्रकार तनाव-वाले समय में प्रतिक्रिया की जाए, किन स्थितियों में पुलिस-प्रशासन से संपर्क करें। बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व की दिशा में संभावनाएँ खुल रही हैं, लेकिन राजनीति-सामाजिक अस्थिरता, हिंसा-प्रवण माहौल और अल्पसंख्यकों के प्रति बढ़ते खतरे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सिर्फ कानूनी बदलाव ही पर्याप्त नहीं हैं । सुरक्षा, भागीदारी, जागरूकता एवं सामाजिक-संबंधों का समन्वित विकास आवश्यक है। हिन्दू समुदाय को सक्रिय रूप से अपनी सुरक्षा-योजना विकसित करनी होगी ।न कि सिर्फ रक्षा-मोड में, बल्कि भागीदारी-मोड में। इससे अल्पसंख्यको के लिए बंग्लादेश में सुरक्षा उपलब्ध हो सकती है।

**कांतिलाल मांडोत**

# एग्जिट पोल ने दिए बिहार में एनडीए की वापसी के संकेत

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का माहौल एक बार फिर राजनीतिक तापमान को चरम पर ले आया है। मतगणना से पहले आए एग्जिट पोल नतीजों ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि राज्य में सत्ता की बागडोर एक बार फिर से एनडीए गठबंधन के हाथों में जा सकती है। लगभग सभी प्रमुख सर्वे एजेंसियों ने एनडीए को बहुमत से कहीं अधिक सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है, जबकि महागठबंधन पिछड़ता हुआ दिख रहा है। यह स्थिति बिहार की राजनीति में एक बार फिर उस निरंतरता को दर्शाती है, जो नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास, सुशासन और स्थिरता के नाम पर वर्षों से कायम है। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए इस बार का चुनाव दो चरणों में संपन्न हुआ। दूसरे और अंतिम चरण में मतदान का प्रतिशत 67.14 तक पहुँचा, जो अब तक के इतिहास में सबसे अधिक है। इतनी बड़ी संख्या में जनता का मतदान करना इस बात का प्रमाण है कि बिहार का मतदाता अब राजनीति को लेकर पहले से कहीं अधिक जागरूक, विचारशील और निर्णायक बन चुका है। मतदान के तुरंत बाद जारी हुए सात प्रमुख एग्जिट पोल्स में से लगभग सभी ने एनडीए को 147 से 167 सीटों के बीच पहुँचने का अनुमान दिया है, जबकि महागठबंधन को 70 से 102 सीटों तक सीमित बताया गया है। प्रशांत किशोर की नई पार्टी 'जन सुराज' को उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन न करते हुए नगण्य सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। इस बार का चुनाव कई मायनों में खास रहा। एक ओर जहाँ एनडीए ने अपने विकास कार्यों, कल्याण योजनाओं और जातिगत समीकरणों को मजबूती से साधे रखा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष बेरोजगारी, पलायन और महंगाई जैसे पुराने मुद्दों के सहारे जनसमर्थन जुटाने की कोशिश में लगा रहा। नीतीश कुमार ने अपनी छवि को 'विकास पुरुष' और 'सुशासन बाबू' के रूप में एक बार फिर स्थापित करने की पूरी रणनीति अपनाई। बीजेपी, लोक जनशक्ति पार्टी और हिंदुस्तान अवामी मोर्चा जैसे सहयोगी दलों ने मिलकर पूरे राज्य में एक संगठित अभियान चलाया, जिसका असर मतदान प्रतिशत और जनमत दोनों में दिखाई दिया। महागठबंधन, जिसके केंद्र में इस बार भी तेजस्वी यादव थे, ने युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने जैसे वादों पर जोर दिया, परंतु उसका प्रभाव सीमित क्षेत्रों तक ही सिमटा रहा। ग्रामीण इलाकों और युवा मतदाताओं में एनडीए की अपील इस बार कहीं अधिक दिखी। खासकर प्रवासी मतदाता, जिन्होंने कोरोना काल और उसके बाद के आर्थिक संकट का सामना किया था, वे स्थिर शासन और निरंतर विकास की आशा में फिर उसी दिशा में झुकते नजर आए। दूसरी तरफ, प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी, जो शुरुआत में राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनी थी, अंततः आम वोटर के बीच कोई ठोस पहचान नहीं बना सकी। इस चुनाव का एक उल्लेखनीय पहलू यह भी रहा कि प्रशासनिक स्तर पर चुनाव आयोग ने बेहद सख्त और पारदर्शी प्रबंधन किया। नेपाल सीमा को 72 घंटे तक सील कर देना और सीमावर्ती जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती ने न केवल मतदान को शांतिपूर्ण बनाया, बल्कि इससे मतदाताओं में सुरक्षा की भावना भी बढ़ी। इसका नतीजा यह हुआ कि लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया और लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एग्जिट पोल्स के रुझानों को देखकर राजनीतिक विश्लेषक यह मानने लगे हैं कि बिहार की जनता ने इस बार भी 'स्थिर सरकार' और 'विकास की निरंतरता' को प्राथमिकता दी है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले दो दशकों में बिहार ने बुनियादी ढाँचे, सड़क, बिजली, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो सुधार देखे हैं, वे अब राज्य की राजनीति की मूल पहचान बन चुके हैं। यही वजह है कि कई मतदाता जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर विकास के मुद्दे पर मतदान करते दिखाई दिए। हालांकि यह भी ध्यान देने योग्य है कि एग्जिट पोल्स हमेशा अंतिम सच्चाई नहीं होते। 2020 के विधानसभा चुनावों में भी अधिकतर सर्वे एजेंसियों ने महागठबंधन को बढ़त दी थी, लेकिन अंतिम नतीजों में एनडीए ने सरकार बनाई। इसलिए 14 नवंबर को जब मतगणना होगी, तब ही असली तस्वीर साफ़ होगी। फिर भी, वर्तमान परिदृश्य यह संकेत दे रहा है कि नीतीश कुमार और एनडीए गठबंधन ने अपनी पकड़ अभी भी मजबूत बनाए रखी है। राजनीतिक रूप से यह चुनाव कई शिक्षाएँ भी छोड़ जाएगा। पहली–बिहार में अब सिर्फ जातीय समीकरणों से सत्ता नहीं मिल सकती; जनहित की योजनाएँ और ठोस कामकाज ही निर्णायक साबित हो रहे हैं। दूसरी–युवा और महिला मतदाता अब चुनावी गणित को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। और तीसरी–नई राजनीतिक पार्टियों के लिए राज्य में जगह बनाना अब पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है, क्योंकि मतदाता अब 'पर्याप्त अनुभव' और 'स्थिर नेतृत्व' की अपेक्षा रखता है। अगर एग्जिट पोल्स की भविष्यवाणी वास्तविक परिणामों में बदलती है, तो यह न केवल बिहार की राजनीति में एनडीए के एक और दशक के प्रभुत्व की पुष्टि करेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी इसके राजनीतिक निहितार्थ होंगे। बिहार के इस जनादेश को एक व्यापक संदेश के रूप में देखा जा सकता है–जनता विकास, स्थिरता और सुशासन को नारेबाज़ी से अधिक महत्व देती है। लोकतंत्र की असली ताकत यही है कि जनता हर बार अपने अनुभव, अपेक्षाओं और विश्वास के आधार पर निर्णय लेती है। बिहार ने इस बार फिर वही किया है–वह राजनीति को नहीं, अपने भविष्य को वोट दे रहा है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजित उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## भागवत कथा का आयोजन आज से

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर के गोला वार्ड में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 13 नवम्बर से लेकर 19 नवम्बर तक किया गया है। कथा का रसपान प्रसिद्ध कथावाचक पं राहुल त्रिपाठी जी करायेंगे। आगामी 20 नवम्बर को पुर्णाहुति एवं भण्डारे का आयोजन किया गया है। उक्त सूचना चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने दी।

## ट्रैफिक जाम में फंसकर कराह रहे राहगीर व दुकानदार



**-अन्तहीन समस्या है खजुहा का जाम**
**-मूकदर्शक बना प्रशासन**

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर का खजुहा चौराहा ट्रैफिक जाम का दूसरा नाम बन गया है। त्योहारों में कौन कहे सामान्य दिनों में भी चौराहे पर घण्टों जाम लगता है। जिससे चौराहे पर तू-तू-मैं-मैं की स्थिति पैदा हो जाती है। खजुहा चौराहा रुद्रपुर नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा साबित हो रहा है। रुद्रपुर से बड़हलगंज के रास्ते बनारस की तरफ जाने वाली सभी बड़ी ट्रकें नजदीक होने के कारण रुद्रपुर उपनगर से ही होकर गुजर रही हैं। हालांकि गौरी बाजार रुद्रपुर मार्ग पर दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के पास बाईपास बना हुआ है किंतु ज्यादातर ट्रक वाले बाईपास से नहीं जा रहे हैं। खजुहा चौराहा एक तो संकरा है ऊपर से बसों और ट्रकों की भीड़ के नाते दिन में अक्सर जाम ही रहता है। ट्रैफिक जाम से जहां एक तरफ राहगीर परेशान है वहीं चौराहे की दुकानदार भी खासे परेशान हैं। जाम के झाम से निजात दिलाने में पुलिस प्रशासन अक्षम साबित हो रहा है। कभी-कभार चौराहे पर एक दो होमगार्ड की ड्यूटी लगा दी जाती है किंतु ना तो नगर पंचायत प्रशासन और ना ही कोतवाली पुलिस कोई ठोस उपाय कर रही है। सुबह और शाम स्कूलों की छुट्टियों के समय चौराहे पर भयंकर जाम लग रहा है। यदि कोई एम्बुलेंस जाम में फंस जाय तो किसी मरीज की जान भी जा सकती है। दबी जुबान लोगों का कहना है कि पुलिस पैसा लेकर ट्रकों को खजुहा चौराहे से पास करा रही है। चौराहे के दुकानदार जनप्रतिनिधियों को कोस रहे हैं।

## प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व को दी बधाई



**देवरिया।** भारतीय किसान यूनियन के नेता विनय सिंह ने बताया है की भारतीय किसान यूनियन का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन एवं प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा को धन्यवाद देता हूं। सिंह ने बताया कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत जी की नीतियों और सिद्धांतों पर चलते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने,चौपालों के माध्यम से किसानों को जोड़ने और किसानों के अधिकारों की लड़ाई को और अधिक मजबूती से लड़ने का कार्य निरंतर करता रहूंगा।

## डीआईजी ने अपराध की किया समीक्षा




**देवरिया।** डीआईजी एस. चन्नप्पा की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, गैंगस्टर एक्ट, आईजीआरएस सन्दर्भों, यातायात व्यवस्था व जनसुनवाई की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारियों को सतर्कता व संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआईजी गोरखपुर ने रेलवे स्टेशन देवरिया का निरीक्षण एवं पैदल गश्त किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरों, पुलिस ड्यूटी, यात्री सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में लापरवाही न हो।

# रूपईडीह ब्लॉक का कायाकल्प बना मिसाल इच्छाशक्ति और ईमानदारी का संगम - रूपईडीह में हुआ विकास का चमत्कार

**●क्षेत्र पंचायत की पहल पर भवनों का सौंदर्यीकरण, सोलर लाइट व इंटरलॉकिंग से गांवों की सूरत निखरी**











स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बृजभूषण तिवारी

**गोण्डा।** जनपद का सबसे बड़ा विकास खंड रूपईडीह इन दिनों अपने भव्य कायाकल्प और सौंदर्यीकरण कार्यों को लेकर पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से उपेक्षित पड़े इस ब्लॉक परिसर में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अब यहां की हर दीवार, हर फर्श और हर कोना नए रंग और नई ऊर्जा से जगमगा उठा है। क्षेत्र पंचायत की पहल पर बीडीओ कक्ष, मनरेगा कक्ष, सभागार हाल, स्थापना कक्ष सहित सभी विभागीय कक्षों में रंग-रोगन, मरम्मत, फर्नीचर व साज-सज्जा का कार्य तेजी से पूरा कराया गया है। वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा परिसर अब आकर्षक, स्वच्छ और आधुनिक कार्यस्थल में तब्दील हो गया है।

**सुव्यवस्थित परिसर बना मिसाल**

ब्लॉक मुख्यालय के भीतर अब एक नए युग की शुरुआत दिख रही है। प्रवेश द्वार से लेकर कार्यालय के भीतर तक स्वच्छता, हरियाली और सौंदर्य का नया अध्याय लिखा जा रहा है। चारों ओर फूलों के पौधे, व्यवस्थित इंटरलॉकिंग पथ, सोलर लाइटें और नई बाउंड्री वाल क्षेत्र की पहचान बन रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस कायाकल्प का उद्देश्य केवल दिखावा नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति में सुधार और जनसुविधाओं को सशक्त बनाना है। अब ग्रामीण जब किसी कार्य से ब्लॉक मुख्यालय आते हैं, तो उन्हें सरकारी दफ्तरों की पुरानी भीड़भाड़ और गंदगी के बजाय एक स्वच्छ, आकर्षक और प्रेरक वातावरण दिखाई देता है।

**ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह ने रखी नई दृष्टि**

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह ने बताया कि रूपईडीह ब्लॉक का सौंदर्यीकरण सिर्फ इमारतों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह प्रशासनिक कार्यकुशलता और जनहित के नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा - 'ब्लॉक परिसर का कायाकल्प दिखावे का काम नहीं, बल्कि यह कर्मचारियों में अनुशासन, पारदर्शिता और सेवा भाव बढ़ाने का प्रयास है। आने वाले समय में ब्लॉक परिसर में डिजिटल सुविधाएं, ई-ऑफिस व्यवस्था, वर्षा जल संचयन प्रणाली और हरियाली विस्तार जैसे कदम उठाए जाएंगे।

**गांव-गांव पहुंचा विकास का असर**

क्षेत्र पंचायत की इस पहल का असर केवल मुख्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गांवों तक विकास की नई बयार बह चली है। रूपईडीह ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मुख्य द्वार, बाउंड्री वाल, सोलर स्ट्रीट लाइट, इंटरलॉकिंग मार्ग, जल निकासी और सार्वजनिक स्थलों की मरम्मत जैसे कार्य तेजी से पूरे हुए हैं। इन कार्यों से गांवों की रातें अब रोशन हैं, सड़कें कीचड़ और अंधेरे से मुक्त हैं, और ग्रामीणों के चेहरों पर एक नई उम्मीद की चमक दिखाई दे रही है।

**प्रधानों और जनप्रतिनिधियों ने की सराहना**

ग्राम पंचायत हिंदूनगर बाकी के प्रधान अजीत सिंह, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा, देवारिया खाम के प्रधान व प्रधान संघ अध्यक्ष अमित अवस्थी, पूर्व प्रधान देवारिया कला श्रीकांत त्रिपाठी, प्रधान रिंकू ओझा, प्रदीप तिवारी, राजू बाबा, आनंद मोहन मिश्रा, शिवशंकर मिश्रा, रवि मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने रूपईडीह में हो रहे कायाकल्प की खुलकर प्रशंसा की। सभी का एक स्वर था कि लंबे समय बाद ब्लॉक मुख्यालय और ग्राम पंचायतों में ऐसा विकास देखने को मिल रहा है, जो केवल कागजों पर नहीं बल्कि जमीनी हकीकत में नजर आता है। प्रधानों ने यह भी कहा कि सौंदर्यीकरण और सोलर लाइट व्यवस्था से ग्राम पंचायतों में सुरक्षा और सुविधा दोनों में सुधार हुआ है।

**पर्यावरण संरक्षण और हरियाली पर फोकस**

रूपईडीह ब्लॉक प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाए। आने वाले समय में ब्लॉक परिसर और ग्राम पंचायतों में वृहद पौधारोपण अभियान, वर्षा जल संचयन प्रणाली, वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट और ग्रीन जोन विकसित किए जाएंगे। यह पहल न केवल परिसर की सुंदरता बढ़ाएगी बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और ऊर्जा बचत के क्षेत्र में भी एक नया उदाहरण पेश करेगी।

रूपईडीह ब्लॉक के कायाकल्प के मुख्य बिंदु

**भवनों का नवीनीकरण**

बीडीओ कक्ष, मनरेगा कक्ष, सभागार हाल, स्थापना कक्ष सहित कई विभागीय भवनों की मरम्मत, रंग-रोगन और नई साज-सज्जा।

**सुव्यवस्थित परिसर**

इंटरलॉकिंग मार्ग, सोलर लाइट, साफ-सुथरा वातावरण और पौधारोपण के जरिए परिसर को बनाया गया आकर्षक व प्रेरणादायक।

**ग्राम पंचायत स्तर पर विकास**

मुख्य द्वार, बाउंड्री वाल, सोलर स्ट्रीट लाइट, जल निकासी व इंटरलॉकिंग मार्ग से गांवों की सूरत बदली।

**डिजिटल और पर्यावरणीय सुधार की योजना**

जल संरक्षण, ई-ऑफिस, हरियाली और सोलर प्रोजेक्ट को अगले चरण में लागू करने की तैयारी।

**स्थानीय सराहना**

प्रधानों, प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विकास कार्यों को सराहनीय बताया, जिससे शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा। जनता की जुबानी – 'अब ब्लॉक परिसर सरकारी नहीं, प्रेरणादायक लगता है ' स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहले रूपईडीह ब्लॉक की इमारतें जर्जर व गंदी थीं। परंतु अब वहां सफाई, साज-सज्जा और बेहतर प्रबंधन देखकर गर्व महसूस होता है।

# 2001 बैच के पीपीएस अधिकारी दिनेश कुमार पूरी ने संभाला पुलिस अधीक्षक दक्षिणी का पदभार

**●अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और पारदर्शी पुलिसिंग पर रहेगा विशेष जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** 2001 बैच के मृदुलभाषी पीपीएस अधिकारी दिनेश कुमार पूरी ने बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही अधीनस्थ अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए टीम भावना से कार्य करने का संदेश दिया। दिनेश कुमार पूरी ने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित और न्यायपूर्ण समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि उनकी कार्यशैली संवाद, अनुशासन और संवेदनशीलता पर आधारित रहेगी। 'जनता से बेहतर संवाद, थानों पर पारदर्शी कार्यप्रणाली और अपराध नियंत्रण में आधुनिक तकनीक का उपयोग प्राथमिकता में रहेगा।

मूलतः प्रतापगढ़ जिले के निवासी दिनेश कुमार पूरी अपनी शांत, संयमित और व्यवहार कुशल छवि के लिए जाने जाते हैं। वे अपने सेवाकाल में बहराइच, लखनऊ, वाराणसी, देवरिया, मैनपुरी और औरैया जैसे अन्य दर्जनों जनपदों में अपनी उत्कृष्ट सेवा दे चुके हैं। प्रत्येक जिले में उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत करने, अपराधियों पर अंकुश लगाने और जनसंपर्क को प्राथमिकता देने के कारण प्रशंसा प्राप्त की। गोरखपुर जैसे बड़े और संवेदनशील जिले में उन्हें दक्षिणी क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है, जो पुलिस व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस क्षेत्र में औद्योगिक और शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण सीमाएँ भी आती हैं, जहाँ अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है।

पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ शिकायतकर्ताओं को न्याय दिलाना सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने बताया कि रात्रि गश्त, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण और नशा रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। एसपी दक्षिणी ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना स्तर पर जनसुनवाई की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि हर शिकायतकर्ता को समय से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की मित्र बने और हर कार्रवाई में निष्पक्षता व पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

दिनेश कुमार पूरी के पदभार ग्रहण से पुलिस विभाग में नई ऊर्जा का संचार देखा गया। उनके साथ कार्य करने वाले अधिकारी उन्हें एक अनुशासित, दृढ़ निर्णय लेने वाले और टीम भावना को बढ़ावा देने वाले अधिकारी के रूप में जानते हैं। उनके आगमन से यह उम्मीद की जा रही है कि दक्षिणी क्षेत्र में पुलिसिंग का नया अध्याय शुरू होगा, जिसमें जनसुरक्षा, अपराध नियंत्रण और सामाजिक समरसता पर विशेष बल दिया जाएगा। स्थानीय पुलिस कर्मियों ने भी उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ और जनहितकारी बनेगी।

# लौह पुरुष पटेल के 150 वीं जयंती पर निकाली गई एकता तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर ।** पूरे भारत वर्ष में भारत रत्न लौह पुरुष देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती धूम धाम के साथ यूनिटी मार्च एकता यात्रा निकाल कर मनाया जा जा रहा है। इसी क्रम में चिल्लूपार विधान सभा क्षेत्र ने स्थित नगरपंचायत गोला के खेल कूद मैदान पर बुधवार को लौह पुरुष की जयंती भा जा पा कार्य कर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में मनाया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक हरिकेश राम त्रिपाठी रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेश निषाद एवं संचालन स्वतंत्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी रहे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम लौह पुरुष के चित्र पर मुख्य अतिथि एवं मंचासीन लोगो द्वारा पुष्प अर्पित किया गया।तत्पश्चात बंदे मातरम् का गान सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ लेकिन यह भारत वर्तमान भारत की तरह नहीं था। भारत कई रियासतों में विभाजित था। देश के पहले गृह मंत्री सरदार भाई पटेल बने थे।उनके समक्ष चुनौती के रूप में भारत में खंड खंड बने पड़े रियासत खड़े थे। उन्होंने चुनौती को स्वीकार करते हुए सभी रियासतों को एक भारत में पिरोने का कार्य किया। उनके साहस और पराक्रम के आगे पूरा देश आज भी नतमस्तक बना पडा है।

मुख्य अतिथि जनार्दन तिवारी ने कहा कि आज चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में लौह पुरुष के 150 वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आजादी के बाद भारत के नक्शे को बदलने और संवारने का कार्य देश के प्रथम गृह मंत्री पटेल जी द्वारा किया गया। जिस प्रकार खंड खंड में बनी पड़ी रियासतों को एकत्र करने का श्रेय लौह पुरुष को ही प्राप्त है। उसी प्रकार आत्म निर्भर भारत बनाने का श्रेय देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी और सूबे के मुखिया योगी जी को जाता है। इस एकता यात्रा का कार्यक्रम नगर पंचायत गोला के

खेल कूद मैदान से निकल पर पांच किमी दूरी तय करते हुए पटौहा में स्थित एक निजी विद्यालय पर समाप्त हुआ। इस एकता यात्रा में बड़ी संख्या में एल पी एम स्कूल के छात्र छात्राएं,वी एस ए वी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं के साथ भा जा पा के कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए सरदार पटेल अमर रहे नारों के साथ पैदल मार्च सम्पन्न किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मायाशंकर शुक्ला वेद प्रकाश त्रिपाठी विद्याधर पांडेय जुगनू दुबे राम आशीष राय दुर्गेश दुबे मंजू सिंह दीपक सिंह राम विलास यादव राजकपूर सिंह नित्यानंद मिश्रा जितेंद्र तिवारी गिरधारी लाल स्वर्णकार अशोक वर्मा शत्रुघ्न कसौधन सरोज रंजन शुक्ला दुर्गेश मिश्रा राजीव पांडेय अशोक जायसवाल मुनील सिंह बृजभूषण मिश्रा अश्वनी मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पराली जलाने वाले तीन किसानों पर लगा जुर्माना

**बिना एक्स्ट्रा रैपर के चल रहे तीन कंबाइन मालिकों पर दस-दस हजार रुपए का लगा जुर्माना**

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के कुछ किसान खेत पराली जला रहे थे। स्थानीय पुलिस के सक्रियता से राजस्व टीम मौके पर पहुंची तथा पराली जला रहे किसानों पर जुर्माना लगाकर उन्हें हिदायत दी। इसके अलावा बिना एक्स्ट्र रैपर के चल रहे तीन कंबाइन मालिकों पर भी राजस्व टीम ने बड़ा जुर्माना लगाते हुए उन्हें चेतावनी दी है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी में राजस्व टीम ने सेवतरी निवासी रामदास भारती तथा शिवपुरी निवासी आबिद अली व एक अन्य किसान को पराली जलाते हुए राजस्व टीम ने मौके से पकड़कर उन पर पच्चीस सौ रूपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा बगल में बिना एक्स्ट्र रैपर के चल रहे कंबाइन मालिक मोहम्मद तौफीक अली तथा दो अन्य कंबाइन मालिकों पर टीम ने दस-दस हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए उन्हें एक्स्ट्र रैपर के साथ कटाई करने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, चौकी प्रभारी गोविंदर यादव, एडिओएजी मुनीर आलम, लेखपाल सुनील कुमार वर्मा, रत्नेश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पशु आरोग्य मेला में 270 पशुओं का संपन्न हुआ उपचार एवं दवा वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत ग्राम अधरंगी में एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री महेश मणि त्रिपाठी ने गोपूजन,फीता काटने के उपरांत पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजली अर्पित कर मेला का उद्घाटन किया। जिला मंत्री ने किसानों से जनसंवाद करते हुए बताया कि गोपालन का प्राचीन काल से महत्व रहा है। सभी को स्वस्थ रहने के लिए पशुपालन करना आवश्यक है। दीनदयाल के सिद्धांतों से प्रेरित होकर सरकार अंतिम व्यक्ति तक सब्सिडीयुक्त योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर रही है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ दिग्विजय यादव ने पशुओं को स्वस्थ रहने के उपायों को विस्तार से बताया एवं मेला में आए हुए पशुओं का उपचार किया। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने विभाग के महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, पशुधन बीमा, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं नंदिनी योजना आदि की जानकारी दी। छुट्टा पशुओं की संख्या कम करने के लिए सेक्स सार्टेड सीमेन से गायों का गर्भाधान कराने के लिए पशुपालकों को जागरूक किया। मेला में 270 पशुओं का पंजीकरण कर निःशुल्क दवा वितरण, चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ परीक्षण, बांझपन चिकित्सा आदि किया गया। इस आयोजन में ग्राम प्रधान रामप्रताप यादव, सुभाष चन्द्र, महेंद्र यादव, नितेश मणि, आदित्य त्रिपाठी,युगेश कुमार, सुनील कुमार, धर्मेन्द्र यादव एवं रजनीश यादव आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेन्द्र ने संभाला पदभार, बोले- फरियादियों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पुलिस अधीक्षक उत्तरी के पद पर तैनात किए गए मृदुभाषी एवं कर्मठ पीपीएस अधिकारी ज्ञानेन्द्र ने बुधवार को अपने कार्यालय में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। जैसे ही उन्होंने गोरखपुर पुलिस कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखना, अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण करना तथा आम जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पीपीएस अधिकारी ज्ञानेन्द्र 1999 बैच के अधिकारी हैं। अब तक उन्होंने कई जनपदों में अपनी कार्यकुशलता और जनसंपर्क के लिए सराहना प्राप्त की है। उन्होंने इलाहाबाद, गाजीपुर, बांदा, वाराणसी ,जौनपुर ,मथुरा, एसटीएफ, इटावा जैसे जनपदों में विभिन्न पदों पर उल्लेखनीय कार्य किया है। इसके बाद वे गाजीपुर में एसपी सिटी के रूप में कार्यरत थे, जहाँ उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण अपराधों का खुलासा हुआ। अब गोरखपुर में पुलिस अधीक्षक उत्तरी के रूप में उन्होंने जिम्मेदारी संभाली है।

मूल रूप से बलिया जिले के निवासी ज्ञानेन्द्र अपने सहज और संवेदनशील स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि गोरखपुर जैसे महत्वपूर्ण जनपद में सेवा करने का अवसर पाकर वे गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरी क्षेत्र के किसी भी थाने पर आने वाले फरियादी को किसी भी प्रकार की बेवजह परेशानी नहीं होगी। सभी थानों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे कि हर शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ-साथ पुलिस की कार्यशैली को पारदर्शी और जनहितकारी बनाना उनका उद्देश्य रहेगा। रात्रि गश्त, बीट व्यवस्था और थानों की नियमित समीक्षा के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। साथ ही जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास का माहौल बनाया जाएगा।

ज्ञानेन्द्र ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समाधान ही पुलिस की असली सफलता है। हर नागरिक को यह महसूस होना चाहिए कि पुलिस उनके साथ है, न कि उनके खिलाफ। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया कि थानों पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता बरती जाए। पदभार ग्रहण के दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जायसवाल अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नए एसपी नॉर्थ को शुभकामनाएं दी क्षेत्र की कानून व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोण्डा के पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

**●मंडल में मनोनीत किये गए पदाधिकारी एवं किये गए सम्मानित।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश कमेटी के आह्वान पर गोंडा मंडल के मंडलाध्यक्ष/जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी व सदस्यों के मौजूदगी में मुख्यमंत्री को संबोधित पाँच सूत्रीय ज्ञापन मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा को दिया गया।मंडलायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में प्रदेश में पत्रकारों की मान्यता प्राप्त समिति और विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकारों को प्रतिनिधित्व दिए जाने व ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के लिए ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाने और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कार्यालय हेतु स्थान आवंटित किया जाने तथा तहसील व ब्लॉक स्तर पर मान्यता के लिए किए गए प्रावधानों में संशोधन करके मान्यता मापदंडों में आने वाले सभी दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं को मान्यता का मार्ग प्रशस्त किया जाने एवं परिवहन व चिकित्सा के सुविधा उपलब्ध कराए जाने व गैर मान्यता प्राप्त ग्रामीण पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा मुहैय्या कराने हेतु प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना से आच्छादित जाने की मांग शामिल है।

बता दें कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है और जनता की आवाज को शासन तक तथा शासन की आवाज को जनता तक पहुंचने का कार्य करता है। यह संगठन ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण कड़ी का निर्वहन करता है। ऐसे में ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार दुबे,मंडल महामंत्री कप्तान सिंह, जिला अध्यक्ष श्रावस्ती राज किशोर पांडे , शेर सिंह मंडल महामंत्री , दुर्गेश कुमार जायसवाल गोंडा संरक्षक, उमानाथतिवारी, राजकुमार सिंह, शिवकुमार पांडे, दीपक कौशल, रामकुमार कौशल, मोहित त्रिवेदी, खुशबू कनौजिया, अर्जुन प्रसाद मिश्रा, विनय कुमार मिश्रा ,मोहनलाल चौहान,संजय कुमार यादव ,भानु प्रताप तिवारी ,मुकेश कुमार शुक्ला, विनोद कुमार अवस्थी, मुन्नालाल पांडे, ओंकारनाथ, प्रदीप मिश्रा, मंगल देव शुक्ला, सहित दर्जनों पत्रकार ने सिंचाई डाक बंगलामें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता गोंडा



जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी व संचालन गोंडा संरक्षक उमानाथ तिवारी ने किया।

इस दौरान बैठक में जिला और तहसील स्तर पर पत्रकार संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया तथा आगामी 21 दिसंबर को विंध्याचल में होने वाले सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई।

वहीं मंडल में कप्तान सिंह, और दिनेश पाठक को मंडल महामंत्री मंडल अध्यक्ष बनाया गया तो वही गोंडा संरक्षक उमानाथ तिवारी और राजकुमार सिंह को मनोनीत प्रमाण पत्र सहित अंग वस्त्र देकर संगठन में सम्मानित किया गया वही राजकुमार सिंह ने संगठन को मजबूती से आगे बढ़ने का आवाहन किया और लोगों से एक से एक जोड़ने की अपील की संगठन के पत्रकार साथियों ने हमारे वरिष्ठ पत्रकार साथी व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक का दिल से स्वागत किया।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में काला नमक धान पर सतत आजीविका एवं स्थानीय उद्यमिता के अवसरों पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के प्रबंधन अध्ययन विभाग में बुधवार को दिलीप चौहान निदेशक, दिव्यम आहार प्रा. लि. द्वारा सिद्धार्थनगर में सतत आजीविका के अवसर सृजन विषय पर एक प्रेरक एवं व्यावहारिक व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विशेष रूप से 'काला नमक धान' के उत्पादन, विपणन एवं मूल्य संवर्धन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह पारंपरिक धान न केवल पूर्वांचल की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यदि उचित विपणन, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग रणनीतिया अपनाई जाए तो यह क्षेत्रीय स्तर पर ग्रामीण उद्यमिता और सतत आजीविका के नए आयाम खोल सकता है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी दिव्यम आहार प्रा. लि. वर्तमान में काला नमक चावल के संरक्षण, प्रसंस्करण एवं बाजार विस्तार की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने एमबीए विद्यार्थियों को अपनी कंपनी से प्रशिक्षण और प्रोजेक्ट कार्यों में जुड़ने का आमंत्रण भी दिया, ताकि वे ग्रामीण उत्पादों के मूल्य शृंखला और विपणन व्यवहार को निकट से समझ सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सौरभ, अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय एवं विभागाध्यक्ष, एमबीए विभाग ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि काला नमक चावल जैसे स्थानीय उत्पाद क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नयी दिशा दे सकते हैं, यदि उनमें नवाचार, गुणवत्ता नियंत्रण एवं ब्रांड विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सत्र के समापन पर प्रो. सौरभ ने अतिथि वक्ता दिलीप चौहान के विचारों को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर डॉ. दीपक जायसवाल, सहायक आचार्य, डॉ. क़हकशा ख़ान, सहायक आचार्य तथा विभाग के अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सत्र के अंत में विद्यार्थियों ने विविध प्रश्न पूछे जिनका चौहान ने व्यावहारिक उदाहरणों सहित उत्तर दिया। व्याख्यान अत्यंत संवादात्मक एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने छात्रों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से उद्यमिता विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### .शिकायतों पर ब्लॉक प्रमुख ने ए डीओ समाज कल्याण लगाई फटकार

**खंड विकास अधिकारी ने दी चेतावनी सुधार लाए वरना दर्द होगी एफ आई आर**

**बरेली**/विकासखंड भदपुरा में कार्यरत समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा तुम्हारे साथ एक अन्य व्यक्ति रहकर उगाई कर रहा है इस पर ए डी ओ समाज कल्याण ने इस शिकायत को झूठा करार दिया इस पर ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने उदाहरण देते हुए कटिया बलदेव सिंह में उगाई करने की बात कही तो ए डी ओ समाज कल्याण सक पका गये । और निरुत्तर हो गए इस पर वहां मौजूद खंड विकास अधिकारी राम शंकर सिंह पटेल ने गम्भीरता से लेते हुए कडी चेतावनी दी और कहा सुधर जाओ वरना रिपोर्ट दर्ज कराई गई तों हालत खस्ता हो जायेगी इसी क्रम में मौजूद ए डी ओ पंचायत रविकांत यादव ने मामले को शांत कराया कहा भविष्य में इस तरह की पुर्नवृत्ति ना हो तब ए डी ओ समाज कल्याण ने स्वीकार किया उसका दोस्त साथ मे था इस पर ब्लॉक प्रमुख ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा दोस्ती घर पर रख करें उगाई न करवाएं अन्य था ठीक नहीं होगा।

### किसानों की इंतजार खत्म, जल्द मिलेगा भूमि का उचित मुआवजा, खाते में पहुंचेंगे करोड़ों रुपये

**बरेली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) निर्माण शुरू कराने की तैयारी कर रहा है, लेकिन अभी रिंग रोड में आ रहे चार गांवों का अवार्ड घोषित नहीं हो सका है। इनमें उमरसिया, पालपुर कमालपुर, रजऊ परसपुर और रहपुरा जागीर शामिल हैं। इनमें से दो गांवों का अवार्ड इसी सप्ताह घोषित किया जाएगा, जबकि दो गांवों का कुछ दिन बाद अवार्ड घोषित करने की तैयारी है। इसके बाद इन गांवों के किसानों को मुआवजा देकर भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। शहर के लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने और वाहनों का आवागमन सुगम बनाने के लिए झुमका तिराहा से चौबारी होते हुए इन्वर्टिस तक 2,117 करोड़ रुपये की लागत से 29.95 किमी का रिंग रोड बनवाया जा रहा है। निर्माण तो पिछले अक्टूबर माह में ही शुरू होना था, लेकिन मुआवजा वितरण और भूमि अधिग्रहण में विलंब होने के कारण टल गया था। एनएचएआइ के अधिकारी इन अड़चनों को दूर कराने के प्रयास में लगे हुए हैं। इधर, उमरसिया, पालपुर कमालपुर, रजऊ परसपुर और रहपुरा जागीर गांवों का अभी तक अवार्ड ही घोषित नहीं किया गया है। जिससे इन गांवों के किसानों को मुआवजा वितरण की प्रक्रिया अभी शुरू ही नहीं हो सकी है। एनएचएआइ के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि इसी सप्ताह रजऊ परसपुर और रहपुरा जागीर गांवों का अवार्ड घोषित करा दिया जाएगा। उमरसिया और लापुर कमलापुर का अवार्ड भी जल्द हो जाएगा। चयनित गांवों के किसानों को मुआवजा वितरण के लिए 634 करोड़ रुपये का अप्रूवल दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक 381 करोड़ रुपये का ही वितरण हो सका है। दावा किया जा रहा है कि इस महीने वितरण 500 करोड़ तक पहुंच जाएगा और एक दिसंबर से निर्माण कार्य आरंभ करा दिया जाएगा।

### रोमांचक मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने उत्तराखंड को दी मात, बरेली में चल रहे राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गूंजा जोश

**बरेली।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज (जीआइ सी) में चल रही राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बुधवार का दिन रोमांच और जोश से भरपूर रहा। बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड को दो सेटों के अंतर से पराजित किया। पूरे मुकाबले के दौरान दर्शकों में उत्साह चरम पर रहा और हर अंक पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। प्रतियोगिता का यह तीसरा दिन खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना की मिसाल बन गया। खिलाड़ियों ने सुबह से लेकर देर शाम तक शानदार खेल का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति के अनुसार बुधवार को कुल 42 मुकाबले खेले गए। मैदान पर खिलाड़ियों का जज्बा देखने लायक था –कोई सर्विस में निपुणता दिखा रहा था, तो कोई स्पाइक से विपक्षी टीम को मात दे रहा था। कार्यक्रम स्थल पर शाम होते-होते दर्शकों की भीड़ बढ़ती चली गई। मैचों के देर रात तक जारी रहने के मद्देनजर परिसर में कृत्रिम रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई, जिसके बीच रात 10 बजे तक मुकाबले जारी रहे। जगमगाती रोशनी में खिलाड़ियों का जोश दोगुना नजर आया।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मुकाबले शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से छात्रों में खेलों के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

# मितौली विकास क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र पर मिल रहा घटिया राशन, बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मितौली खीरी।** मितौली विकास क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र पर घटिया राशन बच्चों को दिया जा रहा है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर संकट है। आपको बता दें कि मामला लखीमपुर खीरी जनपद के विकास क्षेत्र मितौली के अंतर्गत ग्राम दानपुर का है जहां बच्चों को घटिया क्वालिटी का राशन दिया जा रहा है।

दिए गए राशन में सुंडी, अशुद्धियां एवं महक आने जैसी बड़ी कमियां हैं। इतना ही नहीं यह भी बताया जा रहा है कि उपरोक्त राशन नियमित रूप से न मिल कर कभी कभार ही मिलता है। कभी दो कभी तीन तो कभी कभी चार महीने भी बीत जाते है और जो दिया भी जा रहा है तो कभी केवल पोषाहार या दलिया मिल रही है जिसमें कीड़े निकल रहे हैं। इसके अतिरिक्त राशन के साथ मिलने वाला रिफाइंड, दाल आदि के दर्शन दुर्लभ हैं। इस संबंध में गांव की आंगनवाड़ी कर्मचारी विमला देवी का कहना है कि हमको ऊपर से जब राशन मिलेगा तभी तो देंगे। इससे ग्रामीणों लाभार्थियों में निराशा व्याप्त है। अब सवाल बच्चों की सेहत का है।जब बच्चों को स्वास्थ्य वर्धक राशन नहीं मिलेगा तो उनका स्वास्थ्य कैसे उत्तम रहेगा? आश्चर्य तो इस बात का है कि इस ओर अधिकारियों का ध्यान भी नहीं जा रहा है। कहीं ये खेल उनकी जानकारी में तो नहीं हो रहा है इसीलिए खामोश हैं !

### न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद में बच्चों ने मारी बाजी पुरस्कार जीते



**बरेली**/विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद में बच्चों ने अपने कौशल दिखाकर विजय पताका लहराई इस क्रम में क्यों लड़िया न्याय पंचायत के अंतर्गत यह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यहां पर प्रथम स्थान क्यों लड़ियां प्रथम के स्कूल के साथ ही हरैया बड़ागांव नवादा उच्च प्राथमिक विद्यालय में भी क्यों लड़कियां नवादा बड़ागांव के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के तहत विजय हासिल की इस पर यहां पर उपस्थित शिक्षक गणों ने विजय छात्रों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। यहां पर उपस्थित शिक्षक राजवीर सिंह सर्वेश कुमार गंगवार लक्ष्मीकांत शुक्ला वेद प्रकाश कैलाश चंद विकास कुमार आदि शिक्षक गण उपस्थित थे सभी ने मिलकर बिजई छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए।

# चोरी की घटना की सूचना देने पर नहीं पहुंची 112 पुलिस ग्रामीणों में नाराजगी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** के फरधान थाना क्षेत्र स्थित लखनापुर गांव में एक घर में चोरी की घटना सामने आई है। ग्रामीणों ने तत्काल पीआरवी 112 पर पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है।मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात चोरों ने बालगोविन्द राज पुत्र प्यारे लाल राज के घर को निशाना बनाया। चोर घर के पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसे। वे लगभग 1500 रुपये नकद, एक जोड़ी चांदी की पायल और कुछ कपड़े चुराकर ले गए।ग्रामीणों ने बताया कि घटना से पहले पिछले पांच दिनों से मकान के सामने एक साइकिल सर्कस चल रहा था। इसके कारण क्षेत्र में बाहरी लोगों की आवाजाही काफी बढ़ गई थी।घटना की सूचना मिलने के बावजूद पुलिस के मौके पर न पहुंचने को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। इसे पुलिस की लापरवाही का एक स्पष्ट उदाहरण बताया जा रहा है।गौरतलब है कि इससे पहले नीमगांव थाना क्षेत्र के पैला गांव में भी एक सप्ताह के भीतर चार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है और वे पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# शहर में अपराध बेलगाम , भाजपा नेता पर हमला, रामेश्वरपुरम में चली गोलियां!

**● पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल, सीओ सिटी और विधायक मौके पर पहुंचे कोतवाल पहुंचे देर से**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे खुलेआम लोगों पर घेराबंदी कर हमले करने से नहीं हिचक रहे। शनिवार देर रात रामेश्वरपुरम क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों ने भाजपा नेता शांतनु तिवारी पर हमला कर दिया।सूत्रों के मुताबिक, हमलावरों ने पहले भाजपा नेता की गाड़ी का पीछा किया, फिर घेरकर हमला किया और गाड़ी में तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। गोलीबारी की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग दहशत में घरों में दुबक गए।घटना की जानकारी मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) विवेक तिवारी और सदर विधायक मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल से खाली कारतूस बरामद किए हैं। हालांकि, शहर कोतवाल घटना के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने कहा कि शहर में लगातार बढ़ रही वारदातों से आमजन असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और सदर कोतवाल शहर की कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हो रहे हैं।फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश तेज कर दी है, लेकिन शहर में फैली दहशत और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। रामेश्वरपुरम गोलीकांड ने एक बार फिर पुलिस की तैयारियों और शहर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 65रोगियो वितरित की गई दवा



**बरेली/रिठौरा।** रूहेलखंड मेडीकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा संचालित रूहेलखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर डॉ रश्मि कात्याल,दीपक पाण्डेय के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम में स्त्री एवं वाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी,दांत,नाक, आंख,गला रोग विशेषज्ञ टीम ने कुल 65 रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरित कीं। डॉ सैजनी यादव बदलते मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दी।इस मौके पर डॉ अश्मि बिंजोला, डॉ शुभाशीष पांडेय, शिवांश पुरी, अरमान अली, कासिम हुसैन, अनिल कुमार, दीपमाला, पूजा शर्मा सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# मिशन शक्ति : डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल से सशक्त हुई बेटियां

**● ड्राइविंग माय ड्रीम' में 101 बालिकाओं को मिला ड्राइविंग लाइसेंस, सिम्युलेटर पर थामी स्टीयरिंग, सीखी ड्राइविंग की बारीकियां**

**डीएम बोलीं, आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं हमारी बेटियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिला प्रशासन की पहल पर मिशन शक्ति अब नए मुकाम छू रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में लखीमपुर खीरी में मंगलवार को आयोजित 'ड्राइविंग माय ड्रीम' कार्यक्रम ने बेटियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में नई उड़ान दी। एआरटीओ ऑफिस में इस विशेष आयोजन में 101 बालिकाओं को निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए गए, जिससे उनके चेहरों पर आत्मविश्वास की चमक झलक उठी। कार्यक्रम का संचालन पीटीओ डॉ कौशलेंद्र ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग दीप जलाकर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। समारोह के दौरान जब बेटियों ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस ग्रहण किए, तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत चलाए जा रहे 'ड्राइविंग माय ड्रीम' कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की 101 बालिकाओं को प्रशिक्षित कर ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया गया है। अब बेटियों के हाथ में स्टीयरिंग है, यानी दिशा भी उनकी और मंज़िल भी उनकी।डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति का मकसद हर बेटी को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाना है। ये बालिकाएं सड़क पर उतरने से पहले जीवन की राह पर आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा रही हैं। ड्राइविंग सिखाना केवल एक तकनीकी प्रशिक्षण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया सशक्त कदम है। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, ज़रूरत है। हेलमेट और सीट बेल्ट आपकी ढाल हैं, इन्हें आदत बनाएं। डीएम ने संदेश दिया कि ड्राइविंग सिर्फ स्किल नहीं, आत्मविश्वास की उड़ान है। अब बेटियां खुद चलेंगी, खुद आगे बढ़ेंगी और नई प्रेरणा बनेंगी।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति के इस अभियान ने साबित किया है कि जब अवसर मिले, तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहतीं। कई महिलाएं आज भी कार्यस्थल जाने के लिए पति या परिजनों पर निर्भर हैं, जबकि उन्हें खुद अपनी राह चलनी चाहिए। उन्होंने बेटियों को प्रेरित करते हुए जोड़ा कि अगर महिलाएं खुद ड्राइव करना सीख लें, तो आत्मनिर्भरता की सड़क खुद-ब-खुद खुल जाती है। एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल व्यावहारिक है, बल्कि सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक अनुशासन की समझ को भी मजबूत करता है।

**सिम्युलेटर पर बालिकाओं ने थामी स्टीयरिंग, सीखी ड्राइविंग की बारीकियां!-**

ड्राइविंग माय ड्रीम' अभियान में बालिकाओं ने दिखाई गजब की उत्सुकता मिशन शक्ति के तहत 'ड्राइविंग माय ड्रीम' कार्यक्रम के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में जनपद की बालिकाओं ने ड्राइविंग सिम्युलेटर पर कार चलाना सीखा। सिम्युलेटर पर रफ्तार पकड़ते हुए बालिकाओं ने न सिर्फ स्टीयरिंग थामी बल्कि ट्रैफिक सिग्नल, क्लच, ब्रेक, गियर और सड़क सुरक्षा के अहम नियमों को भी बारीकी से समझा। बालिकाओं ने कहा कि यह उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था। पहली बार स्टीयरिंग थामकर लगा कि अब हम भी खुद अपनी मंजिल तक पहुंच सकती हैं।

**डीएम ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प-**

'ड्राइव माय ड्रीम' कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बालिकाओं को सड़क सुरक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग केवल चलाने की कला नहीं, जीवन की जिम्मेदारी है। सफर चाहे छोटा हो या लंबा, शुरुआत हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट से करें। नियमों का पालन ही असली स्मार्टनेस है। डीएम ने बेटियों को प्रेरित किया सुरक्षित चलो, आगे बढ़ो, और दूसरों के लिए मिसाल बनो।

**बालिकाओं की आवाज़ : ड्राइव माय ड्रीम ने दिए आत्मनिर्भरता के पंख-**

'ड्राइव माय ड्रीम' कार्यक्रम में छात्राओं आस्था वर्मा और मंतशा बानो ने डीएम के समक्ष अपने विचार रखकर सबका दिल जीत लिया। कहा कि यह पहल हमारे जैसे बेटियों के लिए नई दिशा है। अब हम सिर्फ सपने नहीं देखेंगे, उन्हें खुद ड्राइव करेंगे। दोनों बालिकाओं ने जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि आपने हमें सिर्फ ड्राइविंग नहीं सिखाई, बल्कि जीवन की स्टीयरिंग थमाई है।

# बहूं अपने प्रेमी के साथ मिलकर पुत्र की हत्या का रच रही षड्यंत्र पीड़ित मां ने लगाई न्याय की गुहार

**● बहूं प्रेमी के साथ मिलकर पुत्र को कर रही प्रताड़ित तीन बच्चों को जन्म देकर नौ साल बाद प्रेमी अरमान की आशिकी में अंधी बहूं न बच्चों की न पति की प्यार में अंधी बहु कर सकती है किसी भी घटना को अंजाम दौलतमंद प्रेमी धमका रहा पुत्र को**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र में कस्बा ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी की रहने वाली 86 वर्षीय बेवा पीड़िता सलीमुन ने बताया उसके चार पुत्र हैं एक की मृत्यु हो गई दो पुत्र अलंग रहते हैं जिनसे पीड़िता का न कोई वास्ता न कोई सरोकार है पीड़िता सबसे छोटे पुत्र सैयद चांद के पास रहती है पुत्र सैयद चांद की शादी जनपद बदायूं के रहने वाले शाकिर खान की पुत्री मरिया से शरीयत के मुताबिक बीना दान दहेज दिनांक 22-जनवरी-2015 को हुआ था पीड़िता के 10 वर्ष हमाद हुसैन, 5 वर्ष सैय्यद फहाद हुसैन दो पोते,व 8 वर्ष आयशा एक पोती है। लगभग 11 शाल पुत्र की शादी हुए कोई वाद विवाद नहीं हुआ पूरा परिवार हंसी-खुशी रहता था पीड़िता के पुत्र के जीवन में उस समय भुचाल आ गया जब बहु को बड़ी बहन का दर्जा दे घर में इज्जत सम्मान पाने वाला अरमान खान पुत्र मोहम्मद रईश खान ग्राम तेलियन पुरवा रिषिया जनपद बहराइच का आना जाना हुआ पीड़िता व पीड़िता के पुत्र को कभी भी कोई शक नहीं हुआ अरमान ने बहु को अपने मोहजाल में फंसा लिया और पुत्र के जाने के बाद पोते पोती घर परिवार पर ध्यान न दें अरमान से बाते करती रहती रंगे हाथों पुत्र ने बहु को बात करते पकड़ लिया काफी वाद विवाद हुआ बहु ने अपने को चोटिल कर साक्ष्य के लिए विडियो बनाए और पुत्र को नींद की गोलियां देकर विडियो बनाए नमाज़ी पुत्र को शराबी कहा गया और सिम तोड दिया उसके बाद कुछ दिनो बाद बात चीत चालू और आए दिन परिवार में कलह होने लगी जितना अरमान कहता उतना बहु करती अरमान दौलतमंद दबंग शातिर सर्कस किस्म का ब्यक्ति है जिसने पीड़िता के पुत्र की हत्या तक की साज़िश रच डाली और पुलिस में धन-बल के दम पर सेटिंग कर बहु को बहन का दर्जा देने वाले आशिक अरमान के साथ 4--अगस्त-2025 घर से जेवर रूपए लेकर भाग गयी दिनांक 10-8-2025 को पुलिस ने पुत्र के दिए शिकायती पत्र के विपरित ना ज़ेवर न रुपए का विवरण दे अपने मनमुताबिक एफआईआर संख्या 0383 धारा 87 में दर्ज की 18-अगस्त-2025 को बहूं आई कोर्ट में बयान हुए और बहूं चली गई बहूं द्वारा अरमान के प्रेम में पड़कर पांच साल के पोते का ध्यान नहीं रखा जिसे पीड़िता ने पाला पोसा पुत्र के साथ साथ पोते पोती पर अत्याचार करने वाली बहूं ने न मां और न पति धर्म निभाया जबकि पीड़िता का पुत्र अत्यंत सीधा साधा है।

उसे विपक्षी अरमान द्वारा तलाक़ देने के लिए कहा जा रहा है जिसके साक्ष्य पीड़िता के पुत्र के पास है। और बहुत ही परेशान हैं घर से निकलता है लोग कहते हैं इसकी बीबी भाग गयी बहुत डिप्रेशन में रहता है पीड़िता को भय है कि कहीं पुत्र आत्महत्या ना कर ले पीड़िता का पुत्र इतना भयभीत हैं जो पुलिस से शिकायत




करने से मना कर रहा पुत्र की बैठक बेबसी देखकर बीमारी से ग्रस्त पीड़िता ने 9-नवम्बर -2025को आन लाइन शिकायत की है जिसकी संदर्भ संख्या 40015325052293 है । मामला पुलिस में पहुंचने और कोर्ट से बहूं अरमान साथ चली गई गई पुत्र ने आश छोड दिया उसके बाद भी पीड़िता के पुत्र को अरमान और बहूं द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायलय बहराइच से पुत्र से तलाक़ लेने का वाद दायर किया जिसकी पेशी दिनांक 25-नवम्बर -2025 को है पेशी पर आने पर विपक्षी अरमान द्वारा जान से पुत्र को ऐलानिया धमकी दी गई है जो पीड़िता के न्याय हित में नहीं है। लगातार पुत्र के पास फ़ोन कर धमकाया जाता हर्जा खर्चा का केस डालने को कहा जाता पोती पोतों को ले लेने और पुत्र को जान से मार देने की धमकी दी जाती दूसरी तरफ़ कोर्ट में पुत्र के साथ न रहने और मारने पीटने के झूठे आरोप लगाकर प्रेमी अरमान के साथ जाना फिर तलाक़ लेने का वाद डालना बहूं की दोहरी मानसिकता और प्रेमी अरमान से मिलकर पुत्र की हत्या की षड्यंत्र रचना अगर कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके जिम्मेदार बहूं मारिया और उसका प्रेमी अरमान और पुलिस होगी भयभीत पीड़िता को पुत्र पोते पोती की चिंता सता नहीं है शातिर बहूं कोई चाल न चल दे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों से मुलाकात की, अहम सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली के लाल किले में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने राष्ट्रीय राजधानी के लोक नायक अस्पताल गए। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार दोपहर भूटान की अपनी यात्रा के बाद दिल्ली पहुँचे। प्रधानमंत्री आज शाम लगभग 5:30 बजे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) और कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें सोमवार शाम को पूरे देश को झकझोर देने वाले और कम से कम 12 लोगों की जान लेने वाले विस्फोट के बाद की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

# मुंडिया अहमदनगर में शमशान भूमि में खड़े छह शीशम के पेड़ काटे , होगी कार्रवाई एसडीएम सदर

**● खबर का हुआ असर एसडीम सदर ने लिया संज्ञान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** थाना इज्जतनगर के गांव मुड़िया अहमद नगर में शमशान भूमि में लगे छह शीशम के हरे- भरे पेड़ प्रधान ने गुपचुप ढंग से कटवाकर लकड़ी मौके से गायब कर दी, इतना ही नहीं सबूत मिटाने को जड़ों में आग लगवा दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग ग्राम प्रधान को बचाने के लिए खेल कर दिया । रेंजर वैभव चौधरी ने बताया उक्त पेड़ गांव के जमुना प्रसाद ने काटे हैं। उससे हर्जाना बसूला जाएगा। वहीं आरोपी से बात की तो उसने बताया पेड़ प्रधान ने कटवाए हैं।चूंकि संपत्ति ग्राम समाज की है।उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार ने बताया मामला संज्ञान में नहीं है जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।किसी को भी हरे - भरे पेड़ काटने का अधिकार नहीं है।



चोरी छुपे कट गए पेड़ प्रशासन को नहीं लगी भनक

**बरेली।** थाना इज्जतनगर के गांव मुंडिया अहमदनगर गांव मुंडिया अहमदनगर के शमशान भूमि में खड़े पांच हरे-भरे शीशम के पेड़ गुपचुप ढंग से काटकर लकड़ी गायब कर दी। कुछ ग्रामीणों ने पेड़ कटे देखे तो पूरे गांव में पेड़ कटने की चर्चा शुरू हो गई। फिलहाल प्रशासन घटना से बेखबर है।

# औरंगाबाद चौकी पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**औरंगाबाद।** यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से औरंगाबाद चौकी पुलिस द्वारा आज विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व चौकी प्रभारी सुनील तिवारी ने किया। चैकिंग के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले तथा बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे गए और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। चौकी प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन रक्षक कवच हैं, जिन्हें हर वाहन चालक को हमेशा उपयोग में लेना चाहिए।पुलिस टीम ने लोगों से अपील की है कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दी 1.94 करोड़ की सौगात, मिदनियां तिराहे से एसएसबी तक बनेगा चमचमाता रास्ता

**● अवस्थापना विकास निधि व विकास शुल्क निधि से होगा कार्य, पीडब्ल्यूडी को मिली जिम्मेदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** शहर की सबसे व्यस्त सड़क को विकास की नई दिशा मिल गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मिदनियां तिराहे से एसएसबी के आगे तक गढ़ी मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नाली निर्माण का कार्य शुरू होने जा रहा है। यह परियोजना अवस्थापना विकास निधि और विकास शुल्क निधि से 1.94 करोड़ रुपये की लागत से पूरी होगी। वही अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा। फिलहाल यह सड़क महज तीन मीटर चौड़ी है, जिसे अब 5.5 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। इसके साथ एक ओर पक्की नाली और दोनों ओर इंटरलॉकिंग का कार्य भी कराया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है, जबकि जिला पंचायत निधि से इंटरलॉकिंग की जिम्मेदारी तय की गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्त ट्रैफिक रूट है, जहां से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। सड़क चौड़ी होने से जाम की समस्या खत्म होगी और लोगों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। गढ़ी मार्ग के सुधरने से केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही एसएसबी बटालियन, बस परिवहन और आमजन को भी सुगमता होगी। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्से की पैचिंग का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जाएगा, ताकि सड़क पूरी तरह दुरुस्त हो सके।

**गुणवत्ता पर रहेगी कड़ी निगरानी, टीम गठित-** गढ़ी मार्ग के विकास कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एक तीन सदस्यीय पर्यवेक्षण समिति गठित की है। इस समिति की अध्यक्षता एसडीएम



(सदर) अश्विनी कुमार सिंह करेंगे। समिति में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद और अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को सदस्य बनाया गया है। यह टीम समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता पर डीएम को रिपोर्ट देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में 13 नवम्बर को आयोजित की जाएगी बैठक

**भदोही:** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि 28 अक्टूबर, 2025 के माध्यम से मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाहियों की समय सारिणी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से 1200 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के आधार पर सम्भाजन करते हुए आलेख्य प्रकाशन के उपरान्त मा.सांसद/विधायकगण, समस्त अध्यक्ष/मंत्री, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ बैठक आयोजित करने के संबंध में निर्देश दिया गया है। तत्क्रम में अवगत कराना है कि उक्त के संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 13 नवम्बर 2025 को अपराह्न 01:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान स्थल, के सम्भाजन के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित की गयी है। साथ ही बैठक में स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

### जिलाधिकारी ने किया ज्ञानपुर शेल्टर होम का औचक निरीक्षण

**अव्यवस्थाएं देखकर व्यक्त की कड़ी नाराजगी, एक सप्ताह में सुधार के दिये निर्देश**



**भदोही:** बढ़ती ठंड के मौसम के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने ज्ञानपुर स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शेल्टर होम की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहाँ मौजूद कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि प्रवेश द्वार की बाहरी दीवारों पर सीलन, डॉरमेंट्री हाल में टूटे तख्ते, गंदे चादर, तथा किचन की अव्यवस्थित स्थिति जैसी कई खामियाँ मौजूद हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सेल्टर होम में ठहरने वाले निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और गरिमापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से दुरुस्त कराकर फोटो सहित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ठंड के मौसम में रैन बसेरा में पर्याप्त कंबल, गरम पानी की सुविधा, स्वच्छ शौचालय तथा उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष घनश्यामदास गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, नगर पंचायत ज्ञानपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था में निभाई अहम भूमिका निभाने वाले गोताखोरों को एसपी ने किया सम्मानित

**एसपी ने गोताखोरों को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर जताया आभार**




**भदोही।** जनपद में हाल ही में सम्पन्न हुए विभिन्न त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में गोताखोरों ने अहम भूमिका निभाई। प्रशासन और पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करने वाले इन गोताखोरों ने जलाशयों और घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया। कई बार अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरों की जान बचाने वाले इन गोताखोरों की सेवा भावना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने उन्हें नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी मांगलिक ने कहा कि घाटों पर तैनात गोताखोर पुलिस प्रशासन के सच्चे सहयोगी हैं, जो हर त्योहार में सतर्क रहकर सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ लोगों का मनोबल बढ़ाना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि भविष्य में भी वे इसी समर्पण भावना से कार्य करते रहें।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा: डीईओ ने मतदाताओं से सक्रिय सहयोग की अपील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद में चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

डीईओ ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को प्री-प्रिंटेड गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) उपलब्ध करा रहे हैं तथा फॉर्म भरने में आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। मतदाता द्वारा हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र जमा करने पर बीएलओ पावती भी दे रहे हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार भदोही जनपद में कुल 12,33,324 मतदाताओं को उनके घर पर गणना प्रपत्र प्रदान किया जाना है। 11 नवम्बर तक भदोही विधानसभा क्षेत्र में 3,29,406, ज्ञानपुर में 2,59,726 तथा औराई में 2,72,850 मतदाताओं को फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। इस कार्य में सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, 126 पर्यवेक्षक एवं 1256 बीएलओ सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा 'बुक ए कॉल विथ बीएलओ पोर्टल' की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से अब तक 196 मतदाताओं को सूचना दी गई है। डीईओ ने कहा कि अभियान के तहत जनपद के सभी 1256 बूथों पर एक साथ कार्य चल रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं में इस अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मतदाता voters.eci.gov.in वेबसाइट से भी गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

गणना प्रपत्र का वितरण व संकलन : 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक

आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन : 09 दिसम्बर 2025

दावे एवं आपत्तियाँ स्वीकार करने की अंतिम तिथि : 08 जनवरी 2026

अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन : 07 फरवरी 2026

डीईओ ने मतदाताओं से अपील की है कि वे सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए अपनी प्रविष्टियाँ सही-सही भरें, ताकि 'शुद्ध निर्वाचक नामावली - मज़बूत लोकतंत्र' के लक्ष्य को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता घर पर उपस्थित न हों, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन नागरिकों के हस्ताक्षरित फॉर्म प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित होंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा।

डीईओ ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन नागरिकों के नाम सूची में नहीं हैं, उनके लिए दूसरे चरण में सत्यापन प्रक्रिया चलाई जाएगी। पात्रता प्रमाण हेतु आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल आदि दस्तावेज़ प्रस्तुत किए जा सकेंगे। मृत मतदाताओं या स्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्तियों के नाम हटाने हेतु परिवारजन 'येलो फॉर्म' के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं ताकि निर्वाचक नामावली अधिकतम सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाई जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी मतदाता समय से गणना प्रपत्र भरकर जमा करें, जिससे आगामी अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को पूर्णतः अद्यतन और त्रुटिरहित रूप में प्रकाशित की जा सके।

## इफको नैनो उर्वरकों पर आधारित कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**जनपद भदोही** में विकास खंड औराई के *बी पैक्स माधोपुर गोपपुर में नैनो उर्वरकों पर आधारित कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इफको लखनऊ से उपमहाप्रबंधक, विपणन एस.के.वर्मा एवं वरिष्ठ सहायक अधिकारी मनोज कुमार दूबे, बी पैक्स तुलंगा,अध्यक्ष सुशील दूबे एवं बी पैक्स माधोपुर गोपपुर, सचिव विनय सिंह थे।

**उपमहाप्रबंधक, इफको** द्वारा किसानो को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस के प्रयोग विधि एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस समय गेहूं की बुवाई हो रही है, सभी किसान भाई नैनो डीएपी से 5 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम की दर से बीज शोधित कर बुवाई करे एवं दानेदार डीएपी की मात्रा आधी प्रयोग करे। नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर की बोतल से 100 किलोग्राम बीज को शोधित कर सकते है एवं मात्र 600 रूपये की है जो कि दानेदार डीएपी से काफी सस्ता है। नैनो डीएपी के प्रयोग से बीजों का जमाव अच्छा होने के साथ साथ जड़ो का विकास भी अच्छा होता है। नैनो डीएपी के प्रयोग से लागत में कमी आएगी साथ ही उत्पादन के साथ उत्पाद की गुणवत्ता भी बढ़ती है।

क्षेत्र अधिकारी इफको भदोही* विमल कुमार जायसवाल द्वारा किसानो को नैनो यूरिया प्लस, सागरिका, लिक्विड कंसोर्टिया, नैनो जिंक एवं जल विलय उर्वरक के बारे में भी जानकारी दी गई। सभी किसान भाई गेहूं की बुवाई नैनो डीएपी से बीज शोधित कर अवश्य करे।

कृषक वीरेंद्र मौर्य के गेहूं की बुवाई हेतु बीज को नैनो डीएपी से शोधित कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों को दिखाया भी गया उसके बाद बीज की बुवाई की गई। कार्यक्रम में एसएफए हॉटस्पॉट विकास यादव, प्रगतिशील किसान दुर्गा प्रसाद मिश्र, विष्णु चरण पाठक सहित 100 से अधिक किसानो ने प्रतिभाग किया।

## पत्नी की लात घूसो से पिटाई करने वाले पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के देवरी निवासी लक्ष्मी ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में आरोप लगाया है की बीते 9 नवंबर की रात्रि में पति बुद्धि राम कहासूनी को लेकर गाली गलौज देते हुए लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे चोटे आई है जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की लात घुसो से पत्नी की पिटाई करने वाले पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले कि जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

# एक सौ पचासी जोडे हुए एक दूजे के साथ

**● अग्नि को साक्षी मानकर लिए सात फेरे**

**तीन का मौलवी ने कराया निकाह**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार मिर्जापुर।** जिला समाज कल्याण विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नगर के चकईपुर मुहल्ले में स्थित परेड ग्राउण्ड पर वुद्धवार को सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत क्षेत्रीय विधायक के मुख्य आतिथ्य में तीन मुस्लिम व एक सौ बयासी हिन्दू जोडों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए जहां पंडितों ने हिन्दू रितिरिवाज के अनुसार मंत्रोच्चारण कर विवाह संपन्न कराया वही मौलवी ने तीन जोडे को मुस्लिम रितिरिवाज के अनुसार कलमा पढकर निकाह संपन्न कराया।जबकि सामुहिक विवाह के आयोजन मे कुल 195 जोडों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। आयोजन मे क्षेत्रीय विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि सोलह संस्कारों में से एक संस्कार पाणीग्रहण संस्कार है जिसका महत्व भारतीय संस्कृति मे आध्यात्मिक एवं धार्मिक रुप मे प्रबल होता है।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सामुहिक विवाह योजना के माध्यम से आर्थिक रुप से पिछड़े परिवारों के बेटियों की शादी धूमधाम से संपन्न परिवारों जैसा हो सके जिसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को बेटियों की विवाह के लिए जमीन गिरवी या बेचना पड़ता था उसके बाद भी साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था लेकिन अब ऐसा नही है।अब गरीबों के बेटियों का भी विवाह सरकार के सहयोग से धूमधाम से संपन्न हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह,भाजपा मण्डल अध्यक्ष मंगरु साहनी,जिलाधिकारी पवनकुमार गंगवार, नगर पंचायत अध्यक्ष कछ्वा मिताली जायसवाल, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद चुनार बिजय



कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी सिद्धार्थ मिश्र नव युगल जोडों को अपना आशीर्वाद देते हुए उपहार आदि के साथ प्रमाण पत्र देकर पवित्र परिणय का साक्षी बने। संपूर्ण कार्यक्रम में जिलासमाज कल्याण अधिकारी द्वारा मीडिया कर्मीयो की उपेक्षा चर्चा का विषय रहा ।जिलाधिकारी ने बताया कि कुल 185 जोडों का पाणीग्रहण संस्कार संपन्न हुआ जिसमें तीन मुस्लिम व 182 हिन्दू जोडे रहें। इस दौरान विधायक सहयोगी आलोक सिंह,पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह एड0 आदि सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवनाथपुर लक्ष्मणपट्टी का औचक निरीक्षण

**● चिकित्सकीय उपकरण निष्क्रिय पाए जाने पर जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही, 12 नवम्बर 2025:** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, देवनाथपुर लक्ष्मणपट्टी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं, दवाओं, टीकाकरण, परिवार नियोजन सामग्री तथा स्वास्थ्य जांच संबंधी उपकरणों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच मशीनें सक्रिय अवस्था में संचालित नहीं हैं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित चिकित्सा कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी उपकरणों को सदैव सक्रिय व क्रियाशील स्थिति में रखा जाए, ताकि आमजन को समय से सही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उपलब्ध दवाओं का मासिक भौतिक सत्यापन किया जाए तथा जिन दवाओं की एक्सपायरी तिथि अगले माह के भीतर है, उनकी सूची तैयार कर उन्हें अलग रखा जाए और नियमानुसार वापसी की कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में उपलब्ध चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं, रजिस्टरों के संधारण, मरीजों के आगमन, तथा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि



आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजनाओं का उद्देश्य ग्राम स्तर पर गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अटेंडेंस रजिस्टर की जांच की। इस दौरान कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ पूजा यादव ने बताया कि एएनएम टीकाकरण हेतु गांव में गई हुई हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा कार्य के प्रति उत्तरदायित्व और अनुशासन बनाए रखा जाए।

### भीड भाड स्थलों पर पहुच कर महिला कांस्टेबलों ने महिलाओं को शशक्तिकरण व सुरक्षा के लिये किया जागरूक



**हलिया, मिर्जापुर।** बुधवार को मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत हलिया थाने में तैनात महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर व पूजा चौहान ने भीड भाड स्थानों पर पहुँच कर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला पुलिस कर्मियों ने हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एंबुलेंस आदि नंबर के उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। जिसके तहत कस्बा में भीड भाड होने वाले स्थल हलिया के माता चौरा, जीप स्टैंड, दुर्गा बाजार, भटवारी रोड आदि स्थलों पर पहुँच कर महिलाओं को स्वयं से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस महिलाओं व जनता की सुरक्षा के लिये हर पर तत्पर है साथ ही भीड भाड होने वाले स्थलों पर महिला कांस्टेबल महिलाओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है जिससे महिलाएं आत्म निर्भर व शशक्त हो।

## रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही द्वारा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

**● जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने किया शिविर का उद्घाटन, 25 मोतियाबिंद मरीज चयनित -140 मरीजों की हुई जांच**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ज्ञानपुर (भदोही),** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही शाखा द्वारा कार्यालय पुरानी तहसील रोड ज्ञानपुर पर निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री शैलेश कुमार ने करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही द्वारा सेवा कार्यो के अंतर्गत आज नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन यहां किया गया है। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों का ऑपरेशन महाराजा चेत सिंह चिकित्सालय ज्ञानपुर में कराया जाएगा। रेड क्रॉस सोसायटी निरंतर सेवा कार्य कर रही है। रेड क्रॉस सोसाइटी का प्रयास सराहनीय है। डॉक्टर भारतेन्दु द्विवेदी सचिव ने रेड क्रॉस द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यो पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी, उपस्थित डॉक्टर की टीम एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में 25 मोतियाबिंद के मरीजों का चयन ऑपरेशन हेतु किया गया तथा 140 मरीज के स्वास्थ्य की जांच की गई । शिविर में डॉक्टर नीलिमा धवन, डॉक्टर लक्ष्मी सिंह, डॉक्टर पी के सिंह, डॉक्टर स्वप्निल, श्री लालचंद, कुमारी कंचन एवं श्री घनश्याम ने मरीजों की जांच की। रेड क्रॉस सोसाइटी भदोही द्वारा मरीजों को दवा निःशुल्क दवा प्रदान की गई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्री हरेंद्र प्रताप सिंह ने शिविर को सफल बनाने में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ पी शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, रेड क्रॉस सदस्य रमेश चंद्र त्रिपाठी, अजीत प्रसाद पांडे, अब्दुल वाहिद अंसारी, अरविंद भट्टाचार्य, अभय श्रीवास्तव, कमल कुमार, सौरभ जायसवाल, डॉ आर एन सिंह, सरफराज आलम, प्रमोद दुबे, डॉक्टर राजेश कुमार, औ डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव, एन एन पाण्डेय, डॉ घनश्याम दास गुप्ता, प्रदीप बघेल, विनोद कुमार, उपासना जायसवाल, माबूद खां आदि सदस्य सेवा कार्यो में लग रहे।

## उप शिक्षा निदेशक ने उरुवा की दो शिक्षिका अर्चना व शालिनी को किया सम्मानित

**● कोटहा विद्यालय की अर्चना गुप्ता को मिला जिले पर द्वितीय स्थान और उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनाई की शालिनी शुक्ला को मिला तृतीय स्थान।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मेजा,प्रयागराज:** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ,उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट प्रयागराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय' षष्टम राज्य स्तरीय कला,क्राफ्ट के माध्यम से शिक्षा संबंधी प्रतियोगिता ' का समापन मंगलवार को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण की प्रतियोगिता डायट प्रयागराज में सम्पन्न हुई। वहीं द्वितीय चरण की प्रतियोगिता राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में संपन्न होगी। बीआरसी उरुवा के लेखाकार कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि हमारे विकास खंड उरुवा से प्राथमिक विद्यालय स्तर में भाषा विषय से अर्चना गुप्ता व गणित विषय में कवी अनवर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर से विज्ञान विषय में शालिनी शुक्ला व गणित विषय में चित्रा शुक्ला को चयनित करके खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा द्वारा उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रतियोगिता के उपरांत अंतिम दिन विकास खंड उरुवा के प्राथमिक विद्यालय कोटहा की सहायक अध्यापिका अर्चना गुप्ता ने ' जिला स्तरीय कला एवं क्राप्ट प्रतियोगिता' के भाषा विषय में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने ब्लॉक व विद्यालय को गौरवान्वित किया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप शिक्षा निदेशक व डायट प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप जी ने अर्चना गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनाई,उरुवा में कार्यरत शालिनी शुक्ला ने विज्ञान विषय में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्लॉक को गौरवान्वित किया। ब्लॉक के दोनों शिक्षकों की इस ऐतिहासिक व शानदार उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी वरुण मिश्रा, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ



जिला कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, एआरपी अजीत मिश्रा, जगदीश मिश्रा व रामानंद शुक्ला, पूर्व एआरपी राजेश मिश्रा, प्रीतम दास, विनोद शुक्ला, माया तिवारी, ज्योति मिश्रा, अर्चना त्रिपाठी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कोलहा, प्रतिभा अवस्थी, बृजेश शुक्ला, डॉ.रामराज तिवारी, आरती मिश्रा, अजीत सिंह, संतोष मिश्रा, अशोक यादव, अनुज श्रीवास्तव, बृजेश भारती, कृष्णा कांत सिंह, दीपक गुप्ता, डॉ.संजय त्रिपाठी, गिरीश कुमार सिंह, गुड़िया मिश्रा, जयशंकर पांडेय, प्रवीन प्रजापति, साकेत तिवारी, राकेश कुमार सिंह, रामबाबू प्रजापति, अजय ओझा, राजीव लोचन शुक्ला, रमाकांत यादव व बीआरसी लेखाकार कृष्ण कुमार शुक्ला आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।।

### मीरजापुर में किया गया लोजपा का विस्तार



**मीरजापुर।** लोकजनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजीव पासवान ने 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में पार्टी के विस्तार और मजबूती को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में मिर्जापुर जनपद में सभा शंकर दूबे को उनके कार्यो और पार्टी प्रति जिम्मेदार होने की वजह से जिला अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही मिर्जापुर जनपद का प्रभारी महेश पाण्डेय को बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान, प्रदेश महासचिव कमल तिवारी ने सभा शंकर दूबे के आवास पर कार्यक्रम को संबोधित किया और सभा शंकर को मिर्जापुर जनपद की जिम्मेदारी देते ब्राह्मण वोट बैंक पर निशाना साधते हुए पंचायत चुनाव और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बिगुल फूंक दिया।

## सॉफ्ट स्किल कार्यशाला एवं रोवर्स-रेंजर्स के शिविर में दिया गया विविध प्रशिक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में बुधवार को रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन रोवर/रेंजर्स को सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह, गांठ फांस बंधन, कलर पार्टी निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, स्पेयर टाइम एक्टिविटी, विकास के कार्यक्रम प्रवेश से राष्ट्रपति तक एवं सेल्यूटिंग-रिपोर्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ साथ पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की गई। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ चंदन साहू ने की। रोवर प्रभारी डॉ रजनीश, रेंजर प्रभारी डॉ शिखा तिवारी,शोध छात्र कृष्णानंद सहित शिविर प्रशिक्षक मुकेश कुमार सिंह (जिला संगठन कमिश्नर स्काउट मिर्जापुर), प्रदीप कुमार मौर्य (ट्रेनिंग काउंसलर, चुनार), श्रीमती संगीता विश्वकर्मा (जिला संगठन कमिश्नर गाइड मिर्जापुर) के सहित बड़ी संख्या में रोवर रेंजर ने शिविर में प्रतिभाग किया। साथ ही पांच दिवसीय आईसीटी एवं सॉफ्ट



स्किल्स विषयक कार्यशाला में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ चन्दन कुमार द्विवेदी ने माइक्रोसॉफ्ट वर्ड तथा क्रिएटिंग डिजिटल डॉक्यूमेंट विषय पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मेन्टीमीटर तथा गुगल फार्म बनाना सिखाया जिसे छात्र-छात्राओं ने अपने स्मार्टफोन पर कर के सीखा। कार्यशाला का संचालन डॉ शैलेन्द्र कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ शिव कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ कुसुम लता, डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ दीप नारायण, डॉअरविन्द कुमार,डॉ शेफालिका राय,डॉ नलिनी सिंह, डॉ रमेश चंद्र, डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ रीता मिश्रा, डॉ विद्या सिंह, डॉ अमित कुमार यादव, डॉ मंजुला शुक्ला, धर्मचन्द्र, डॉ रामानन्द पुजारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरदार @150 - राष्ट्रीय एकता पदयात्रा' का भव्य आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'सरदार @150 - राष्ट्रीय एकता पदयात्रा' का आयोजन मेरा युवा भारत (MY Bharat), भारत सरकार एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन, भदोही के संयुक्त तत्वावधान में उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। पदयात्रा का शुभारंभ राजपुरा चौराहा, भदोही से हुआ, जो लिप्पन तिराहा - मर्यादपट्टी - स्वामी विवेकानंद चौराहा - मेला मैदान, नैबाजार मार्ग से होकर संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक श्री रविन्द्र नाथ त्रिपाठी, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री दीपक मिश्र, जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्री सुनील मिश्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी, तथा जिला युवा अधिकारी श्री राम गोपाल सिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। पदयात्रा में मेरा युवा भारत (भारत सरकार) के तत्वावधान में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राध्यापक, आज़ाद हिन्द फौज संगठन के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एवं गाइड्स, पी.आर.डी. जवान, विभिन्न इंटर कॉलेजों एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, तथा युवा कल्याण विभाग के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी भी सम्मिलित रहे।

पदयात्रा के दौरान मार्ग में स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा युवाओं ने 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। नगर पालिका परिषद भदोही द्वारा मार्ग की सफाई, चुना छिड़काव एवं पेयजल की व्यवस्था की गई। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं यातायात



प्रबंधन सुनिश्चित किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टर टीम एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का समापन समारोह मेला मैदान, नैबाजार में हुआ, जहाँ अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता शपथ ली और सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

# संक्षिप्त खबरें

## कांग्रेसी नेता के घर शादी वाले दिन में छाया मातम

**नैनी, प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के महासचिव राकेश श्रीवास्तव की भाभी विजय लक्ष्मी ( 63 वर्ष ) पत्नी फुल चंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, निवासी चक दाऊद नगर, का इलाज के दौरान मंगलवार रात निधन हो गया।जिनका अंतिम संस्कार दारागंज घाट पर हुआ परिजनों के अनुसार, घर में शादी का आयोजन होना था, लेकिन इससे पहले ही परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा और घर मे मातम छा गया।निधन की खबर मिलते ही क्षेत्रीय लोगों और कोंग्रेसियों में शोक की लहर है ।इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा, पार्षद मयंक यादव, धीरेन्द्र यादव, अंजुम नाज़, नरेंद्र श्रीवास्तव, विनोद जैकब, विवेक पांडेय, संजय श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, संतोष कुमार, प्रदीप शर्मा, वाई.पी. श्रीवास्तव, राजा राम सिंह, विनोद श्रीवास्तव, मानव पाठक, ताकेश्वर तिवारी, दिलीप श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, वैभवी जोशी, अनील श्रीवास्तव आदि रहे।

## योगेश कुमार श्रीवास्तव रेलवे दावा अधिकरण (RCT) के तकनीकी सदस्य/एर्नाकुलम पीठ नियुक्त



**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के आदेश संख्या 2023/E(O)-II/1/7 के अनुसार, योगेश कुमार श्रीवास्तव सेवानिवृत्त, भारतीय रेल लेखा सेवा के अधिकारी को रेलवे दावा अधिकरण (RCT), एर्नाकुलम पीठ में तकनीकी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया है । यह नियुक्ति एर्नाकुलम पीठ में एक मौजूदा रिक्ति के विरुद्ध की गई है। श्रीवास्तव का कार्यकाल पद का कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से चार वर्ष की अवधि के लिए या 67 वर्ष की आयु पूरी होने तक, जो भी पहले हो, रहेगा। योगेश कुमार श्रीवास्तव भारतीय रेल लेखा सेवा (IRAS) के 1988 बैच के एक कुशल और तेजतर्रार अधिकारी हैं, जिनके पास रेलवे और प्रशासन का व्यापक अनुभव है। सेवानिवृत्ति से पहले, उन्होंने प्रधान वित्त सलाहकार (पीएफए), उत्तर मध्य रेलवे और इससे पहले प्रधान वित्त सलाहकार, बीएलडब्ल्यू/वाराणसी के रूप में भी कार्य किया।अपने करियर के दौरान, उन्होंने पूर्वी रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, बीएलडब्ल्यू और उत्तर मध्य रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। श्रीवास्तव ने 2009 से 2019 के दौरान उत्तर मध्य रेलवे में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने 2018 और 2019 में दो बार प्रधान वित्त सलाहकार/उत्तर मध्य रेलवे का प्रभार भी संभाला। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत सहायक मंडल वित्त प्रबंधक (ADFM)/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के रूप में की थी। उन्हें लेखा कार्यों के प्रत्येक पहलू का व्यापक अनुभव है। प्रधान वित्त सलाहकार, बीएलडब्ल्यू/वाराणसी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने बीएलडब्ल्यू/वाराणसी के कैश एंड पे विभाग के मैनुअल की तैयारी में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक प्रशासक के अलावा, वह साहित्यिक कार्यों से भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने तत्कालीन मुख्य जनसंपर्क अधिकारी/उत्तर मध्य रेलवे के साथ हेरिटेज कॉफी टेबल बुक (Emergence of a Legend From a Legacy) का सह-लेखन किया, जिसका विमोचन 2012 में महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे द्वारा किया गया था। योगेश श्रीवास्तव ने 2007 में ICLIF, मलेशिया और INFEAD, सिंगापुर में एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम में भी भाग लिया।

## दहेज के लिए महिला को ससुराल से निकाला, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर ककरा गांव निवासी मांसी शर्मा उर्फ महिमा शर्मा पुत्री मानिकचंद ने पुलिस उपायुक्त गंगानगर को प्रार्थना पत्र देकर अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मांसी ने बताया कि उसकी शादी 14 फरवरी 2024 को पिंटू शर्मा पुत्र राजा राम शर्मा निवासी फतेह रसीदपुर, पोस्ट मसनी जगदीशपुर, मालापुर के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत से अधिक लगभग सात लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें पल्सर मोटरसाइकिल, सोने की अंगूठी, जंजीर, सलाई और घरेलू उपयोग की वस्तुएं दी गई थीं। आरोप है कि विदाई के बाद से ही सास शकुंतला, ससुर राजाराम, ननद साक्षी, देवर संजय, अजय, रिंकू, पति के मौसा राजेश शर्मा, मौसी रंजना शर्मा और पति पिंटू शर्मा द्वारा लगातार दो लाख रुपये और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न करने पर मारपीट व गाली-गलौज की जाती थी। मांसी के अनुसार, 21 जून 2025 को नवाबगंज थाने में समझौता हुआ था कि अब कोई विवाद नहीं होगा, लेकिन 28 अगस्त 2025 को फिर उसे मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया गया। डीसीपी के आदेश पर नवाबगंज पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपितों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अपर मुख्य सचिव, प्रमुख वन संरक्षक ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ दिए थे ऑर्डर, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किया तलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव वन विभाग अनिल कुमार, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी एवं क्षेत्रीय निदेशक सामाजिक वानिकी गौतम सिंह को आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी कर उन्हें आठ दिसंबर को हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने ओंकार सिंह की आपराधिक अवमानना याचिका पर अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव को सुनकर दिया है. खंडपीठ ने कहा कि इन अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय व हाईकोर्ट के आदेश के विपरीत लिखित आदेश देकर न्यायालय के प्राधिकार को नीचे करने के हर कदम उठाए हैं, जो आपराधिक अवमानना है। कोर्ट ने याची व अन्य दैनिक कर्मचारियों को वन विभाग में नौकरी पर रखने का आदेश दिया था, जिसका पालन न कर अपर मुख्य सचिव वन विभाग अनिल कुमार, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी एवं क्षेत्रीय निदेशक सामाजिक वानिकी गौतम सिंह ने न्यायालय के आदेश को फ्रस्टेट किया है. न्याय प्रशासन में व्यवधान उत्पन्न किया है. कोर्ट ने इन अधिकारियों को जवाबी या अनुपालन हलफनामा दाखिल करने की भी छूट दी है। याची ने महाधिवक्ता की अनुमति लिए बगैर सीधे कोर्ट में आपराधिक अवमानना दाखिल करने की अनुमति मांगी. कोर्ट ने कहा कि हलफनामा व आदेश पढ़ने के बाद साफ हो गया है कि इन अधिकारियों ने न्यायालय के आदेश की आपराधिक अवहेलना की है. कोर्ट ने कहा कि आपराधिक अवमानना याचिका करने से पहले महाधिवक्ता की अनुमति लेने का नियम सिर्फ व्यर्थ की अवमानना याचिका दाखिल होने से रोकना है। कहीं भी सीधे न्यायालय में आपराधिक अवमानना याचिका दाखिल करने पर रोक नहीं है. न्यायालय को आपराधिक अवमानना मामले में अपनी मर्जी से कार्रवाई करने का अधिकार है. कोर्ट ने कहा, अर्जी सिविल अवमानना लगती है लेकिन, गहराई में जाने पर साफ होता है कि यह आपराधिक अवमानना है. इन अधिकारियों के आचरण से स्पष्ट है कि उन्होंने कोर्ट के अधिकार को कम करने का काम किया है. कोर्ट के आदेश के विपरीत आदेश जारी किया है।

## नए यमुना पुल से अधेड़ ने लगाई छलांग, मौत

मानसिक तनाव के चलते उठाया आत्मघाती कदम।

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के नए यमुना पुल से बुधवार की दोपहर अधेड़ व्यक्ति ने गंगा में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर नैनी पुलिस पहुंची, गोताखोरों को लगाया गया। काफी मशक्कत करने के बाद गोताखोरों ने शव को पानी से ढूंढ निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते पीएम के लिए भेज दिया। घटना का कारण मानसिक तनाव बताया गया ये प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार की दोपहर में तकरीबन 1:30 बजे नए यमुना पुल से अधेड़ व्यक्ति ने पानी में छलांग लगा दी। देखने वालों की अच्छी खासी भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी नैनी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंची, गोताखोरों को लगाया गया। काफी मशक्कत करने के बाद गोताखोरों ने शव को पानी से ढूंढ निकाला। मौके पर पहुंचे मृतक के भाई रामजीत तिवारी ने उसकी पहचान दिनेश कुमार तिवारी (56) वर्षीय पुत्र जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी बजड्डी थाना शंकरगढ़ के रूप में कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया, कि वह कई दिनों से मानसिक रूप से तनाव में चल रहा था। जिसकी वजह से उसने आत्मघाती कदम उठाया।

# दिल्ली ब्लास्ट का इस्तेमाल बिहार मतदान के लिए किया गया

● 'सामना' में विस्फोट की टाइमिंग पर उठाए गए सवाल।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली में हुए कार धमाके के बाद राजनीति गरमाने लगी है। बुधवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना पार्टी ने केंद्र सरकार पर आतंकवाद का खात्मा करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने में विफल रहने का आरोप लगाया। शिवसेना-यूबीटी के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में दिल्ली कार ब्लास्ट की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाए गए हैं। साथ ही, इसके लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया गया है। संपादकीय में लिखा गया, 'दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट का इस्तेमाल मंगलवार को बिहार के मतदान के अंतिम चरण के लिए किया गया। हो-हल्ला मचाया गया कि देश पर आतंकवादी हमला हुआ है, लेकिन इसके लिए खुद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। वे देश नहीं संभाल पा रहे हैं। 'शिवसेना-यूबीटी के मुखपत्र में पहलगाम और पुलवामा जैसे हमलों का उदाहरण देते हुए सरकार पर निशाना साधा गया। संपादकीय में लिखा, 'आतंकवाद वैश्विक चिंता का विषय है। भारत में यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है। हर आतंकवादी हमले का राजनीतिकरण करना, हर हमले का प्रचार में इस्तेमाल करना और हिंदुओं व मुसलमानों के बीच दरार पैदा कर राजनीतिक रोटियां सेंकने का उद्योग पिछले दस सालों से चल रहा है। अगर देश की राजधानी सुरक्षित नहीं है, तो इस देश में क्या सुरक्षित है? 'पार्टी ने सवाल करते हुए कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार ने घोषणा की कि 'भारत पर भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकी हमले को युद्ध कार्रवाई माना जाएगा।' अगर यह सच है तो क्या मोदी सरकार सोमवार को दिल्ली के लाल किले पर हुए धमाके के बाद इसे भारत के खिलाफ युद्ध मानेगी? ' संपादकीय में कहा गया है, 'खुद को सरदार पटेल के रूप में देखने वाले अमित शाह अब तक के सबसे कमजोर और सबसे बेकार गृह मंत्री हैं। दिल्ली धमाके ने देश के सामने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार आतंकवाद का सफाया करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने में विफल रही है। अगर वह इस्तीफा दे देते हैं तो यह 140 करोड़ लोगों पर उपकार होगा, वरना दिल्ली, मुंबई और बंगलुरु जैसे शहर खून से लथपथ नजर आएंगे।

# बिहार में बदलाव के लिए पड़ा वोट, महागठबंधन को मिल रहा बहुमत

● 18 नवंबर को नई सरकार लेगी शपथः तेजस्वी यादव।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में हुई रिकॉर्ड तोड़ मतदान से स्पष्ट है कि राज्य की जनता ने इस बार बदलाव के लिए वोट किया है। तेजस्वी ने इसके साथ ही कहा कि महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है और 18 नवंबर को नई सरकार शपथ लेगी। पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, 'इस बार 2020 की तुलना में बिहार में 72 लाख अधिक मत पड़े हैं और यह वोट 'परिवर्तन के पक्ष' में पड़े हैं। तेजस्वी ने कहा, प्रदेश में 72 लाख लोगों ने नीतीश कुमार को बचाने के लिए नहीं बल्कि बिहार में बदलाव लाने और सरकार बदलने के लिए मतदान किया है। लोगों ने महागठबंधन के पक्ष में मतदान किया है और हम 18 नवंबर को शपथ लेंगे। एग्जिट पोल के बारे में तेजस्वी ने कहा, 'ये सर्वे तो बंगाल (में तृणमूल कांग्रेस को) हरा रहा था। 2024 में कुछ मीडिया राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लोकसभा में 400 सीटों के पार करा रहे थे नतीजा आपने देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि एग्जिट पोल के चक्कर में 'लोगों ने यहां तक कि बड़े अभिनेता धर्मेंद्र को भी मार दिया' और ऐसी पत्रकारिता पहले कभी नहीं देखी। तेजस्वी ने कहा कि पीएमओ जो तय करता है, अमित शाह चैनलों के लिए जो लिखते हैं, वही मीडिया चलाता है। 2020 के चुनावों की तुलना में इस बार 72 लाख ज़्यादा लोगों ने वोट दिया है, ये वोट नीतीश कुमार को बचाने के लिए नहीं, बल्कि सरकार बदलने के लिए थे। ये बदलाव के लिए वोट है, सरकार बदलने वाली है। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी और उसके नेताओं ने नागरिकता व संवैधानिक मुद्दों पर दोहरे मापदंड अपनाए हैं और चेतावनी दी कि बिहार की जनता लोकतंत्र की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, 'बिहार लोकतंत्र की जननी है और लोकतंत्र को हम यहां से मिटने नहीं देंगे।' उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी नेता मतगणना के दिन प्रक्रिया को धीमा करने की कोशिश करेंगे। तेजस्वी ने कहा, 'ये लोग मतगणना को स्लो कराने की कोशिश करेंगे। हम उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं और ऐसा नहीं होने देंगे। 'मीडिया पर सवाल उठाते हुए यादव ने कहा, 'इन चैनलों की विश्वसनीयता का अंदाज़ा आप इसी से लगा सकते हैं कि इन्होंने दिग्गज





अभिनेता धर्मेंद्र के निधन की झूठी खबर चला दी थी। कुछ चैनल तो यह तक कहने लगे थे कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में लाहौर, इस्लामाबाद और कराची पर कब्जा कर लिया है। यही इन लोगों की पत्रकारिता है। 'तेजस्वी ने विश्वास जताया कि इस बार जनादेश पूरी तरह महागठबंधन के पक्ष में है और कहा कि 'बिहार की जनता ने मौजूदा सरकार की कुशासन की राजनीति को समाप्त करने के लिए भारी मतदान किया है। 'आरजेडी नेता और महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने काह कि हमें जो फीडबैक मिल रहा है वह बहुत सकारात्मक है। यह 1995 के चुनावों के फीडबैक से बेहतर है। मतदान का प्रतिशत काफ़ी ज़्यादा था और लोगों ने इस सरकार के ख़िलाफ़ वोट दिया था। इस बार बदलाव होने जा रहा है, इसमें किसी तरह की कोई गुंजाइश नहीं है। '

# सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार वकील को रिहाई करने का दिया आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (12 नवंबर) को हरियाणा पुलिस द्वारा एक हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए वकील विक्रम सिंह की रिहाई का आदेश दिया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली सिंह द्वारा दायर एक रिट याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ ने निर्देश दिया कि सिंह को 10,000 रुपये के जमानत बांड पर तत्काल रिहा किया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट विकास सिंह ने दलील दी कि पुलिस वकील पर मुवक्किलों का विवरण उजागर करने का दबाव बना रही थी। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि गिरफ्तारी अवैध थी क्योंकि मिहिर शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य के हालिया फैसले के अनुसार कोई लिखित आधार प्रस्तुत नहीं किया गया। पीठ ने आदेश में कहा, 'इस मामले को देखते हुए हम अंतरिम संरक्षण प्रदान करने के पक्ष में हैं। किसी भी स्थिति में याचिकाकर्ता पेशे से वकील है। इसलिए न्याय से भागने की संभावना नहीं है। अंतरिम आदेश के रूप में हम प्रतिवादी को याचिकाकर्ता को तुरंत रिहा करने का निर्देश देते हैं। कोर्ट ने रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया कि वह गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त को तुरंत आदेश से अवगत कराएं। पिछले सप्ताह, दिल्ली जिला कोर्ट के बार संघों ने वकील की गिरफ्तारी के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया था। सिंह को गुरुग्राम स्पेशल टास्क फोर्स ने 31 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और 1 नवंबर को फरीदाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। यह FIR सूरजभान नामक व्यक्ति की हत्या के संबंध में दर्ज की गई, जिसकी कथित तौर पर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के गिरोह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। विक्रम सिंह के मुवक्किल ज्योति प्रकाश उर्फ बाबू को इस मामले में 16 मार्च, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। याचिका के अनुसार, सिंह ने अदालत में कई आवेदन दायर कर आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल के साथ पुलिस हिरासत में दुर्व्यवहार किया जा रहा है।



# केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण, मऊगंज में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रीवा-मध्य प्रदेश।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के पटेहरा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र सरदार पटेल अमर रहें और अपना दल (एस) जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल पटेल ने की, जबकि संचालन मान सिंह पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल, राष्ट्रीय सचिव सूर्यभान सिंह, विधायक प्रदीप पटेल (मऊगंज), विधायक डॉ. सुनील पटेल (रोहनिया, उत्तर प्रदेश), विधायक डॉ. आर. के. सिंह (मड़ियाहूं, यूपी), विधायक जीतलाल पटेल (विश्वगंज, प्रतापगढ़) तथा राज्य मंत्री रेखा पटेल प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की एकता और अखंडता में सरदार पटेल जी के योगदान को याद किया। अनुप्रिया पटेल ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में अशोक सिंह पटेल, डॉ. अखिलेश पटेल, सुखेन्द्र सिंह पटेल, डी. पी. पटेल, त्रिलोकीनाथ सिंह, रघुनंदन पटेल, हरदास कुशवाहा (दतिया) सहित विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और स्वागत की व्यापक व्यवस्था की गई थी।

## बिजली कटौती होने से पेयजल का संकट गहराया

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में इन दिनों सुबह और शाम बिजली की कटौती होने से क्षेत्र में लगे सभी ट्यूबवेल ठप हो जाते हैं। जिसकी वजह से लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। बताया जाता है, कि टी.एस.एल. पावर हाउस से क्षेत्र के विनोवा नगर ,त्रिवेणी नगर ,मुक्ता बिहार ,नैनी गांव, शाहजी का पूरा ,ए.डी.ए कॉलोनी ,नई बाजार, मिर्जापुर रोड आदि कई मोहल्ले में बिजली की सप्लाई की जाती है। इस फीडर पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते सुबह और शाम बिजली की जबरदस्त कटौती की जा रही है। बिजली कब आएगी और कब जाएगी इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो गया है। सुबह और शाम बिजली कटौती होने से क्षेत्र में लगे सभी ट्यूबवेल ठप हो जाते हैं, जिसकी वजह से क्षेत्र में पेयजल की भी जटिल समस्या उत्पन्न हो जाती है। सुबह और शाम बिजली की कटौती होने से जनमानस पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है।

# छोटे बच्चों को सिरप नहीं, सही जांच और सटीक देखभाल जरूरी : डॉ. प्रताप सिंह

● वायरल खांसी-जुकाम में परहेज़ और प्रिकॉशन ही सबसे बड़ा उपचार ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** शंकरगढ़( प्रयागराज ) मौसम बदलते ही बच्चों में खांसी-जुकाम की समस्या तेजी से बढ़ जाती है । माता-पिता अक्सर छोटे बच्चों को तुरंत कफ सिरप दे देते हैं, पर क्या यह सुरक्षित है ? आप को बता दे कि शंकरगढ़ शिवराजपुर स्थित सद्गुरु हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर सेंटर के प्रबंधक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि पांच साल तक के बच्चों को कफ सिरप देना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि दवा का गलत डोज या बिना कारण समझे दी गई दवा नुकसानदायक साबित होती है । उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों के उपचार में सावधानी, सही निदान और प्राकृतिक देखभाल सबसे महत्वपूर्ण है । डॉ. प्रताप सिंह का कहना है कि बच्चों की देखभाल में 'सावधानी ही सुरक्षा' का सिद्धांत सबसे आवश्यक है । छोटी लापरवाही बड़ी समस्या में बदल सकती है । इसलिए बच्चों की खांसी जुकाम या किसी भी स्वास्थ्य समस्या को नजरअंदाज न करें और विशेषज्ञ की राय लेकर ही इलाज करें । छोटे बच्चों को कफ सिरप क्यों नही देना चाहिए उस अंश पर डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि कफ सिरप पांच साल तक के बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है क्योंकि बच्चों का शरीर अभी विकसित ही रहा होता है ।

सिरप में मौजूद एंटी-एलर्जिक या सेडेटिव तत्व उनके धसन तंत्र पर असर डाल सकता है । इसलिए बेहतर है कि दो साल से ऊपर के बच्चों को भी कोई दवा डॉक्टर की सलाह के बिना न दी जाए । सही डोज और सही दवा तभी दें जब खांसी का कारण स्पष्ट हो । मौसम बदलने पर बच्चों को बार बार सर्दी-जुकाम क्यों होता है और इसका प्रमुख कारण क्या है इस अंश पर डॉ. प्रताप सिंह ने बताया की इस समय सर्दी जुकाम ज्यादातर वायरल संक्रमण के कारण होता है । वातावरण में मौजूद वायरस बच्चों के कमजोर इम्यून सिस्टम पर जल्दी असर डालते हैं । घर में



किसी को खांसी-जुकाम हो तो मास्क पहनना चाहिए और बच्चों को उससे दूर रखना चाहिए । साफ-सफाई और वेंटिलेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है ताकि संक्रमण फैलने से रोका जा सके । ऐसे में घर पर क्या सावधानियां रखी जानी चाहिए उस विषय में उन्होंने बताया कि सबसे पहले बच्चों को ठंडे पेय और धूल-मिट्टी से दूर रखें । यदि खांसी-जुकाम हो भी गया है तो पहले भाप देना (स्टीम या नेबुलाइजर के माध्यम से) सबसे कारगर तरीका है । बच्चों को अधिक पानी पिलाएं, गर्म सूप या हल्का आहार दें और कमरे का तापमान सामान्य रखें। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह से दवा ले।

# यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया ने अपना 107 वा स्थापना दिवस बलिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया/**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपना 107वां स्थापना दिवस बलिया मुख्य शाखा परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बैंक के सम्मानित ग्राहक गण, रिटायर्ड स्टाफ एवं शाखा के सभी स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में केक काटकर समारोह की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान शांति चैरिटेबल ट्रस्टके सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। शाम के समय बलिया के होटल बल्लियांस में विशेष आयोजन किया गया, जिसमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सभी सम्मानित ग्राहक, स्टाफ, उनकी फैमिली एवं रिटायर्ड स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय सांसद श्री सनातन पाण्डेय जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैंक के केन्द्रीय कार्यालय से लाइव प्रसारण के माध्यम से बैंक के नए उत्पादों का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही एक शानदार संगीतमय





कार्यक्रम (म्यूजिकल प्रोग्राम) का भी आयोजन किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री सनातन पाण्डेय जी के अलावा बार काउंसिल के अध्यक्ष श्री देवेंद्र दुबे रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री संजय मिश्रा जी श्री रणवीरेश्वर नाथ पाण्डेय जी श्री निशु श्रीवास्तव क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य शाखा प्रबंधक श्री अमित सिंह मुख्य प्रबंधक बलिया श्री प्रशांत कुमार शाखा प्रबंधक विकास भवन बलिया श्री अमित सिन्हा श्री ओम प्रकाश श्री उमेश कुमार गुप्ता बलिया जिले के सभी शाखा प्रबंधक, स्टाफ, एक्स-स्टाफ एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मुक्तिबोध के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर दिशा ने कविता पाठ और क्रान्तिकारी गीत का कार्यक्रम आयोजित किया



**ब्यूरो प्रयागराज।** मुक्तिबोध के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर दिशा छात्र संगठन की आईएसडीसी इकाई द्वारा 'युवाओं के तराने' तहत क्रान्तिकारी गीत और कविता पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लेखकों के दायित्व से लेकर देश के हालात और विश्वविद्यालय की स्थिति आदि पर छात्रों ने कविता प्रस्तुत की।अंजली ने मुक्तिबोध के जीवन और उनके कवि कर्म पर विस्तार से बात रखा। दिशा छात्र संगठन के प्रियांशु ने कहा कि आज जब विश्वविद्यालय या कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों की प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के लिए कोई मौका या मंच उपलब्ध नहीं कराया जाता ऐसे दौर में दिशा छात्र संगठन की पहल पर 'युवाओं के तराने' नमक मंच बनाया गया है जिसका उद्देश्य है कला-साहित्य के जरिए मौजूदा दौर के मुद्दों को उठाना और उसे आम जन तक ले जाना। इस कार्यक्रम में दीपाली, हर्ष, जय, अंजलि, प्रियांशु, आदित्य आदि छात्र मौजूद रहे।

# श्री श्याम महोत्सव में 501 ध्वज की यात्रा निकाली गई, भंडारे का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में आयोजित श्री श्याम महोत्सव में मंगलवार शाम को 501 ध्वज की यात्रा निकाली गई। यात्रा सरगम तिराहा स्थित त्रिमुखी मंदिर से शुरू होकर नैनी कोतवाली के पास स्थित आयोजन स्थल पर पहुंची। आयोजन स्थल में श्याम महोत्सव को लेकर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी रात खाटू श्याम बाबा के भजनों से पंडाल गुलजार रहा। वहीं आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वज यात्रा से हुआ। श्याम बाबा की पालकी के पीछे भक्त हाथ में ध्वज लिए डीजे में बज रहे बाबा के भजनों में नाचते गाते हुए निकले। यात्रा त्रिमुखी मंदिर से शुरू होकर सरगम तिराहा, उद्योग नगर, मेवालाल की बगिया, सब्जी मंडी, चक दाउद नगर होते हुए महोत्सव स्थल पर पहुंची। भक्तों की भारी भीड़ और बाबा के जयकारों से पूरा क्षेत्र श्याम मय हो गया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे महापौर गणेश केसरवानी ने भी बाबा के भजनों का आनंद लेते हुए आयोजन समिति को धन्यवाद किया। आयोजन समिति के राम लखन केसरवानी ने बताया, कि यह कार्यक्रम



का तीसरा साल है। पंडाल में बाबा का श्रृंगार के साथ उन्हें 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। पंडाल में मां भगवती जागरण ग्रुप के कलाकारों ने पूरी रात भजनों से पंडाल का गुलजार रखा। इस दौरान कई कलात्मक झांकियां निकाली गई। पंडाल में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम भी अपने दल बल के साथ पूरी यात्रा में मौजूद रहे। कार्यक्रम में गुलाब चंद्र केसरवानी, सुधीर शर्मा, जय शंकर केसरवानी, संजय केसरवानी, मनीष माकटेल,पिंटू केसरवानी, मनीष यादव, शिवा ईवेंट, अतुल केसरवानी, सुनील यादव, भोला लाईट, पप्पू लाइट, अनिरूद्ध केसरवानी, सुनील केसरवानी, रचित केसरवानी, मनोज केसरी, विकास तिवारी, रितेश केसरवानी आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## बढ़ती ठंड में बना सहारा: बनहरदी परियोजना की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**लातेहार, झारखंड:-** बढ़ती ठंड को देखते हुए पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम पंचायत चेतर में कंबल वितरण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 140 बुजुर्ग एवं असहाय व्यक्तियों को गर्म कंबल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुखिया प्रकाश सिंह, बनहरदी परियोजना के अपर महाप्रबंधक श्री आर.बी. सिंह तथा वरिष्ठ प्रबंधक श्री विनेश कुमार उपस्थित रहे। शिविर में पहुंचे लाभुकों ने बनहरदी परियोजना के इस मानवीय कदम की सराहना की और कहा कि ठंड के इस मौसम में यह पहल उन्हें राहत देने वाली है। परियोजना प्रबंधन ने बताया कि आने वाले दिनों में आसपास के अन्य ग्रामों में भी कंबल वितरण अभियान जारी रहेगा, ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड से परेशान न हो।

## डो-नेपाल सीमा पर बलरामपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने किया सघन गश्त, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु बलरामपुर पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार सघन पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना कोतवाली गैसड़ी प्रभारी दुर्विजय सिंह के नेतृत्व में एसएसबी की संयुक्त टीम ने रजड़ेरवा इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में गश्त करते हुए सीमा से सटे सभी चेकपोस्टों का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां तैनात पुलिस व एसएसबी कर्मियों के साथ मिलकर सीमा पार आने-जाने वाले व्यक्तियों, वाहनों व मालवाहक साधनों की गहन जांच की गई। संयुक्त टीम ने सीमावर्ती गांवों में भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उन्हें सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस अथवा एसएसबी को देने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आगामी त्योहारों और स्थानीय आयोजनों को देखते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। किसी भी प्रकार की अवैध तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव या गौ तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल बॉर्डर के प्रमुख मार्गों पर स्थित सभी चेकपोस्टों पर वाहनों और व्यक्तियों की सघन चेकिंग की तथा नेपाल पुलिस व पीएसी के साथ समन्वय स्थापित कर सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्क निगरानी बढ़ा दी है। संयुक्त अभियान का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में आपराधिक व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना, मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर रोक लगाना और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। इस पहल के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अवैध कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सिंचाई बंधु की बैठक में विभागीय अधिकारियों के न रहने पर नाराज हुए किसान

**चित्रकूट:** सिंचाई बन्धु की बैठक सिंचाई विभागार सभागार में उपाध्यक्ष दिनेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें किसान समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए निस्तारण की मांग की गई। इस दौरान कुछ अधिकारियों के न उपस्थित होने पर किसानों ने नाराजगी जाहिर की।बैठक में सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बताया कि अभी तक नहरों की सफाई न होने से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में देरी हो रही है। जिससे फसलों की बुवाई व उसके उत्पादन पर खतरनाक असर पड़ेगा। मांग की कि जल्द से जल्द नहर सफाई का कार्य पूर्ण करते हुए सिंचाई व बुवाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही किसानों को रोस्टर के अनुसार विद्युत उपलब्ध कराने की मांग की। कहा कि विद्युत व्यवस्था के लिए किसानों को समय पर ट्रांसफार्मर की उपलब्धता कराई जाए। बैठक में लघुडाल सिंचाई कार्यालय की दुर्दशा पर भी चर्चा की गई। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से मांग की कि सरकारी विभागों में चल रही समस्त योजनाओं का गांवों में प्रचार-प्रसार कर किसानों को जागरूक करें। इस मौके पर नोडल अधिकारी सडीओ कर्वी विजय गौतम एसडीओ कर्वी, अपर जिला कृषि अधिकारी अंकुर कच्चेर, क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, किसान रामेश्वर सिंह, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# किसान आंदोलन का दूसरा दिन : महिलाओं ने किया जमीन समाधि सत्याग्रह

### ● बिजली पोल, तार और ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर जारी रहा विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंड:-** सांसद आदर्श ग्राम अठुला-चटुआग के किसानों का बिजली सुविधा को लेकर आंदोलन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान गांव की आधा दर्जन महिलाओं ने जमीन समाधि सत्याग्रह कर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। किसानों की प्रमुख मांग है कि ग्राम के विभिन्न टोलों में बिजली पोल और तार लगाई जाए तथा अठुला में नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाए। आंदोलनस्थल पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार का लक्ष्य हर घर तक बिजली पहुंचाना है, लेकिन जब तक गांवों में पोल और तार नहीं लगाए जाएंगे, तब तक यह योजना कागजों पर ही सीमित रह जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भी कई टोलों के लोग लकड़ी, बांस और पेड़ों के सहारे बिजली तार खींचकर किसी तरह रोशनी कर रहे हैं, जो बेहद खतरनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्राम चटुआग और उसके टोलों – अठुला, कारी टोंगरी, उबका पानी, पहना पानी, परहैया टोला, लोहराही, पोक्या, चोरझरिया, पुरंमपनियां, भेलवाही, बगडेगवा और चरकापत्थल – में आजादी के बाद भी विद्युत पोल और तार नहीं लगाए गए हैं। किसानों का कहना है कि पोल और तार के अभाव में कनेक्शन लेने के बावजूद उन्हें बांस-बल्ली के सहारे बिजली का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। अयुब खान ने कहा कि 'यह बेहद विडंबनापूर्ण है कि आजादी के 75 साल बाद भी अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। समाज में अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति को विकास योजनाओं में प्राथमिकता देने की बात की जाती है, लेकिन धरातल पर उनका कोई स्थान ही नहीं दिखता। ' जमीन समाधि सत्याग्रह में वीनीता कोनगाड़ी, फगुनी भेंगरा, फुलो भेंगरा, सनीयारो हेरेंज, सीमा केरकेट्टा, जीदन टोपनो, सनीका मुंडा, नेमा परहैया, बेने मुंडा, ललूआ गंझु, दिलवा गंझु, महेश गंझु, सुखु नगेशिया, पलिंजर गंझु, सुखू मुंडा, मंगु मुंडा, सिमॉन भेंगरा, धुमा भेंगरा, दाउद होरो, अंधरियस टोपनो, मागरेट टोपनो, मुक्ता टोपनो, अमीत भेंगरा समेत दर्जनों किसान शामिल रहे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पोल, तार और ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नहीं की गई, तो आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।

## ठंड ने दी दस्तक, बढ़ी बीमार और वृद्धजनों की परेशानी

### बच्चों में सर्दी-खांसी और बुखार के मामले बढ़े

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** विगत दिनों हुई असामयिक वर्षा और मोंथा के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। मोंथा से धान की फसल को नुकसान पहुंचने की जानकारी कृषकों ने दी है। वहीं अब मौसम में हल्की ठंडक बढ़ने से वृद्धजनों और बीमार लोगों की परेशानियां भी बढ़ने लगी हैं। बच्चों में सर्दी, खांसी और बुखार के मामले बढ़ने की सूचना मिल रही है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून की बिदाई के बाद हुई वर्षा के कारण वातावरण में नमी बढ़ी है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। यदि हवा की गति में वृद्धि हुई तो ठंड और बढ़ सकती है। प्रातः और संध्या के समय ठंडक का अधिक अहसास हो रहा है। लोग अब गर्म वस्त्र पहनने लगे हैं। बाजारों में कंबल, स्वेटर और चादरों की खरीदारी भी शुरू हो गई है।

दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में गर्म कपड़ों की बिक्री में बढ़ोतरी देखी जा रही है। लोगों का अनुमान है कि इस वर्ष ठंड का असर पिछले वर्षों की तुलना में अधिक रहेगा। हालांकि दिन में निकलने वाली धूप से लोगों को राहत मिल रही है और जनजीवन सामान्य होता दिखाई दे रहा है।

## धनवार पंचायत में अबुआ आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण एवं गृह प्रवेश समारोह आयोजित




### ● सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों का हो रहा विकास : मुखिया राजेन्द्र प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत में बुधवार को अबुआ आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने की। कार्यक्रम के दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के तहत हर जरूरतमंद परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब परिवार अब खुले आसमान के नीचे न सोए। यह योजना सामाजिक समरसता और ग्रामीण उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर पंचायत सेवक सरोज कुमार, रोजगार सेवक सामंत कुमार, प्रकाश साव, दिनेश यादव, मो. सैराज, जैबुनिया खातून, गुलाबी देवी, शंकुती देवी, मसोमात सोहवा, मुनेजा खातून, सखीना खातून, अनिता देवी, आरती देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए और सभी ने योजना के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

## झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन बरही प्रखंड में उमड़ा उत्सव का माहौल, 298 लाभुकों ने किया नए आवासों में गृहप्रवेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन बुधवार को बरही प्रखंड में जश्न और उल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो के नेतृत्व में सभी पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने किया।

इस दौरान झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चयनित 298 लाभुकों को उनके नए आवासों में गृहप्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के चेहरों पर खुशी और गर्व झलक रहा था, जब उन्हें अपने स्वयं के घर की चाबी सौंपी गई। कार्यक्रम में बरही प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के लाभुकों ने भाग लिया। इनमें शामिल पंचायतों में बरसोत 15, बसरिया 20, केदारूत 25, बरही पूर्वी 05, बरही पश्चिमी 15, खोडाहार 10, गोरियाकरमा 20, कससो 15, बेंदगी 20, रसोईयाधमना 15, कोनरा 15, कारयातपुर 15, दुलमाहा 15, रानीचूआ 10, मलकोको 15, डपोक 15, विजैया 18, भंडारों 10, कोहलुआकला 15 और धनवार 10 लाभुक शामिल रहे, कुल मिलाकर 298 परिवारों को इस योजना का लाभ मिला। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा में आज का दिन ऐतिहासिक है। सरकार की यह पहल गांव-गांव में खुशहाली लाने और हर जरूरतमंद को अपना घर का सपना साकार करने की




दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि यह पहल झारखंड सरकार के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत हर गरीब परिवार को आवास, स्वच्छता और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदान किया जाना लक्ष्य है। कार्यकम में प्रखण्ड समन्वयक आवास कमलेश भारती समेत जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## 8 सूत्रीय मांगों को लेकर रांची में प्रदर्शन का ऐलान

### ● आज मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** झारखंड के सभी जिलों के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि आज राजधानी रांची में मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे। यह आंदोलन पंचायत प्रणाली को मजबूत करने एवं पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर किया जा रहा है। इस संबंध में झारखंड प्रदेश जिला परिषद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष संघ के उपाध्यक्ष एवं हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों की 8 सूत्रीय मांगों का प्रस्ताव सरकार को सौंपा जाना है। इसी उद्देश्य से आज सुबह 11:30 बजे मोराबादी मैदान, रांची से मुख्यमंत्री आवास तक मार्च निकाला जाएगा, जहाँ मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,



सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया, उपमुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यों से आग्रह किया है कि वे समय पर पहुँचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। किशुन यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम पंचायत प्रतिनिधियों की एकता और उनके अधिकारों की मजबूती का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि हमारी पंचायतें लोकतंत्र की नींव हैं। यदि पंचायतें मजबूत होंगी, तभी गांव और राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम में राज्यभर के हजारों पंचायत प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सभी प्रतिनिधियों से आह्वान किया गया है कि वे सामूहिक भागीदारी के माध्यम से सरकार तक अपनी आवाज बुलंद करें और पंचायत व्यवस्था के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाने की माँग करें।

## ग्रामीण बच्चों की देखरेख व संरक्षण को लेकर हुआ मंथन

**चित्रकूट:** आकांक्षी ब्लाक रामनगर की बाल कल्याण समिति की बैठक बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें गांवों में बच्चों की देखरेख व संरक्षण को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।बैठक में आकांक्षी खण्ड विकास अधिकारी ने ब्लॉक रामनगर में जरुरतमंद बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के उद्देश्य से सभी गांवों को बाल हितैषी पंचायत बनाने, बाल विवाह बाल श्रम मुक्त बनाने, बच्चों को स्कूल से जोडने के लिए सभी को निर्देशित किया गया। कहा कि गांवों में बच्चों के लिए संरक्षणकारी वातावरण बनाया जाए। कहा कि बच्चों को जरुरी लाभ के लिए चयनित करें। बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप, कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन आदि का लाभ दिलाने के लिए पात्रों लाभार्थियों को चयनित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डॉ देवेन्द्र मणि, एडीओ विनय कुमार गौड, एडीओ पंचायत अनुराग पाण्डेय, चाइल्ड राइट एसोसिएट पूजा यादव, संस्था मैनेजर कमलेश रैकवार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिल्ली धमाके के बाद चित्रकूट पुलिस अलर्ट मोड पर

**चित्रकूट:** देश की राजधानी दिल्ली में बीते सोमवार की शाम हुए कार धमाके के बाद से पुलिस अलर्ट मोड़ में है। इसी क्रम में बुधवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों व जीआरपी-आरपीएफ टीमों ने संयुक्त रूप से संदिग्धों व्यक्तिों की जांच की। बुधवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन में संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों सहित जीआरपी व आरपीएफटीमों द्वारा स्टेशन परिसर में मौजूद संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ करते हुए उनके सामानों की तलाशी ली गई। इस मौके पर मानिकपुर एसडीएम मोहम्मद जसीम, मऊ क्षेत्राधिकारी फहद अली, मानिकपुर थाना प्रभारी प्रकाश यादव, जीआरपी थाना प्रभारी वीर सिंह व आरपीएफ थाना प्रभारी मोहम्मद शालिक ने अपनी टीम के साथ कस्बे के प्रमुख स्थानों सहित रेलवे स्टेशन में भी गश्त की। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सभी निर्वाची पदाधिकारियों के साथ मतगणना की तैयारी हेतु समीक्षा बैठक में: दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज ( बिहार )-** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा गोपालगंज जिला अंतर्गत सभी निर्वाची पदाधिकारियों के साथ 14 नवंबर को होने वाली मतगणना की तैयारी की समीक्षा समाहरणालय सभा कक्ष में की गई एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है की गोपालगंज जिला अंतर्गत प्रथम चरण के तहत 99-बैकुंठपुर, 100-बरौली ,101-गोपालगंज, 102-कुचायकोट, 103- भोरे एवं 104-हथुआ विधान सभा का आम निर्वाचन सम्पन हो चूका है। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर गोपालगंज जिला के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 6 नवंबर 2025 को मतदान के उपरान्त पोल्ड ई0वी0एम0 को डायट थावे स्थित बज्रगृह में ई.वी.एम. डबल लॉकर सिस्टम से सील कर तथा 24×7 सीसीटीवी की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समीक्षा के क्रम में सभी निर्वाची पदाधिकारियों को अपने सम्बंधित विधान सभा हेतु मतगणना दिवस के सम्बन्ध में EVM मतों की गणना , पोस्टल वैलेट एवं ETPBS की गणना हेतु लगाए जाने वाले आवश्यक टेबल , कर्मियों का प्रशिक्षण निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## आस्था : राणी सती मंदिर में मंगसीर नवमी महोत्सव के प्रथम दिन भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन

### ● जय दादी के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

### भजन गायक कृष्णा यदुवंशी ने दादी भक्तों को किया भावविभोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** शहर के मालवीय मार्ग स्थित श्री राणी सती मंदिर परिसर में मंगसीर नवमी महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को भव्य मंगल पाठ के साथ हुआ। दो दिवसीय इस महोत्सव के प्रथम दिन मंदिर परिसर दादी के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी परिधान में श्रद्धा-भाव के साथ दादी जी का मंगल पाठ किया । मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मंगल पाठ की शुरुआत करवाई। कार्यक्रम में कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक कृष्णा यदुवंशी ने राणी सती दादी के जन्म से लेकर विदाई तक की भक्ति कथा को सुरों में प्रस्तुत किया। चालो जी चालोज झुंझुनू से संदेश आयो हैज,जय जय दादी की जैसे भजनों पर दीदी भक्त झूम उठे। वातावरण में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम दिखाई दिया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक और भव्य रूप से सजाया गया था। पुष्पों, झालरों और रोशनियों से पूरा परिसर आलोकित हो उठा। श्री राणी सती मंदिर कमेटी की ओर से भजन गायक कृष्णा यदुवंशी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मंगल पाठ के दौरान महिलाओं ने दादी जी के जीवन से जुड़े विविध उत्सवों जन्मोत्सव बधाई, चूड़ी उत्सव, हल्दी उत्सव, सिंदूर उत्सव, मेहंदी उत्सव और चुनरी उत्सव का आयोजन किया। दादी जी के जन्म के समय टॉफी का वितरण किया गया, जबकि विदाई के समय मेंहदी और सुहाग सामग्री का वितरण हुआ। पाठ के दौरान पूरे परिसर में जय दादी की के जयघोष गूंजते रहे। अंत में दादी जी की भव्य आरती के साथ मंगल पाठ का समापन किया गया और उपस्थित सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि दादी जी की कृपा से मंगसीर नवमी महोत्सव का प्रथम दिन ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को प्रातः पूजा-अर्चना के बाद शाम छह बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 13 सुहागन महिलाओं द्वारा महाआरती की जाएगी, जिसके साथ दो दिवसीय भव्य महोत्सव का समापन होगा। यह जानकारी दादी भक्त रितेश खण्डेलवाल ने दिया।

## पंचायत भवनों में बायोमेट्रिक सिस्टम हो चालू : मंजीत यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस नेता मंजीत यादव ने सभी पंचायत भवनों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से चालू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश पंचायत भवनों में सरकार की ओर से बायोमेट्रिक मशीनें लगाई गई हैं ताकि पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और राजस्व कर्मचारी प्रतिदिन पंचायत भवन में अपनी उपस्थिति दर्ज करें। मंजीत यादव ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य ग्रामीणों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास जैसी जरूरी योजनाओं के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर से मुक्ति दिलाना था। लेकिन अधिकांश पंचायत भवनों में लगाए गए डिजिटल सिस्टम अब निष्क्रिय पड़े हैं। कर्मचारी बिना जवाबदेही के कार्य कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे काम के लिए भी प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा



है।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के सरकार आपके द्वार जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की भावना के विपरीत यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है। करोड़ों रुपये की लागत से लगाए गए इन बायोमेट्रिक सिस्टम की नियमित मॉनिटरिंग और सक्रिय संचालन जरूरी है।मंजीत यादव ने प्रशासन से आग्रह किया कि सभी पंचायतों में लगे बायोमेट्रिक सिस्टम की जांच कर उसे चालू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए पंचायत स्तर पर ही सुविधा मिल सके और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

## पूर्व डीसी छवि रंजन का सस्पेंशन हटा, कार्मिक विभाग ने जारी किया नोटिफिकेशन



**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी छवि रंजन का निलंबन समाप्त कर दिया गया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने छवि रंजन के निलंबन मुक्त होने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। विगत 14 अक्तूबर की तिथि से उनका निलंबन समाप्त किया गया है। मालूम हो कि सेना की जमीन घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 10 अक्तूबर को जमानत दे दी थी। जमानत देने के बाद वह जेल से बाहर निकले थे। छविरंजन को ईडी ने चेशायर होम रोड और सेना की जमीन घोटाले में 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था। हाई कोर्ट से छवि रंजन को चेशायर होम रोड जमीन घोटाले में जमानत दे दी थी, लेकिन सेना की जमीन घोटाले में जमानत देने से इंकार कर दिया था। बाद में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली।

## मध्य विद्यालय कदमा में प्रखंड स्तरीय मासिक गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन, शिक्षा गुणवत्ता सुधार और प्रमाण पत्र निर्माण पर रहा विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** मध्य विद्यालय कदमा के विवेकानंद सभागार में प्रखंड स्तरीय मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद ने की तथा संचालन बीपीओ पंकज कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा विभागीय कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त हजारीबाग द्वारा हाल ही में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों पर विशेष रूप से विचार किया गया। इसमें सभी वर्गों एवं कोटियों के छात्र-छात्राओं के जाति, आवासीय, आय एवं ओबीसी प्रमाण पत्र को युद्ध स्तर पर बनवाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, प्रयास कार्यक्रम, प्रोजेक्ट रेल, सावित्री बाई फुले कार्यक्रम, छात्रवृत्ति योजना, रसोइयों का आयुष्मान कार्ड, वृद्धा एवं विधवा पेंशन योजनाएं, तथा ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर शिक्षकों व विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने जैसे बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एमडीएम का मैसेज समय पर भेजा जाए और छात्रों की नियमित स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा दिसंबर माह में आयोजित होने वाले अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन एवं मासिक मूल्यांकन को लेकर समय पर सभी विषयों का सिलेबस पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सह प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय नावाडीह के मो. जहांगीर अंसारी ने बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को उठाया। उन्होंने मध्याह्न भोजन की राशि की अनुपलब्धता, विद्यालय विकास कोष की कमी और प्रमाण पत्र निर्माण के सरकारी प्रचार-प्रसार की आवश्यकता जैसे मुद्दों पर विभाग का ध्यान आकृष्ट किया। रीड टू रूम कार्यक्रम के तहत सुशांति कुमारी ने वर्ग 2, 3 और 5 के छात्रों की उपलब्धि स्तर बढ़ाने पर बल दिया। वहीं पीरामल फाउंडेशन की ओर से आयुषी वर्मा एवं नेहा वाडेल ने शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के कार्य पत्रक (वर्कशीट्स) उपलब्ध कराए। इस अवसर पर बीआरपी राजेश अग्रवाल, नाज



परवीन, प्रवीण कुमार (प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय हिंदी पेलावल), शिव शंकर पाठक, एहतेशाम अरशद, विनय कुमार सिंह, सीआरपी संजय सिंह, मुश्ताक अहमद, भवानी प्रसाद, पंचानन पांडेय, बिंदु लता, नौशाबा शाहीन, श्वेता सिंह, कमाल खान, मनोज कुमार सिन्हा, मनोज कुमार उपाध्याय, उमेश प्रजापति, अवध बिहारी गोप, ममता कुमारी, नमिता प्रभा, सुशीला हंस, पार्वती देवी, धनंजय कुमार, रिसोर्स शिक्षक अरुण कुमार, मोनीषा कुमारी सहित प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। बैठक का समापन सामूहिक सहमति के साथ इस संदेश के साथ हुआ कि शिक्षा व्यवस्था के प्रत्येक घटक की जिम्मेदारी है कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करें।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क पर साइड लेने के विवाद में मारपीट, एससीएसटी में केस दर्ज

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र स्थित चीनीमिल धुरियापार के पास गाड़ी से पास लेने के विवाद में कुछ लोगों द्वारा एक युवक को मारने पीटने व जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर गोला थाने में एससी एसटी के साथ अन्य सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्राप्त विवरण के अनुसार पीड़ित सीताराम पुत्र स्व रामप्रसाद निवासी बाथबुजुर्ग थाना गोला के अनुसार दिनांक 9 नवंबर को सायं वह सब्जी लेकर घर जा रहा था तभी चीनीमिल से 200 मीटर पहले अजीत यादव पुत्र गिरिजा यादव, शैलेश यादव, शिवा यादव व पांच अज्ञात लोग निवासी गजपुर मड़ई टोला लोग ट्रैक्टर व बाइक से मेरे पीछे आ रहे थे और साइड को लेकर विवाद में मुझे लात मुक्कों से मारने लगे जिससे मेरे पैर व सिर में अंदरूनी चोटें आई। जब आस पास के लोग बीच बचाव करने दौड़े तो उक्त लोग मुझे जाति सूचक शब्दों के साथ गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उक्त संबंध में थाना प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिलने पर उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2),115(2),352,351(3),126(2) व एससीएसटी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

### कानपुर में पकड़ी गई संदिग्ध महिला, पाकिस्तानी, बंग्लादेशी और रोहिंग्या पर विशेष नजर



**कानपुर।** दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद कानपुर पुलिस एलर्ट है और बराबर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। यह जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने कहा कि जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों एवं विदेशी नागरिकों की जानकारी के सत्यापन हेतु पुलिस अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित की गई है। यह टीम पूर्व में प्राप्त सभी सूचनाओं एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच-पड़ताल कर रही है तथा आवश्यकतानुसार विधिक कार्रवाई भी की जा रही है। जो संदिग्ध महिला पकड़ी गई है, उनके पूर्व पति एवं बच्चों से वार्ता की गई है। पुलिस द्वारा संबंधित सभी तथ्यों को एकत्र करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जनपद में बांग्लादेशी, पाकिस्तानी नागरिकों एवं संभावित रूप से रह रहे रोहिंग्या के संबंध में प्राप्त सूचनाओं का सत्यापन भी लगातार किया जा रहा है। इस दिशा में गठित विशेष टीम विभिन्न तरीकों से जांच कर रही है। इसके साथ ही, पुराने प्रकरणों के संबंध में अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए रखने हेतु यह टीम सतत रूप से कार्य कर रही है। कमिश्नरेट पुलिस को जो भी इनपुट मिल रहे हैं उस पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। ऐसे क्षेत्रों में जहां पाकिस्तानी, बंग्लादेशी व रोहिंग्या की संभावना है वहां पुलिस टीम लगातार कार्य कर रही है।

### गौरैया संरक्षण और पर्यावरण बचाने को निकली जनजागरूकता रैली



**तालबेहट।** नगर में पर्यावरण संरक्षण और गौरैया बचाने के संदेश के साथ एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार और मर्दन सिंह इंटर कॉलेज के खेल शिक्षक संदीप सिंह के मार्गदर्शन में हरित पंख संस्था के सहयोग से यह रैली निकाली गई। रैली में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य लोगों को प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा गौरैया जैसी लुप्तप्राय हो रही पक्षियों की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना रहा। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियाँ और बैनर लेकर नारे लगाए, गौरैया बचाओ, पर्यावरण बचाओ, हर घर में बसेरा, हर पेड़ पर बसेरा। अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। वहीं शिक्षक संदीप सिंह ने विद्यार्थियों को रोजमर्रा के जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने का संदेश दिया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए समापन स्थल पर पहुँची, जहाँ प्रतिभागियों ने गौरैया के लिए घोंसले लगाने का संकल्प लिया। यह अभियान हरित पंख संस्था द्वारा संचालित लगातार जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

# नपाध्यक्ष ने किया सिद्धनपुरा का निरीक्षण, जानी जमीनी हकीकत

**●लोगों से जानी उनकी समस्याएं, मौके पर ही दिये कार्यवाही के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शहर के विकास एवं स्वच्छ सुन्दर बनाये जाने के उद्देश्य से रोस्टर जारी कर चलाये जा रहे अभियान में मोहल्ला सिद्दनपुरा वार्ड नं. 01 का नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने निरीक्षण किया। लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं व सुझावों को जाना। नपाध्यक्ष ने संबंधित एसआई को मोहल्ले में नियमित रूप साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने एवं अवर अभियंता को सड़कों की मरम्मत व वार्ड में जहां पर सड़के नहीं डली हुई है उन्हें आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखकर बोर्ड की स्वीकृत कराते हुए सड़कों के निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये। वहीं मुख्य स्टोर लिपिक को मोहल्ले में स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं खाली पड़े विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाईट लगवाते हुए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान मोहल्लेवासियों व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि वार्ड में स्थित शमशान घाट पर जो कर्मचारी तैनात है, वह नियमित रूप से नहीं आता है और न ही उसके द्वारा कोई कार्य किया जा रहा है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल उक्त कर्मचारी को हटाये जाने के निर्देश दिये गये। सिद्दनपुरा में नपाध्यक्ष ने मोहल्लेवासियों से समस्याओं को सुना एवं साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिस पर मोहल्लेवासियों ने अवगत कराया कि मोहल्ले में डोर टू डोर कचरा वाहन कभी कभी आता है - कभी नहीं आता है, जिस पर अध्यक्ष ने फटकार लगाते हुए नियमित रूप से वाहन डोर टू डोर भेजे जाने के निर्देश दिये। वार्ड में स्थित नेन्सी गार्डन के पास एक प्लाट में कचरा पाया गया व नालियां चौक पाई गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल जे.सी.बी. से उक्त कचरे को हटाये जाने एवं संबंधित प्लाट मालिक के विरूद्ध नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। मोहल्ले में अनेक सड़के क्षतिग्रस्त पाई गई व कई गलियों में सड़के नहीं पाई गई, जिस पर मोहल्लेवासियों द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया, अध्यक्ष द्वारा अवर अभियंता एवं लिपिक को समस्त गलियों को नोट कराया गया, साथ ही निर्देशित किया कि समस्त गलियों में जहां-जहां थोड़ी बहुत समस्या है उसे 07 दिवस के अदर दूर करा दें, जिन गलियों में सडके नहीं डली हुई है उन्हें आगामी बोर्ड बैठक के दौरान प्रस्ताव में रखकर बोर्ड की स्वीकृति कराते हुए समस्त सड़कों को ठीक कराया जाये। वहीं मोहल्ले में निरीक्षण के दौरान अनेक गलियों में खंबे लगे पाये गये, लेकिन उन पर स्ट्रीट लाईटें नहीं पाई गई व कहीं-कहीं गलियों में स्ट्रीट लाईटें खराब पाई गई, जिस पर अध्यक्षा द्वारा संबंधित लिपिक को तत्काल प्रभाव से समस्त लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं जहां पर प्रकाश व्यवस्था नहीं है उस स्थान पर स्ट्रीट लाईटें लगाये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जल निगम द्वारा अनेक जगह पाईप लाईन डालते समय रोड को क्षतिग्रस्त कर दिया है व कई जगह पाइप लाईन तो डाली है, लेकिन मोहल्ले में पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा जल सस्थान के अधिशासी अभियंता एवं अन्य अधिकारियों से वार्ता करते हुए मोहल्लेवासियों की समस्याओं का तत्काल रूप से निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान नपा कर्मी मौजूद रहे।

### दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन सम्पन्न

**ललितपुर।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र ने 10 व 11 नवम्बर 2025 को ग्राम पंचायत गिरार विकास खण्ड-मड़ावरा में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया जिनको खाद्य संरक्षण साहित्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्य डा. दिनेशचन्द्र उपाध्याय, ने दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण योजना की प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारीदी। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म इकाई स्थापना हेतु बैंक से ऋण पर विभाग द्वारा 1 लाख का अनुदान दिया जायेगा। नेमवि के डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा ने प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी विस्तृत रूप से दी। कुंजबिहारी शर्मा ने प्रशिक्षार्थियों को छोटे-छोटे खाद्य प्रसंस्करण के लघु उद्योग स्थापना की जानकारी दी जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों की आय दोगुनी हो सके व स्वरोजगार प्राप्त कर सके। कार्यवाहक प्रभारी पुरूषोत्तम नारायण ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जी संरक्षित करने की विधि एवं बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम उपरान्त देवी सिंह ग्राम प्रधान ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## चोरी के आरोपी रविकांत यादव को मिली जमानत 50,000 के बंध पत्र पर 5 शर्तों के साथ रिहाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** सत्र न्यायाधीश सोनभद्र राम सुलीन सिंह की अदालत ने चोरी के एक मामले में आरोपी रविकांत यादव की जमानत अर्जी मंगलवार को मंजूर कर ली। अदालत ने 50,000 के व्यक्तिगत बंध पत्र (Personal Bond) और समान धनराशि की दो स्थानीय विश्वसनीय जमानतें (Sureties) दाखिल करने पर, अभियुक्त को 5 शर्तों के अधीन रिहा करने का आदेश दिया है। श्री राम पुत्र स्वर्गीय अलियार, निवासी सागोबांध, थाना बभनी, जिला सोनभद्र। शिकायतकर्ता ने बभनी थाने में तहरीर दी थी कि 2/3 अक्तूबर 2025 की रात को आरोपी रविकांत यादव (पुत्र राममनोहर यादव, निवासी सागो बांध) उनकी दुकान की छत का शीट तोड़कर नगद धनराशि और सामान चोरी कर ले गया।शिकायतकर्ता को अगले दिन सुबह दुकान खोलने पर छत का शीट टूटा मिला। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि चोरी रविकांत यादव ने ही की है।पुलिस ने तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया और उसका चालान कर दिया। आरोपी लगभग एक महीने से जेल में निरुद्ध था। जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए, अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जमानत का पर्याप्त आधार पाया और अर्जी मंजूर कर ली। अभियुक्त के अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव व संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि जमानत पर रिहाई निम्नलिखित 5 शर्तों के अधीन होगी वह न्यायालय की अनुमति के बिना भारत देश नहीं छोड़ेगा। वह कोई साक्ष्य नष्ट नहीं करेगा। वह दोबारा कोई अन्य अपराध नहीं करेगा। वह किसी को धमकी नहीं देगा।वह अदालत में हाजिर आता रहेगा। रिहाई के लिए अभियुक्त को 50,000 का व्यक्तिगत बंध पत्र और समान धनराशि की दो स्थानीय विश्वसनीय जमानतें दाखिल करनी होंगी।

## आईसीडी प्रथम के एक्सईएन पर शिकायत ठण्डे बस्ते में

**●उपजा जिलाध्यक्ष ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सिंचाई निर्माण खण्ड प्रथम से सेवानिवृत्त हो चुके अधिशाषी अभियंता पर की गयी शिकायत की जांच सीडीओ द्वारा प्रचलित थी, के द्वारा वर्तमान एक्सईएन को शिकायत से सम्बन्धित कतिपय अभिलेख भेजे जाने केलिए 18 अक्टूबर 2024 से 4 जुलाई 2025 भेजे गये का अनुपालन आज तक न किये जाने का प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में यू.पी. जर्नलिस्ट बेलफेयर एसोशियेशन (उपजा) के जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने झांसी मण्डल आयुक्त को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उन्होंने तत्कालीन एक्सईएन के द्वारा अपनी तैनाती के दौरान नियम विरूद्ध निविदा प्रक्रिया में धांधली कर करोड़ों रुपये की निविदा न निकालकर उनका विभाजन करते हुये अपने चहेते ठेकेदारों को एग्रीमेंट व वर्क ऑर्डर के माध्यम से दिये जाने की शिकायत की गयी थी, जिसमें तत्कालीन जिलाधिकारी ने जांच कमेटी सीडीओ, अर्थ एवं संख्या अधिकारी व सहायक अभियंता प्रान्तीय लोक निर्माण विभाग आदि की टीम गठित की थी। जिसमें अर्थ एवं संख्या अधिकारी के द्वारा 5 नवम्बर 2024 एवं 4 जुलाई 2025 में पत्र प्रेषित कर तीन बिन्दुओं पर गाइड लाइन जांच विषयक मांगे गये थे, जो कि नहीं दी गयी और सीडीओ द्वारा 18 अक्टूबर 2024 में पत्र प्रेषित कर उक्त जांच विषयक पत्रावली मंगायी गयी थी, जो कि आज तक जांच में सहयोग न कर वर्तमान एक्सईएन द्वारा भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन अधिकारी पर आरोप लगाये गये हैं, वह सेवानिवृत्त हो गये हैं के बचाव करने के लिए अभिलेख नहीं भेजे गये हैं। उपजा जिलाध्यक्ष ने डीएम से उक्त अधिकारी से जबाव तलब कर लम्बित जांच में अभिलेख सम्बन्धित जांच अधिकारी को भिजवाये जाने की मांग उठायी है।

## खोए हुए मोबाइल पाकर चेहरे पर आई मुस्कान, पुलिस को दिया धन्यवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बार।** बार पुलिस ने दो खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत 31,990 रुपये है। यह कार्रवाई ललितपुर के पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक के निर्देश पर की गई। थाना बार पुलिस को अपने क्षेत्र में गिरे या खोए हुए मोबाइलों के संबंध में कई आवेदन प्राप्त हुए थेए जिनके आधार पर नियमानुसार गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का अवलोकन किया। टीम ने भारत सरकार द्वारा संचालित सीइआईआर पोर्टल पर आवेदकों के प्रपत्र अपलोड किए और मोबाइल के इएमइआई नंबरों को ट्रैक किया। विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त तकनीकी डेटा और विश्लेषण के आधार पर दोनों मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए।

बरामद किए गए मोबाइलों में ग्राम भैलोनीलोधए थाना बार निवासी तिलक सिंह का ओप्पो ए58, जिसकी कीमत 14,000 रुपये है, शामिल है। दूसरा फोन ग्राम बम्हौरी सहनाए थाना बार निवासी हरी सिंह का वीवो वाई 21ए है, जिसकी कीमत 17,990 रुपये है। इस बरामदगी को अंजाम देने वाली टीम में एस.ओ. अजमेर सिंह भदौरिया और कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल राय शामिल थे। अपने खोए हुए फोन वापस मिलने पर मोबाइल धारकों ने ललितपुर पुलिस अधीक्षक और थाना बार पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

**बार पुलिस ने दो घंटे में खोजा मोबाइल, मोबाइल धारक के चेहरे पर लौटी मुस्कान**

बार। बार थाना पुलिस ने एक खोया हुआ मोबाइल फोन दो घंटे के भीतर बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया। लगभग 9000 रुपये कीमत का यह मोबाइल फोन मिलने के बाद मालिक के चेहरे पर खुशी लौट आई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश पर बार थाना पुलिस को अपने क्षेत्र में एक मोबाइल फोन खोने की शिकायत मिली थी। इस संबंध में नियमानुसार गुमशुदगी दर्ज की गई थी। बार थाना की साइबर पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच की। इसके बाद त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो घंटे के भीतर मोबाइल फोन बरामद कर लिया। बरामद मोबाइल फोन को नियमानुसार उसके स्वामी को सुपुर्द कर दिया गया। अपना फोन वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक ललितपुर और बार थाना पुलिस टीम की सराहना की। मोबाइल धारक सोनू पाल पुत्र मलखान पाल निवासी मझगुवां, थाना टीकमगढ़, जनपद टीकमगढ़, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। बरामद किया गया मोबाइल सैमसंग ए12 मॉडल का था, इस कार्रवाई में एसओ अजमेर सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक संजीव धामा (साइबर प्रभारी) और कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल राय शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित सोनभद्र आगमन को लेकर तैयारियां तेज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रस्तावित भ्रमण और जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के अवसर पर आगमन की तैयारियों को लेकर सोनभद्र प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में, आज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने चोपन में की जा रही तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी तैयारियां समय से और प्राथमिकता के आधार पर पूरी कर ली जाएं। तैयारियों को इस प्रकार किया जाए ताकि कार्यक्रम के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम को भव्य और दिव्य तरीके से सम्पन्न कराया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से बिन्दुवार तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को विशेष रूप से निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निर्धारित स्थलों पर पब्लिक शौचालय स्थापित कराए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। ट्रैफिक प्लान को बेहतर ढंग से तैयार किया जाए। वाहन पार्किंग के लिए उचित स्थल का चयन किया जाए और वहीं वाहनों की पार्किंग कराई जाए।

वाहन पार्किंग और रूट डायवर्जन की पूरी सूचना मीडिया में प्रसारित कराई जाए, जिससे आम जनमानस को आवागमन में कोई असुविधा न हो। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगें रोहित यादव, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मजदूरों को बंधक बनाकर काम कराने का आरोप

**मजदूरों के परिजनों ने डीएम-एसपी को भेजा शिकायती पत्र**

**ललितपुर।** काम करने के एवज में अधिक रुपये दिलाने का झांसा देकर अन्य राज्य ले जाने और बंधक बनाकर कम मजदूरी देकर मजदूरी कराने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में थाना जखौरा अंतर्गत चौकी बांसी के ग्राम नन्दीपुरा में रहने वाले चऊआ पुत्र छतू सहरिया ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि महाराष्ट्र राज्य के जिला जालना अंतर्गत रहने वाला ठेकेदार दो माह पहले उसके गांव में आये और वहां से करीब तीन दर्जन लोगों को 500 रुपये प्रति दिन की हिसाब से देने की बात तय करके ले गया, वहां जाकर 300 रुपये देने की बात कह रहा है। आरोप है कि उक्त ठेकेदार ने गांव से लेकर गये लोगों वहां बंधक बना लिया है और खाना-पीना नहीं दे रहा है और जंगल में ले जाकर बराई करवा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार मजदूरों को खरीद लेने की बात कह रहा है। पीड़ित ने डीएम व एसपी से मामले में हस्तक्षेप करते हुये कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### किराया वृद्धि, जाम और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रदर्शन



**● ट्रक ऑनर्स एसोसियेशन ने सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** ऊर्जांचल क्षेत्र में किराया वृद्धि, भीषण सड़क जाम, और ओवरलोड राख के अभिवहन (परिवहन) पर रोक लगाने की मांग को लेकर आज ऊर्जांचल ट्रक आनर्स एसोसियेशन के बैनर तले ट्रक मालिकों, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के तहत, सभी प्रदर्शनकारी ककरी मोड़ से लेकर परियोजना द्वार तक पदयात्रा करते हुए पहुंचे और परियोजना के अधिकारियों को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की मांग की एनसीएल की कृष्णशिला कोयला खदान से रेनुसागर पावर डिवीजन तक कोयला अभिवहन (Coal Transportation) करने वाले मालवाहकों के किराये में वृद्धि की जाए। कोलगेट से लेकर अनपरा मोड़ तक मालवाहकों के कारण लगने वाले भीषण जाम की समस्या का समाधान किया जाए। ओवरलोड राख के अभिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। परियोजना द्वार पर ज्ञापन लेने पहुंचे अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही बैठक आयोजित कर इन समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य करेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में पप्पु सिंह, ओम प्रकाश द्विवेदी, एनएसयुआई सचिव अंकुश दुबे, सुशील तिवारी, पवन सिंह, रवि रंजन, सतीश सिंह, राहुल शर्मा, सोनु यादव, मिथिलेश भारती मिट्ठु, पिंटु सोनी, रिंकु दुबे, एल.के मेहता, सत्यम सिंह बिट्ठु, गोलु यादव, अकबर हुसैन आदि सहित बड़ी संख्या में मोटर मालिक, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक दल के सदस्य मौजूद रहे।

## नागरिक विकास मोर्चा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर उठाई शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त किये जाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शिक्षा विभाग में चल रहे शिक्षकों के सम्बद्धीकरण को समाप्त कर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किये जाने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव ने शिक्षकों के सम्बद्धीकरण को समाप्त करने की निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में निक्षकों का पूरी तरह सम्बद्धीकरण समाप्त नहीं किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अफसरों ने विभागीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने के लिए कुछ शिक्षकों को ही मूल विद्यालय भेजा है, जबकि अनेक शिक्षकों का अभी भी कार्यालय एवं विद्यालय में सम्बद्धीकरण बना हुआ है। इसका ताजा उदाहरण जीजीआईसी ललितपुर है। जीजीआईसी तालबेहट की प्रधानाचार्य को जीजीआईसी ललितपुर में अटैच किया गया है। इस कारण सम्बद्धीकरण डेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है। इससे अपर मुख्य सचिव शिक्षा की मंशा पर पानी फिर रहा है। वहीं, कोतवाली के सामने पीएन इंटर कॉलेज में नगर पालिका का नया भवन बनाने के लिए नगर पालिका की अधिकारी कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। यदि पी.एन.इंटर कॉलेज में नगर पालिका का नया भवन बनता है तो वाहन पार्किंग एक बड़ी समस्या बन जाएगी, क्योंकि यहां चार पहिया वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। साथ ही कॉलेज की कक्षाएं संचालित करने की भी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। बता दे कि राजकीय इंटर कॉलेज के पास जो पीएन इंटर कॉलेज का भवन है, उसमें पहले से कक्षा संचालन की समस्या है। यदि कोतवाली के मामने संचालित कक्षाओं को स्थानांतरित किया गया तो कॉलेज प्रधानाचार्य के समक्ष कक्षा संचालन की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी से सम्बद्धीकरण को लेकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## मजदूर ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छिपाई में एक मजदूर ने अपने घर के पीछे बने बाड़े में बांस के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहुंचना में भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया आत्महत्या का कारण अज्ञात बताया गया है। छिपाई निवासी 38 वर्षीय बबलू पुत्र बसंता जनपद से बाहर रहकर मेहनत मजदूरी का काम करता था और अपने और अपने परिवार का भार पोषण करता था। बताया गया है कि वह दीपावली के बाद ग्यारस को अपने घर आया था, तभी से घर पर ही रह रहा था। बताया गया है कि मंगलवारी की रात्रि परिवार की सभी जान खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गये। इस दौरान उसके साथ उसकी पत्नी और उसके बच्चे भी थे। बताया गया है कि बुधवार को सुबह 4:30 बजे जब उसकी पत्नी रेखा की आंख खुली, तो उसका पति वहां नहीं था। जिसके बाद वह अपने पति को खोजती रही, लेकिन उसकी कहीं कोई जानकारी नहीं हुई। जब वह सुबह घर के पीछे बने बाडे में पहुंची, तब वहां खड़े हुए बांस के पेड़ पर रस्सी के फंदे से उसके पति का शव मृतक अवस्था में लटक रहा था। इसके बाद चिल्लाकर उसने अपने अन्य परिजनों और आसपास के लोगों को बुलाया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया। मृतक के भाई जगदीश ने मौत का कारण अज्ञात बताया और यह भी जानकारी दी कि मृतक तीन भाई और दो बहन में सबसे बड़ा था और उसकी एक पुत्र और एक पुत्री भी है।

## ललितपुर के आर्यन साहू उज्जैन में कालिदास सम्मान से हुए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** जिले के लिए यह गर्व का क्षण है जब ललितपुर के युवा चित्रकार आर्यन साहू पुत्र विनोद कुमार को उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह में चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित कालिदास सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें 1 लाख की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी विशिष्ट कृति मालविका अग्निमित्रम् (संपूर्ण) के लिए प्रदान किया गया, जो कला मुखरी शैली में निर्मित है। यह शैली आंध्र प्रदेश की पारंपरिक लोक चित्रकला मानी जाती है, जिसमें प्राकृतिक रंगों का प्रयोग और कपड़े पर हाथ से चित्रांकन किया जाता है। यह कला भारतीय संस्कृति और लोककथाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति कलावती यादव रहे। अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज ने की। मंच पर महापौर मुकेश टेटवाल, विधायक अनिल जैन, सचिव डा.शैलेंद्र शर्मा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह उपस्थित रहे। संचालन डा.संदीप नागर ने किया। शहर के मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी मात्र 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि प्राप्त कर आर्यन ने अपने परिवार, गुरुजनों और पूरे ललितपुर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे पिता व माता, मेरे गुरुओं और मेरे शहर ललितपुर का है। मैं आगे भी अपनी कला के माध्यम से समाज को जोडने और प्रेरित करने का प्रयास करता रहूंगा।

# संक्षिप्त खबरें

## कानपुर में चला सघन चेकिंग अभियान





कानपुर । आज दिनांक 12.11.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद कानपुर पुलिस एलर्ट है और पूरे कानपुर कमिश्नरेट में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों, अनाउंसमेंट क्षेत्र, वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, फुट ओवर ब्रिज, पार्किंग स्थलों सहित आस-पास के क्षेत्रों में विशेष सतर्कता व गहनता के साथ चेकिंग की गई। संदिग्ध व्यक्तियों या सामानों की तलाशी ली गई तथा अनावश्यक रूप से स्टेशन परिसर में भ्रमण करने वालों से पूछताछ की गई। इसके साथ ही यात्रियों की सुरक्षा, अनुशासन एवं सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतत निगरानी बनाए रखें, यात्रियों के सामान की जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए,किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कानूनी एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## विश्व मधुमेह दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 14 नवम्बर को

प्रतापगढ़। लायन्स क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के अध्यक्ष ला0 आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस पर आगामी 14 नवम्बर को लायंस क्लब प्रतापगढ हर्ष तथा डाइबिटीज स्पेशलिस्ट डा0अतुल शुक्ला के संयुक्त तत्वावधान में कटरा रोड स्थित डा0 अतुल शुक्ला क्लीनिक पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें एचबीएआईसी आदि की निःशुल्क जांच की जायेगी। उन्होंने जनपद के नागरिकों से अपील की है कि वे उक्त दिवस पर प्रातः 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक आकर अपनी जांच करा सकते हैं ।

## ईट पत्थर चलाने के मामले में 11 नामजद, 65 अज्ञात पर दर्ज



सिद्धार्थनगर। जिले के उसका बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरहना के टोला दुर्गाजोत में दो सगे भाइयों के विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के ऊपर कार्रवाई की है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। प्रथम पक्ष राजा राम पुत्र दुर्गा की तहरीर पर दूसरे पक्ष के चार नामजद पर धारा 191(2), 333,115(2) 352, 351(3), 125 बीएनएस एवं 25 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष दयाराम की तहरीर पर दूसरे पक्ष के सात नामजद पर धारा 191(2), 333,115(2) , 125 बीएनएस एवं 40 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की विवेचना एसआई जय प्रकाश उपाध्याय द्वारा किया जा रहा है। मालूम हो की उसका बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरहना के टोला दुर्गाजोत में सोमवार की रात दो पक्षों में जमकर ईट-पत्थर चले थे। जानकारी के अनुसार दयाराम और राजाराम दोनों सगे भाई हैं। काफी दिनों से इनके बीच रास्ते की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार की रात भी कुछ ऐसा ही हुआ तो दोनों भाई आपस में भिड़ गए। इस संबंध में एसओ हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि दोनों पक्षों ने मंगलवार को तहरीर दिया था जिसके क्रम में जांच कर उसी दिन देर शाम मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई ।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। शैक्षिक सत्र 2025-26 में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय बेसिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में किया गया, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर एथलेटिक, व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सभी 18 ब्लॉक के सभी टीमों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। जिलाधिकारी ने बच्चों के मार्च पास्ट की सलामी ली और गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और बेसिक के नन्हे बच्चों की प्रस्तुति को देखकर बहुत प्रभावित रहे। पीटी में कुंडा विजेता व पट्टी उपविजेता, एकांकी में मांधाता विजेता व गौरा उपविजेता रही। 100 मीटर बालक में साबिर प्रथम, आरिफ द्वितीय, सागर तृतीय, बालिका में सुमन प्रथम, ज्योति द्वितीय, लाडली तृतीय रही। 200 मीटर बालक में शिवम प्रथम, आयन द्वितीय, बादल तृतीय, बालिका में अंतिम प्रथम, शालू द्वितीय, सिमरन तृतीय, ऊंची कूद में ज्योति प्रथम, अंतिम द्वितीय, काजल तृतीय, बालक में कार्तिक प्रथम, सूरज द्वितीय, शिव तृतीय, 600 मीटर बालिका मे उमा प्रथम, पूनम द्वितीय, काजल तृतीय, बालक में जैद प्रथम, पीयूष द्वितीय, आदित्य तृतीय रहे। कार्यक्रम आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया तथा मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम में क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव सदर, संजय सिंह कुंडा, अमित कुमार दुबे गौरा, जंगीलाल मौर्य सडवा चंद्रिका, संतोष कुमार वर्मा मंगरौरा, गुलाब चंद पट्टी, सुरेश सिंह लालगंज, सुरेश सरोज लक्ष्मणपुर, बंशी धर पांडेय बिहार, सूर्य नारायण सिंह कालाकांकर, आशीष कुमार मिश्रा बाबागंज, सुशील त्रिपाठी आसपुर देवसरा का अमूल्य सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रतियोगिता की सफल आयोजन हेतु जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील सिंह मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका राजेंद्र पांडेय, शैलेश सिंह, पवन सिंह, कौशलेंद्र सिंह, सुभाष मिश्र, खुर्शीद अली, राम सुख प्रजापति, कमलेश सिंह, आदित्य सिंह, संजीव शुक्ला, पंकज सिंह, मनोज भारती, शैलेन्द्र सिंह, श्रीमंत शुक्ल, धर्मेंद्र मिश्रा, संजय सिंह, विमल कुमार, कपिल देव, अजय कुमार रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद में 01 जनवरी तक निषेधाज्ञा लागू की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि सोमवार की सायंकाल नई दिल्ली में लालकिला के पास हुये ब्लास्ट एवं 24 नवम्बर को गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस, 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे तथा 01 जनवरी 2026 को नववर्ष का त्योहार मनाया जायेगा। इसी बीच विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षायें भी सम्भावित होगी। जिला मजिस्ट्रेट ने त्योहार पर विशेष सतर्कता बरते जाने व शांति व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित करने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में 01 जनवरी 2026 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नहीं कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, राइफल, एक नली बन्दूक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्युटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथा बैंक में लगे हुए सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके सहारे के रूप में लाठी या डंडा लेकर चलने की छूट रहेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डी0जे0, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। लाउडस्पीकर का प्रयोग सक्षम अधिकारी एवं संबन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसी आलोचना नहीं करेगा जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो या तोड़-मरोड़ कर कही गयी बातों पर आधारित हो एवं जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं देगा। मस्जिदों, गिरिजाघरों, मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी।

कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण व विघ्न रहित जिन्दगी अधिकार को ध्यान में रखते हुए व्यक्तियों के विचारों या कार्यों का विरोध करने के लिए उनके घरों के सामने धरना, प्रदर्शन आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे विभिन्न जातियों, धार्मिक व भाषायी समुदायों के बीच मतभेद बढ़े अथवा घृणा की भावना या तनाव पैदा हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था को भंग करने व लोगों को गुमराह करने वाले किसी भी प्रकार की अफवाह को प्रचारित व प्रसारित नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह किसी प्रकार की नारेबाजी, उत्तेजना फैलाने वाले या साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले प्रचार नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में किसी प्रकार के विस्तारक यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आई0टी0 गैजेट्स सहित इसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्र के आस-पास 01 किमी की परिधि में फोटो कापियर एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। समस्त कक्ष निरीक्षक/स्टॉफ अथवा परीक्षार्थी उक्त उपकरणों को लेकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करेंगे और उक्त परीक्षाओं के संबंध में शासन द्वारा निर्गत सभी निर्देशों का उल्लंघन सभी संबंधित द्वारा किसी भी दशा में नही किया जायेगा। कोई भी परीक्षार्थी बिना परीक्षा सम्पन्न हुए सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा और न ही उत्तर पुस्तिका बाहर ले जायेगा। परीक्षा की समाप्ति तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्न-पत्र को परीक्षा केन्द्र से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति, परीक्षार्थी परीक्षा स्थल की परिधि में किसी भी प्रकार के शस्त्रादि लेकर प्रवेश नहीं करेगा।

# डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में 'सिंफोरिया 2025' का भव्य आयोजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



घाटमपुर/कानपुर। डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव 'सिंफोरिया 2025' का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन एवं सीईओ एनयूपीपीएल एस. दुरई कुमार थे। इस अवसर पर एलएमसी सदस्य, सीएफओ एनयूपीपीएल अशोक कुमार माली ,एलएमसी सदस्य डीजीएम एचआर एनयूपीपीएल कौशिक भर एवं अन्य न्यायिक प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका गौर ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए वार्षिकोत्सव के सफलतापूर्वक आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत 'डीएवी गान', दीप प्रज्ज्वलन और आशीर्वाचनम् के साथ हुई, जिसने पूरे वातावरण को मनमोहक एवं सकारात्मक बना दिया। 'सिंफोरिया 2025' के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें 'स्वरांगण-द रिदमिक ऑफ सिक्सटीन', 'सोलफुल डिलाइट-द जॉयफुल रिसेप्शन', 'प्रज्ञान-वेद वैभव' और 'इंकस्पायर-इंग्रेविंग हार्ट्स विद रिटेन टेल्स' प्रमुख रहे।इसके पश्चात् प्रधानाचार्या ने विद्यालय की उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं और विद्यार्थियों की प्रगति की चर्चा की। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स, हाउस ट्रॉफी और कक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों के उत्साह, कला और अनुशासन की सराहना की तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। अंत में राष्ट्रगान और शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। सिंफोरिया 2025 ने यह सिद्ध किया कि डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शिक्षण, संस्कृति, कला और अनुशासन - सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट हैं।

# कानपुर के बाकरगंज बाजार में लगी आग पर सपा ने दुःख प्रकट किया

**●400 दुकानें जलकर राख 15 करोड रुपए का नुकसान**

**सरकार की ओर से राहत नहीं दुकानदार परिवारों की स्थिति भयावाह होकर खराब**

**सपा सर्वेक्षण कर पूरी रिपोर्ट प्रशासन व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सौंपेगी- हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में एक प्रतिनिध मंडल ने आज दिनांक 12:11:2025 को 216 कैंट विधानसभा के अंतर्गत बाकरगंज बाजार में लगी भीषण आग से लगभग 400 दुकानें जलकर राख हो गई है इस भीषण अग्निकांड में लगभग 15 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है प्रतिनिधिमंडल ने बाकरगंज बाजार पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया इस भीषण आग में छोटे दुकानदार पूरी तरह से बर्बाद और तबाह हो गए हैं उनके सामने रोजी-रोटी की विकराल समस्या खड़ी हो गई है। परंतु इस भीषण आग की घटना होने के बाद अभी तक कानपुर शहर का एक भी प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा और ना ही घटना की कोई जानकारी ली आग से पीड़ितों को सरकार ने अनाथ छोड़ दिया है इनकी कोई शुद्ध लेने वाला प्रशासन अधिकारी नहीं है प्रतिनिधिमंडल में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष दीपक खोटे यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष शादाब आलम सैयद जुनैद नगर सचिव आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नदी में उतराता हुआ मिला अधेड़ व्यक्ति का शव



सिद्धार्थनगर । लोटन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़हरा के छठ घाट (घोंघी नदी) पर ग्रामीणों द्वारा बुधवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव पानी में उतराता हुआ देखा गया। जिसकी पहचान मुरारी (48 ) पुत्र संतराम के रूप में हुई।इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, मृतक 11 नवंबर 2025 को दो दोपहर घर से भैंस चराने के लिए निकला था। वापस नहीं लौटा लापता होने की कोई औपचारिक सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक प्रतिदिन भैंस चराने जाता था और भैंस को नहलाता था पैर फिसल जाने से गहरे पानी में गिरकर डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई हो। इस संबंध में थानाध्यक्ष डीके सरोज ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।पुलिस मामले की छानवीन कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में छात्रा मन्नत शुक्ला को मिला अवार्ड



घाटमपुर, कानपुर। तहसील घाटमपुर में स्थित निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड अंतर्गत टाउनशिप में स्थित डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में आज एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित कक्षा पांचवीं की छात्रा मन्नत शुक्ला नातिन कमलेश शुक्ला पत्रकार को चार वर्षों से एक्सीलेंट अवार्ड से लगातार सम्मानित किया जा रहा है, आने वाला प्रत्येक नया दिन आपके जीवन में अनेकानेक सफलताएं एवं अपार खुशियां लेकर आए,इस अवसर पर डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल घाटमपुर की प्रधानाचार्या प्रियंका गौर एवं शिक्षक गण, और निवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड के कार्यकारी अधिकारी/सीईओ/ एवं स्कूल चेयरमैन दुरई कुमार, आदि अधिकारी गणों ने मन्नत शुक्ला के लिए ईश्वर से प्रार्थना कि,वैभव ऐश्वर्य, उन्नति, आदर्श, स्वास्थ्य प्रसिद्धि और समृद्धि के साथ आपको जीवन पथ पर गतिमान रखें, एनयूपीपीएल के समस्त स्टाफ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कारीगरों व लाइट के कारीगरों का हनुमान मंदिर समिति ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में ऑपरेशन सिंदूर पर बने पंडाल और लाइट लगाने वाले कारीगरों को अंग वस्त्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां का पंडाल ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर बनाया गया था और विद्युत लाइटों से पंडाल में चार-चांद लगाने वाले अर्जुन लाइट व पंडाल के कारीगर देवी प्रसाद के साथ उनकी पूरी टीम को रामलीला समिति के संयोजक दिनेश प्रताप सिंह 'दिन्नू' व मंदिर समिति की व्यवस्थापक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सम्मानित व पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा की 1997 से मां की प्रतिमा स्थापित कर भव्य पंडाल भक्तों द्वारा सजाया जाता है? इस बार भी ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर भव्य पंडाल बनाया गया था। आस्था के ओवर ब्रिज पर भक्त चलकर माता वैष्णो देवी की गुफा में ठंडे-ठंडे पानी से होकर गुफा में सबसे पहले श्री गणेश भगवान फिर हनुमान जी महाराज के बाद रामेश्वरम की मोती से बनी मां की प्रतिमा का भक्तगण दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण कर रहे थे। इस पंडाल के अध्यक्ष श्री हनुमान जी महाराज व संरक्षक भगवान भोले नाथ, अध्यक्ष हनुमान जी महाराज, शंकर माता पार्वती जी स्वयं विराजमान होकर पंडाल में सभी भक्तों को आशीर्वाद दे रही थी। ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर पंडाल को देखने भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। सभी कारीगरों को अंगवस्त्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजवीर, सचिन, विजय, शनि महाराज, धर्मेंद्र चौरसिया, सोनू महाराज, अमन गुप्ता, राकेश कुमार, आदर्श कुमार, विवेक यादव, सिद्धार्थ आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# उर्वरक वितरण में पारदर्शिता एवं सुगमता हेतु जिला प्रशासन कर रहा सतत निगरानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि जिले में किसानों को उर्वरकों की समय पर और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं समीक्षा की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक की टीम द्वारा जिले के विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इन निरीक्षणों का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध हो सके। जिसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी एवं तैनात उर्वरक निरीक्षकों द्वारा अभी कुल 140 नमूने ग्रहीत किये गये है, 60 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है, 37 विक्रेताओं के लाइसेन्स निलम्बित किये गये, 13 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेन्स निरस्त किये गये तथा 1 उर्वरक विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

उन्होने बताया है कि जनपद में 12 नवम्बर तक उर्वरकों में यूरिया 15730 मीट्रिक टन, डीएपी 4317 मीट्रिक टन व एनपीके 5864 मीट्रिक टन की उपलब्धता है। उन्होने सभी लाइसेन्स धारी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे कृषकों को उनकी जोत/भूमि (खतौनी विवरण) के आधार पर उर्वरक उपलब्ध करावें। उर्वरकों की बिक्री/वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवर रेटिंग कालाबाजारी तथा तस्करी करते हुए जो भी विक्रेता पाया जाएगा के विरुद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। जनपद के सभी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-बी) एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विकास खंडों में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की निगरानी सतत रूप से करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होने बताया है कि जनपद के कृषक गण किसी भी प्रकार के अनियमितता यथा उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर करने अथवा यूरिया व अन्य उर्वरकों के साथ जबरजस्ती अन्य उत्पादों की टैगिंग दुकानदार द्वारा की जाने की स्थिति में इसकी लिखित सूचना जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा दूरभाष नम्बर-7839882339 एवं 9793096573 पर दर्ज करा सकते है, जिससे संबन्धित विक्रेता के विरुद्ध दंडात्मक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर रूग्णता प्रबन्धन एवं दिव्यांगता रोकथाम हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। जनपद में मंगलवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के शास्त्री सभागार में फाइलेरिया जागरूकता अभियान के तहत रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद की अध्यक्षता में पाथ संस्था के स्टेट लेवल ऑफिसर डॉ सिद्धार्थ, डब्ल्यू एच ओ के जोनल आफिसर डॉ निशांत तथा डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर पाथ आलोक मास्टर ट्रेनर के रूप में लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण लेने वालों में समस्त विकास खंड के एचएस और बीसीपीएम उपस्थित रहे। कार्यशाला में समस्त अधीक्षकों को सूचित किया गया था, जिसमें सुखपालनगर, लक्ष्मणपुर, बेलखरनाथ, कुण्डा, पट्टी, कोहड़ौर, रानीगंज, सांगीपुर के चिकित्सा अधीक्षक अथवा उनके प्रतिनिधि मेडिकल अफसर सहित अर्बन न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मीरा भवन, जोगापुर एवं अजीत नगर के अधीक्षक उपस्थित रहे। समस्त प्रतिभागी को रुग्णता प्रबंधन हेतु प्रशिक्षित किया गया जिससे वे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर फ्रंटलाइन वर्कर आसा, एएनएम तथा सीएचओ को प्रशिक्षित कर सके जिससे ये सभी जिले में फाइलेरिया के रोगियों को जागरूक करके, उन्हें स्वयं अपनी देखभाल करने के लिए प्रेरित कर सके।

## क्राप कटिंग मशीनों एवं पराली जलाने वाले किसानों के विरूद्ध करें कार्यवाही-डीएम

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव अवस्थी ने बताया है कि सोमवार को तहसील पट्टी अन्तर्गत भ्रमण के दौरान ग्रामसभा उतरास में धान के कई खेतों में पराली जलाई जा रही थी तथा कई कम्बाइन मशीनों द्वारा धान की फसल की कटाई की जा रही थी जो बिना एसएमएस के चल रही थी। कम्बाइन मशीनों द्वारा धान की फसल के ऊपरी हिस्से को काटकर शेष अंश छोड़ दिया जाता है जिसे किसानों द्वारा जला करा समाप्त किया जाता है जिससे पर्यावरण में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी तहसील क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर बिना एसएमएस के संचालित क्राप कटिंग मशीनों एवं पराली जलाने वाले किसानों के विरूद्ध शासनादेश के अनुसार कार्यवाही करते हुये अवगत करायें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये।

# जनपद में पहली बार लेखा पर्ची देने की हुई शुरुआत, शिक्षकों में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सिद्धार्थनगर। जनपद में पहली बार किसी वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा पुराने शिक्षकों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की कटौती से जमा धनराशि की जानकारी के लिए लेखा पर्ची बनाकर वितरित की गई, लेखा पर्ची पाकर शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा वर्षों से पुराने शिक्षकों के जीपीएफ कटौती से उनके जीपीएफ खाते में जमा धनराशि की जानकारी के लिए नियमानुसार लेखा पर्ची और जीपीएफ पासबुक बनाकर शिक्षकों को उपलब्ध कराए जाने की मांग की जा रही थी। जनपद में पहली बार किसी वित्त एवं लेखा अधिकारी ने इस मांग को गंभीरता से समाधान करने का प्रयास किया जिसके तहत सबसे पहले जीपीएफ से लोन लेने वाले शिक्षकों के लेज़र में सभी कटौती को सही अंकित कर जीपीएफ का लोन देने की शुरुआत हुई, साथ ही जीपीएफ में जमा धनराशि की जानकारी के लिए लेखा पर्ची भी बनाकर उपलब्ध कराई गई। लेखा पर्ची को वितरित करते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने कहा कि जो भी अध्यापक जीपीएफ से लोन ले रहे हैं पहले उनके सारे जीपीएफ कटौती को ब्याज सहित लेजर में दर्ज किया जाता है तब उनके संपूर्ण जमा धनराशि के सापेक्ष उनके मांग के अनुसार उन्हें जीपीएफ से लोन दिया जाता है, और उनकी संतुष्टि के लिए एक लेखा पर्ची भी बनाकर उन्हें उपलब्ध कराई जाती है। इसके पहले अनुमानित जमा धनराशि को अंकित कर जीपीएफ का भुगतान किया जाता रहे।

अभिनय कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 31 मार्च को सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षको के जीपीएफ का हिसाब करके उनके जीपीएफ का सही-सही भुगतान किया जाएगा, उसके बाद सभी पुराने शिक्षकों को युद्ध स्तर पर जीपीएफ का पासबुक और लेखा पर्ची बनाकर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में गत तीन वर्षों से करीब दो हजार शिक्षकों के अवशेष देयकों के भुगतान का मामला लम्बित है, एनपीएस की कटौती न होने और कटौती खाते में प्रदर्शित न होने की भी बहुत सारी शिकायतें हैं, सबका निस्तारण किया जा रहा है। मार्च के बाद सभी शिक्षकों के जीपीएफ पासबुक और लेखा पर्ची बनाकर सबको उपलब्ध करा दिया जायेगा। फिर जीपीएफ का कोई समस्या नहीं रह जाएगा। वित्त एवं लेखाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र और महामंत्री कलीमुल्लाह ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार कन्नौजिया, दिलीप कुमार चौधरी, शत्रुंजय मिश्र, राम विलास चौधरी को लेखा पर्ची वितरित कर जिले में जो शुरुआत की है, उससे सभी पुराने शिक्षकों में लेज़र में सही-सही सभी कटौतियों के दर्ज होने की उम्मीद बढ़ गई है। लेखा पर्ची पाने वाले शिक्षक पदाधिकारियों ने वित्त एवं लेखाधिकारी के इस कार्यों की सराहना की।

# ग्राम पंचायत भगवानपुर में अशोक स्तंभ का हुआ उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





सिद्धार्थनगर। जिले के ब्लाक बर्डपुर के ग्राम पंचायत भगवानपुर के सड्डा तिराहे के पास बुधवार को अशोक स्तंभ का विधायक श्याम धनी राही द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया । इसे राष्ट्रधर्म और एकता का प्रतीक बताया। इस मौके पर बीडीओ ओम प्रकाश सिंह यादव ने कहा कि यहां पर स्थापित अशोक स्तंभ आमजनों को राष्ट्र धर्म एवं राष्ट्रीय एकता, अखंडता को मजबूत बनाने का अनवरत संदेश देता रहेगा। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेश्वर पाण्डेय, ग्राम प्रधान संघ बर्डपुर ब्लाक इकाई के अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, पूर्व प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि बैतुल्लाह, पूर्व प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार चौरसिया , रोजगार सेवक महेंद्र प्रसाद एवं भारी संख्या में ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## आज 13 नवंबर को नगर से निकलेगी विशाल एकता पदयात्रा

**लालगंज (रायबरेली)।** भारतीय जनता पार्टी सरेनी विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को विशाल एकता पदयात्रा निकालेगी। यह पदयात्रा बेहटा चौराहे से शुरू होकर बेहटा कला ग्रामसभा में होने वाली जनसभा के साथ संपन्न होगी। नगर के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में निवर्तमान विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने जानकारी दी कि पदयात्रा बृहस्पतिवार को दोपहर 11 बजे से प्रारंभ होगी। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह भी शामिल होंगे। श्री सिंह ने बताया कि सरेनी विधानसभा क्षेत्र की यह पदयात्रा ऐतिहासिक होगी। इसमें लालगंज, सरेनी, डलमऊ, गेगासों और बेनीमाधव गंज मंडल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, किसान, व्यापारी, युवा, महिला शक्ति और समाज के हर वर्ग के लोग हजारों की संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा की तैयारी के लिए गांव गांव और बूथ स्तर तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। लोगों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया था। भाजपा उनकी इसी भावना को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरेनी क्षेत्र की जनता जातिवाद और भेदभाव फैलाने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने जनता से बड़ी संख्या में एकता यात्रा में शामिल होने की अपील की। प्रेसवार्ता के दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, वरिष्ठ नेता चंद्रप्रकाश पांडेय, राजेश निर्मल, महेश सोनी, चंद्रशेखर सिंह, आयुष, धर्मेंद्र, विशाल, रामू प्रमोद सिंह राजगढ़ प्रदीप लोधी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फर्जी दस्तावेज से खरीदी गई 'रेड कार'! सीलमपुर में पड़े छापे; फरीदाबाद में मिली 'ईको स्पोर्ट'



**नई दिल्ली।** लाल किला धमाका मामले में जांच तेज करते हुए दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नई सीलमपुर इलाके में एक पते पर छापेमारी की। यह कार्रवाई लाल रंग की फोर्ड ईको स्पोर्ट कार से जुड़े सुरागों के आधार पर की गई। माना जा रहा है ये लाल ईको स्पोर्ट कार दिल्ली धमाकों से जुड़ी है। सामने आ रहा है कि धमाके को अंजाम देने में एक नहीं दो कार इस्तेमाल हुई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कार के रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड में सीलमपुर का पता दर्ज था। वाहन का पंजीकरण डॉ. उमर उन नबी के नाम पर मिला है, लेकिन जांच में शक है कि गाड़ी खरीदने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार की स्वामित्व से जुड़ी जानकारी और दस्तावेज की जांच की। मौके पर मौजूद इमाम मोहम्मद तसव्वुर, जो उसी पते पर एक मदरसा चलाते हैं, ने बताया कि पुलिस ने मुझसे पूछताछ की और मेरा फोन भी जांच के लिए अपने साथ ले गई है। हमने हमेशा कानून का पालन किया है और जांच में पूरा सहयोग दे रहे हैं। पुलिस को दोषियों तक पहुंचना चाहिए। वहीं, पड़ोसी दिलशाद सैफी ने घटना को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा कियह बहुत तकलीफदेह है। ऐसे हादसे नहीं होने चाहिए। जो लोग इसके पीछे हैं, उन्हें सख्त सजा मिलनी चाहिए। दिल्ली पुलिस ने पहले ही राजधानी के सभी थानों, चौकियों और बॉर्डर चेक प्वॉइंट्स पर अलर्ट जारी कर दिया था ताकि संदिग्ध लाल फोर्ड ईको स्पोर्ट को खोजा जा सके। जांच में सामने आया है कि धमाके में इस्तेमाल की गई हुंडई I20 के साथ-साथ आरोपी लाल ईको स्पोर्ट कार का भी इस्तेमाल रेकी के लिए कर रहे थे। एक अन्य सूत्र के अनुसार, ' यह कार अब फरीदाबाद में खड़ी मिली है। दिल्ली ब्लास्ट के मामले में संदिग्ध इको स्पोर्ट्स छ्रु10 CK 0458 लाल रंग की कार फरीदाबाद पुलिस ने राउंड अप किया है, जो खंदावली गांव के पास खड़ी मिली है।' फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वाहन के कागजात कैसे और किनके माध्यम से तैयार किए गए।

## उप्र: भदोही में लापता बच्ची का शव तालाब में मिला

उत्तर प्रदेश के भदोही जिले मेंज्ञानपुर थाना क्षेत्र के डभका गांव की दलित बस्ती में मंगलवार शाम घर के बाहर खेलते समय लापता हुई डेढ़ साल की एक बच्ची का शव बुधवार को एक तालाब में पाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बताया कि सुनील गौतम की बेटी गौरी (18 माह) कल शाम को करीब पांच बजे घर के बाहर खेल रही थी और अचानक लापता हो गई। खोजबीन के बाद बच्ची नहीं मिलने पर उसके पिता ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर रातभर खोजने के क्रम में बुधवार को लापता बच्ची के घर से 20 मीटर दूर तालाब में गौरी का शव मिला है जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अग्रवाल ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा लगता है कि खेलते खेलते बच्ची वहां पहुंची होगी और डूब गई होगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा महत्वपूर्ण सिंघला नदी के आरसीसी ब्रिज का काम आज तक अधूरा है

**● इसके काम को लेकर विभागीय अधिकारियों में उदासीनता**

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हिमन्त विश्व शर्मा का ध्यान आकर्षित।**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि संवाददाता:** असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा सिंघला नदी के आरसीसी ब्रिज के धीमी गति से चल रहे कार्य को लेकर स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित अभिभावक वर्ग के लोग परेशान हैं। यह बराक घाटी का एकमात्र ब्रिज है, जिसका अनुमानित समय सीमा लगभग 1 वर्ष से अधिक हो गया। विभागीय अधिकारी और आवंटित ठेकेदार की उदासीनता के कारण इसे आज तक अधूरा रखा गया है। बावजूद इसके राजनीतिक नेता मौन भूमिका निभा रहे हैं, जिससे प्रभावित लोग दुख व्यक्त करते हैं। वे यह भी कहते हैं कि उक्त सड़क पर निर्भर निविया-चेराग़ी-रंगपुर सहित दुल्लभछड़ा इलाके के सैकड़ों गांवों के छात्र और सामान्य नागरिक हैं। लेकिन लंबे समय से आरसीसी ब्रिज का काम पूरा न होने के कारण, सबवे होकर आने-जाने में 30 से 50 मिनट तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। इसको लेकर अक्सर नागरिकों और वाहन चालकों के बीच मतभेद हो जाता है। हालांकि, रात के समय पुलिस प्रशासन की ओर से यातायात नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। काम की प्रगति के मामले में बजट प्राप्त ठेकेदार या विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण 3-4 कर्मचारियों के माध्यम से काम करवाने से कोई प्रगति नहीं हो रही है। इस ब्रिज के काम के नाम पर क्या चल रहा है लोगों को भी पता नहीं चल रहा है। वे कहते हैं कि निर्दोष जनता के आक्रोश को दबाना मूर्खता है। इस पर तत्काल सख्त कदम उठाने के लिए लोकप्रिय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, स्थानीय विधायक विजय मालाकार का ध्यान आकर्षित किया गया है। ताकि जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो सके और लोग कठिनाई का सामना न करें इस पुल को लेकर।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल




भदोही। ज्ञानपुर क्षेत्र के असनांव बाजार के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए भदोही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मृतका प्रेमा देवी (60 वर्ष) अपने पति विश्राम मौर्य, निवासी दुबर, लालगंज (मिर्जापुर) के साथ अपने भाई अवधेश मौर्य, निवासी देवनाथपुर कटेबना (ज्ञानपुर) के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान असनांव बाजार के पास तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में प्रेमा देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति विश्राम मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर ज्ञानपुर पुलिस मौके पर पहुँची और घायल को अस्पताल भिजवाया। ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है तथा वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना के संबंध में परिजनों द्वारा ज्ञानपुर कोतवाली में तहरीर दी गई है। परिजनों के अनुसार, मृतका के दो बेटे और नौ बेटियाँ हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

# इंडो-नेपाल सीमा पर बलरामपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने किया सघन गश्त, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु बलरामपुर पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार सघन पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना कोतवाली गैसड़ी प्रभारी दुर्विजय सिंह के नेतृत्व में एसएसबी की संयुक्त टीम ने रजड़ेरवा इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में गश्त करते हुए सीमा से सटे सभी चेकपोस्टों का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां तैनात पुलिस व एसएसबी कर्मियों के साथ मिलकर सीमा पार आने-जाने वाले व्यक्तियों, वाहनों व मालवाहक साधनों की गहन जांच की गई। संयुक्त टीम ने सीमावर्ती गांवों में भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उन्हें सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस अथवा एसएसबी को देने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आगामी त्योहारों और स्थानीय आयोजनों को देखते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। किसी भी प्रकार की अवैध तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव या गौ तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल बॉर्डर के प्रमुख मार्गों पर स्थित सभी चेकपोस्टों पर वाहनों और व्यक्तियों की सघन चेकिंग की तथा नेपाल पुलिस व पीएसी के साथ समन्वय स्थापित कर सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्क निगरानी बढ़ा दी है।

संयुक्त अभियान का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में आपराधिक व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना, मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर रोक लगाना और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। इस पहल के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अवैध कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# राठ में खाद माफियाओं का आतंक- किसान बेहाल, प्रशासन मौन





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर।** लंबी बरसात के बाद किसानों को मुश्किल से बुवाई का मौका मिला है, लेकिन बुवाई के लिए किसान इन दिनों खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं।समूचे जनपद में डीएपी खाद की किल्लत के चलते किसान सहकारी समितियों जे चक्कर काट रहे हैं जबकि खाद माफियाओं की मनमानी साफ देखी जा सकती है।

राठ कस्बे में इन दिनों खाद माफियाओं का बोलबाला है। प्राइवेट दुकानदारों की मनमानी से किसान खुलेआम शोषण का शिकार हो रहे हैं। डीएपी 1750 और यूरिया ?380 प्रति बोरी में बेची जा रही है, जबकि इनकी सरकारी दरें क्रमशः 1360 और ?270 तय हैं। जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही और मौन के चलते माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। किसान मजबूरी में महंगे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं। फसल बोने के इस अहम मौसम में खाद की किल्लत और महंगे दामों ने किसानों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं।

किसानों ने प्रशासन से तात्कालिक छापेमारी और कड़ी कार्यवाही की मांग की है, ताकि माफियाओं की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। सोशल मीडिया पर महंगी खाद बेचते दुकानदारों का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर बम विस्फोट की धमकी से मचा हड़कंप, इंडिगो पोर्टल पर भेजा गया खौफनाक मेल

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल-3 पर बम की धमकी का ईमेल मिलने से सनसनी मच गई। जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत अलर्ट जारी कर टर्मिनल पर सघन जांच शुरू की। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन घंटों की तलाशी के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बाद में फायर विभाग ने पुष्टि की कि यह धमकी झूठी थी। इस संबंध में डीएफएस की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर बम की धमकी मिलने की सूचना के बाद तुरंत सुरक्षा जांच शुरू की गई। बाद में फायर विभाग ने पुष्टि की कि यह धमकी झूठी थी। वहीं, इस बारे में दिल्ली पुलिस ने बताया कि धमकी वाला ईमेल इंडिगो की शिकायत पोर्टल पर प्राप्त हुआ था, जिसमें दिल्ली, चेन्नई और गोवा के एयरपोर्ट्स का उल्लेख किया गया था। सभी स्थानों पर एहतियाती जांच की गई।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में विधायक विजयसिंह मालाकार ने हाथों से उचित मूल्यों पर सामग्री वितरण की शुरुआत की

**● त्योहार जैसा माहौल था और महिलाएं सरकार की इस योजना से प्रसन्न नजर आईं।**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि:** मुफ्त चावल के बाद वर्तमान भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में राशन कार्डधारक ग्राहकों को और अधिक लाभ देने के लिए कार्डधारकों में दाल 69 रुपये, चीनी 38 रुपये और नमक 10 रुपये प्रति किलो के हिसाब से वितरित करने का लक्ष्य रखकर गत 10 नवंबर (सोमवार) को राज्य के अनुसार रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा सहकारी के उचित मूल्य दुकान के दुकानदार अजीत के घर पर सामग्री वितरण की शुरुआत की। विधायक विजय मालाकार ने कहा कि भाजपा सरकार से पहले की सरकार केवल आशा और वादों का गुलदस्ता दे कर लोगों को मूर्ख बनाती थी। लेकिन उसमें भी कुछ आदान-प्रदान की प्रक्रिया थी। वर्तमान सरकार इसे अलग तरीके से लागू कर रही है। किसी चीज मांगने से पहले महिला, पुरुष, छात्र-छात्रा, विधवा, वृद्ध, विकलांग आदि को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर प्रदान किया जा रहा है। हालांकि रामकृष्णनगर विधान सभा में 2 लाख 22 हजार में से 34 हजार महिलाएँ अरुणोद्वार की सुविधा पा रही हैं, जिसे धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा।

ह्य दूसरी ओर, अगले जनवरी महीने से न्याय मूल्यों की दुकानों में मसूर की दाल - 60 रुपये, चीनी - 30 रुपये, नमक - 10 रुपये प्रति किलो की दर से दी जाएगी मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया। इसके अलावा, रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की सूची में शामिल तेल भी सुलभ मूल्य पर दुकानों में उपलब्ध कराने की योजना जारी है। दूसरी ओर, ग्राहक बताते हैं कि वर्तमान लोकप्रिय प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और विधायक विजय मालाकार के जनकल्याणकारी कदमों के तहत वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मुफ्त में प्राप्त कर रहे हैं। इसलिए आने वाले चुनाव में वे भाजपा की ओर से काम करके विधायक विजय मालाकार को विजयी बनायेंगे। कारण के रूप में वे बताते हैं कि उनके पूर्व के विधायक सामान्य नागरिकों को कोई महत्व नहीं देते थे। उस दिन सरकारी सामग्री वितरण में उपस्थित थे विधायक विजय मालाकार, जिला आपूर्ति निरीक्षक मुन पाल, दुल्लभछड़ा विकास खंड के अधिकारी दीप्त कांत चामुया, दुल्लभछड़ा सहकारी समिति के सचिव एवं समाजसेवी दीपन सिन्हा, दुल्लभछड़ा ग्राम पंचायत अध्यक्ष देव कुमार कुमी के साथ स्थानीय नागरिक और महिलाएं।

# इटरा मेले में दूसरे दिन भी भक्तो का रहा सैलाब

**● आयोजित दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर क्षेत्र के इटरा में चल रहे सुप्रसिद्ध बजरंगबली मंदिर के तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन भी भक्तों का भारी सैलाब उमड़ा रहा। सुबह से ही दर्शन पूजन के लिए लंबी कतारें लगने लगी। एवं दोपहर बाद से भारी दंगल का आयोजन किया गया जिसमें दूर-दूर से प्रसिद्ध पहलवानों का आवाहन हुआ था उन पहलवानों ने अपने दा 'व पेज के आंकड़े दिखाएं वहीं दूसरी तरफ भजन कीर्तन का कार्यक्रम जोरों पर रहा। इटरा से सुप्रसिद्ध बजरंगबली मंदिर की ख्याति जिले के अलावा आसपास के सभी जनपदों में है। बजरंगबली की पताली मूर्ति के दर्शन के लिए यहां वर्ष पर्यंत लोग आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के बाद पड़ने वाले प्रथम मंगलवार को यहां विशाल मेला लगता है। तीन दिवसीय मेले के प्रथम दिन सुबह से लेकर देर रात तक दर्शन पूजन का सिलसिला चलता रहा।

दूसरे दिन बुधवार को विशाल दंगल का आयोजन हुआ है एवं रात्रि में विख्यात रामलीला का आयोजन भव्यता के साथ हुआ है आज बुधवार को भी धनुष भंग का का कार्यक्रम संपन्न होगा। गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ मेले का समापन होगा। मंगलवार को शुरू हुए मेले में बड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए गए थे। सोमवार को दिल्ली में हुई घटना के मद्देनजर रखकर मेले के चप्पे चप्पे में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस पूरे दिन मेले में भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे।

# स्कूल वाहन में लगी आग, ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**● 10 स्कूली बच्चों की जान बची, सिलेंडर लीकेज से लगी थी आग।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
मंडल ब्यूरो रमेश कुमार यादव

**गोंडा।** जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र के बनघुसरा गांव के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बच्चों को स्कूल से घर लेकर जा रहे एक स्कूल वाहन में अचानक आग लग गई। घटना गोंडा-अयोध्या मार्ग पर स्कूल से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर स्कूल छुट्टी होने के बाद वाहन में करीब 10 स्कूली बच्चे सवार थे। वाहन अभी कुछ ही दूरी तय कर पाया था कि उसमें रखे गैस सिलेंडर से लीकेज होने के कारण अचानक आग भड़क उठी। आग की लपटें उठते ही ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन रोक दिया और सभी बच्चों को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही पलों में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वजीरगंज पुलिस ने बताया कि हादसे में किसी भी बच्चे को कोई चोट नहीं आई है। ड्राइवर की त्वरित प्रतिक्रिया और स्थानीय लोगों की मदद से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सिलेंडर लीकेज को कारण बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि अगर उसने देर की होती तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

## मोहाली में हत्यारे को उम्रकैद की सजा, पत्नी से झगड़े में बन गया था क्रूर, पांच माह के बेटे को गला घोंटकर मार डाला था



**मोहाली।** पत्नी से झगड़े के बाद गुस्से में पांच महीने के बेटे को गला घोंटकर मारने वाले शख्स को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में अतिरिक्त 6 माह की कैद भुगतनी होगी। मामला 13 जून 2022 का है, जिसमें जीरकपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था। देहरादून निवासी अभिषेक शर्मा जीरकपुर की पेंटा होम्स सोसायटी में किराये के फ्लैट में रहता था। अभिषेक ने पत्नी निकिता से घरेलू विवाद के बाद पांच माह के बेटे का गला घोंट दिया था। उसने खुदकुशी की कोशिश में अपनी कलाई पर ब्लेड से वार किए थे। पुलिस ने मौके से खून से सनी चादर, चप्पल और इस्तेमाल किया गया ब्लेड बरामद किया था। कई वर्ष चली केस सुनवाई के बाद अब अदालत ने सजा पर फैसला सुनाया है।

# Russia में पकड़ा गया पाकिस्तान, दिल्ली धमाके से पहले पुतिन ने किसे दबोचा?

**● ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को अमेरिका, चीन, तुर्की और बांग्लादेश समेत कई मुस्लिम देशों का समर्थन मिला। जिसके बाद पाकिस्तान के हौसले और बुलंद हो गए।**

**इतने बुलंद कि पाकिस्तान ने भारत पर दोबारा हमला करने के साथ-साथ रूस में भी घुसपैठ की कोशिश कर दी। लेकिन भारत और रूस ने समय रहते पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दी हैं।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली** में लाल किले के पास हुए धमाके की जांच में अब साफ होता जा रहा है कि इस साजिश में पाकिस्तान का हाथ है। जितने आतंकी डॉक्टर पकड़े गए हैं उनके पाकिस्तान से लिंक पाए जाने का संकेत है। यानी पाकिस्तान भारत के खिलाफ एक बार फिर बड़ी साजिश करते पकड़ा गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को अमेरिका, चीन, तुर्की और बांग्लादेश समेत कई मुस्लिम देशों का समर्थन मिला। जिसके बाद पाकिस्तान के हौसले और बुलंद हो गए। इतने बुलंद कि पाकिस्तान ने भारत पर दोबारा हमला करने के साथ-साथ रूस में भी घुसपैठ की कोशिश कर दी। लेकिन भारत और रूस ने समय रहते पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दी हैं।

दरअसल पाकिस्तान इस कोशिश में था कि वो भारत पर पहलगाम से भी बड़ा हमला कर दे। पाकिस्तान जहर बनाने वाले और अमोनियम नाइट्रेट से बम बनाने वाले डॉक्टर्स के संपर्क में था। पाकिस्तान चाहता था कि पहले तो भारत में हमला हो जाए और इस हमले के बाद भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 भी ना कर पाए। इसीलिए भारत के पलटवार की ताकत को कम करने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने रूस में एक सीक्रेट ऑपरेशन चलाने की कोशिश की। इसीलिए भारत के पलटवार की ताकत को कम करने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने रूस में एक सीक्रेट ऑपरेशन चलाने की कोशिश की। इस ऑपरेशन का मकसद रूस के एयर डिफेंस सिस्टम स्400 की टेक्नोलॉजी को चुराना था। पाकिस्तान जानता है कि स्400 भारत के लिए एक बहुत बड़ी ताकत है। ऑपरेशन सिंदूर में स्400 भारत के लिए एक गेम चेंजर साबित हुआ था। पाकिस्तान को बर्बाद करने में स्400 ने बड़ी भूमिका निभाई थी। ऐसे में भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 में ऐसा ना कर पाए इसीलिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने स्400 का तोड़ निकालने की कोशिश शुरू कर दी।

# संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत, खेत में पड़ा मिला शव





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुरः-** जनपद के मुस्करा थानाक्षेत्र के इमलिया गांव में खेत पर बुधवार सुबह एक शव पड़ा मिला।सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

शव की इमिलिया गांव निवासी कुलदीप कुशवाहा(25 वर्ष) के रूप में शिनाख्त हुई।पुलिस ने आत्महत्या बताया तो वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक कुलदीप मंगलवार दोपहर बाद घर से निकल गया था और फिर नहीं लौटा। ढूंढते-ढूंढते जब परिजन अपने खेत पहुंचे तो कुलदीप मृत अवस्था में खेत में पड़ा मिला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस और फील्ड यूनिट ने घटना स्थल से साक्ष्य इकट्ठे किये। फील्ड यूनिट ने घटना स्थल से देशी शराब का क्वार्टर, डिस्पोजल ग्लास, नमकीन के पैकेट, गुटखा-बीड़ी सहित कुछ दावाएं भी बरामद की हैं।

पुलिस इंस्पेक्टर योगेश कुमार तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ,जिसकी रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।कहा हर बिंदु पर जांच की जा रही है ,परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

वहीं कुलदीप के रिशते के बहनोई रमेश कुशवाहा ने बताया कि दुलदीप की शादी तीन वर्ष पहले हुई थी, लेकिन शादी के छः महीने बाद ही पत्नी मायके चली गई थी और तब से वापस नहीं आई जिसके कोई संतान भी नहीं है।बताया इसी बात को लेकर वह खासा परेशान रहता था। मृतक अपनी मां के साथ रहता था और तीन बीघा खेत में सब्जी उगाकर और कपडों की फेरी लगाकर गुजारा करता था।

# मादक पदार्थ तस्कर को 10 साल की कैद

**सोनभद्र** जिले की एक अदालत ने मादक पदार्थ हेरोइन रखने के 15 साल पुराने एक मामले में आरोपी व्यक्ति को दोषी करार देते हुए मंगलवार को 10 साल कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। शासकीय अधिवक्ता शशांक शेखर मिश्रा ने बताया कि 31 मार्च 2010 को पुलिस ने गश्त के दौरान वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर विश्वामित्र राय नामक व्यक्ति को 300 ग्राम हेरोइन बरामद किये जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि गाजीपुर के भांवरकोल निवासी आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके उसके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस अधिनियम) आबिद शमीम ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद राय को दोषी पाया और उसे 10 साल कठोर कारावास तथा एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।